You Tube kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❒ वर्ष-14 ❒ अंक-350 ❒ शनिवार, 24 जनवरी 2026 ❒ नगर संस्करण ❒ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❒ मूल्य- ₹ 3.00 ❒ पृष्ठ-12

भारत की स्वतंत्रता में अनेक लोगों ने महत्वपूर्ण योगदान दिए हैं। उसमें नेताजी का योगदान सर्वाधिक अग्रणी और अविस्मरणीय है लेकिन उसे विस्मृत करने के अनेक कुत्सित प्रयास भारत के इतिहास में हुए हैं। सुधांशु त्रिवेदी



कनाडा और अमेरिका के रिश्तों में तल्खी 11

विकसित भारत के लक्ष्य में उत्तराखंड बनेगा मजबूत आधारः धामी 12

## संक्षेप

### जम्मू-कश्मीर के कठुआ में जैश का आतंकी ढेर

**कठुआ।** जम्मू-कश्मीर के कठुआ में शुक्रवार शाम सुरक्षाबलों ने पाकिस्तान के आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के आतंकी को मार गिराया। आईजीपी जम्मू ने आतंकी के मारे जाने की पुष्टि की है। सूत्रों के मुताबिक मारे गए आतंकी नाम उस्मान है। अभी आधिकारिक पुष्टि होना जारी है। सुरक्षाबलों की मुठभेड़ आतंकियों के ग्रुप से हुई है। बिलावर इलाके में अभी भी एनकाउंटर जारी है। पिछले हफ्ते सुरक्षाबलों की जॉइंट टीम ने बिलावर इलाके में आतंकियों के 3 ठिकानों का भंडाफोड़ किया था। मौके से कई चीजें बरामद की गईं थीं। इससे पहले 7 जनवरी और 13 जनवरी को भी बिलावर इलाके के ही कहोग और नजोत जंगलों में सुरक्षाबलों और आतंकियों की मुठभेड़ हुई थीं।

### चित्रकूट में अपहृत किशोर की हत्या का मुख्य आरोपी पुलिस मुठभेड़ में ढेर

**चित्रकूट।** उत्तर प्रदेश के चित्रकूट जिले में अपहरण के बाद एक किशोर की हत्या के मामले में पुलिस ने एक मुठभेड़ में मुख्य आरोपी अकरम उर्फ कल्लू को मार गिराया है जबकि दूसरा आरोपी इरफान घायल हो गया है। चित्रकूट के बरगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बरगढ़ कस्बे में एक व्यापारी के 14 वर्षीय बेटा आयुष रोज की तरह ट्यूशन पढ़ने के बाद दोस्तों के साथ खेलने गया था, लेकिन देर शाम तक घर नहीं लौटा। कुछ ही देर बाद परिजनों के पास फोन आया और फिरौती मांगी गई।जानकारी के मुताबिक, बदमाशों ने आयुष के अपहरण के बाद परिजनों से 40 लाख रुपये की फिरौती की मांग की थी। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस ने तत्काल जांच शुरू की और सीसीटीवी फुटेज तथा स्थानीय पूछताछ के जरिए सुराग जुटाने शुरू किए। जांच में सामने आया कि कस्बे में ही टीन बक्से की दुकान चलाने वाले इरफान और अकरम उर्फ कल्लू इस वारदात में शामिल हैं। पुलिस के मुताबिक अपहरण के बाद दोनों आरोपियों ने किशोर की हत्या कर दी। जब आयुष का शव बरामद हुआ तो पूरे क्षेत्र में आक्रोश फैल गया और लोगों की भीड़ ने घटना से आक्रोशित लोगों ने आयुष का शव रखकर प्रयागराज-चित्रकूट नेशनल हाईवे पर जाम लगा दिया, जिससे यातायात पूरी तरह ठप हो गया। हालात बिगड़ते देख एडिशनल एसपी समेत भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा और लोगों को समझाने का प्रयास किया गया। बाद में पुलिस ने स्थिति को नियंत्रण में लिया।
इसके बाद एसओजी समेत कई थानों की टीमों को सक्रिय कर आरोपियों की तलाश शुरू की गई। पुलिस का कहना है कि गिरफ्तारी के दौरान आरोपियों ने भागने का प्रयास किया और पुलिस पर फायरिंग की, जिसके जवाब में हुई कार्रवाई में अकरम उर्फ कल्लू को गोली लगी और उसकी मौत हो गई। वहीं इरफान के पैर में गोली लगी, उसे इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है।

# बसंत पंचमी पर आस्था का महासैलाब

## संगम में 3.56 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने लगाई पवित्र डुबकी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। बसंत पंचमी के पावन अवसर पर तीर्थराज प्रयाग स्थित पवित्र त्रिवेणी संगम तट पर आस्था, श्रद्धा और आध्यात्म का अद्भुत संगम देखने को मिला। माघ मेले के दौरान शुक्रवार को सुबह से ही श्रद्धालुओं का सैलाब संगम की ओर उमड़ पड़ा और सरकार के अनुसार 3.56 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के पावन संगम में स्नान कर पुण्य लाभ अर्जित किया। पूरे क्षेत्र में हर-हर गंगे और जय मां सरस्वती के उद्घोष गूंजते रहे, जिससे वातावरण भक्तिमय हो उठा।

बसंत पंचमी को ज्ञान, विद्या और चेतना की देवी मां सरस्वती की आराधना का पर्व माना जाता है, और इसी कारण इस दिन संगम स्नान का विशेष महत्व है। श्रद्धालुओं ने परंपरा के अनुसार पीले वस्त्र धारण कर स्नान-दान और पूजा-अर्चना की। संगम तट पर साधु-संतों, कल्पवासियों, श्रद्धालुओं और पर्यटकों का अपार जनसमूह उमड़ा रहा, जिससे पूरा मेला क्षेत्र मानो एक जीवंत आध्यात्मिक नगर में परिवर्तित हो गया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस अवसर पर कहा कि विद्या, विवेक और चेतना के उत्सव के इस शुभ दिन सनातन संस्कृति के दिव्य आलोक से आलोकित संगम तट पर 3.56 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं का पुण्य स्नान करना देश की आस्था और परंपरा की विराटता का प्रमाण है। उन्होंने पवित्र स्नान करने वाले पूज्य साधु-संतों, धर्माचार्यों, कल्पवास हेतु पधारे साधकों तथा देश-विदेश से आए श्रद्धालुओं का कोटिशः अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह विशाल जनसमागम सनातन संस्कृति की जीवंतता, आध्यात्मिक चेतना



❒ माघ मेला बना भक्ति, व्यवस्था और आध्यात्म का भव्य संगम

और जनआस्था की अपार शक्ति का प्रतीक है। उन्होंने इस भव्य आयोजन को सकुशल संपन्न कराने में सहयोग देने वाले अखाड़ों, स्थानीय प्रशासन, पुलिस प्रशासन, मेला प्रबंधन, स्वच्छता कर्मियों, स्वयंसेवी संगठनों, नाविकों और प्रदेश सरकार के विभिन्न विभागों के प्रति आभार प्रकट किया। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को इस सफल आयोजन के लिए बधाई देते हुए कहा कि सरकार श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और स्वच्छता को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है और भविष्य में भी ऐसे धार्मिक आयोजनों को बेहतर व्यवस्थाओं के साथ संपन्न कराया जाएगा। मेला प्रशासन के अनुसार बसंत पंचमी स्नान को लेकर सुरक्षा और व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए गए थे। पूरे मेला क्षेत्र में निगरानी के लिए सैकड़ों सीसीटीवी कैमरे सक्रिय रहे, जबकि कंट्रोल रूम से भीड़ के आवागमन पर लगातार नजर रखी गई। प्रमुख घाटों, मार्गों, पार्किंग स्थलों और सार्वजनिक स्थलों पर पुलिस एवं अर्धसैनिक बलों की तैनाती की गई थी, जिससे स्नान पर्व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सका। यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए विशेष रूट डायवर्जन और पार्किंग व्यवस्था लागू की गई थी। स्वच्छता को लेकर भी प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया। बड़ी संख्या में सफाईकर्मी तैनात किए गए थे, जो घाटों और मेला क्षेत्र की निरंतर सफाई करते रहे। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए अस्थायी शौचालय, पेयजल, चिकित्सा शिविर, खोया-पाया केंद्र और विश्राम स्थलों की व्यवस्था की गई थी। बुजुर्गों और दिव्यांग श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष वाहन व्यवस्था भी उपलब्ध कराई गई। बसंत पंचमी के अवसर पर संगम तट पर धार्मिक अनुष्ठान, भजन-कीर्तन और सरस्वती पूजा के आयोजन भी हुए। अनेक साधु-संतों और धार्मिक संगठनों ने यज्ञ, सत्संग और प्रवचन कार्यक्रम आयोजित किए, जिनमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कल्पवासियों के शिविरों में विशेष पूजा-अर्चना का क्रम चलता रहा। मान्यता है कि इस दिन संगम स्नान करने से पापों का क्षय होता है, ज्ञान की प्राप्ति होती है और आध्यात्मिक शुद्धि मिलती है। श्रद्धालुओं का कहना था कि संगम स्नान उनके लिए केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि आत्मिक शांति और नवचेतना का स्रोत है। कई श्रद्धालु परिवार सहित दूर-दराज राज्यों से पहुंचे थे, जबकि विदेशों से आए श्रद्धालुओं ने भी इस अद्वितीय आध्यात्मिक वातावरण की सराहना की। संगम तट पर उमड़ी यह अपार भीड़ भारत की सांस्कृतिक एकता और आध्यात्मिक परंपरा की झलक प्रस्तुत करती नजर आई। कुल मिलाकर, बसंत पंचमी पर ● शेष पेज 11 पर

### अविमुक्तेश्वरानंद की तबीयत बिगड़ी, गौ प्रतिष्ठा यात्रा स्थगित

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में माघ मेले में शिविर के बाहर बैठे स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद की तबीयत बिगड़ गई है। वह 18 जनवरी से ही शाम पांच बजे से अपने शिविर के बाहर धरने पर बैठे हुए हैं। आज सुबह बुखार आने के बाद वो अपने वैनिटी वैन में सुबह 10 बजे चले गए थे,लेकिन दोपहर दो बजे वैनिटी वैन से उतर कर फिर शिविर के सामने पालकी पर बैठ गए हैं। हालांकि स्वामी अविमुक्तेश्वरा नंद ने अभी तक कोई चिकित्सकीय परामर्श नहीं लिया है। मौनी अमावस्या को पुलिस से विवाद के बाद से संत शिविर के बाहर टेक लिए हुए हैं। मेला प्रशासन से ससम्मान स्नान कराने की मांग कर रहे हैं और आज बसंत पंचमी के पर्व की भीड़ और स्वास्थ्य को देखते हुए उन्होंने गौ प्रतिष्ठा प्रेरणा यात्रा भी नहीं निकाली।

## प्रदेशव्यापी ब्लैकआउट मॉक ड्रिल

# 2 मिनट अंधेरे में परखी गई आपदा प्रतिक्रिया व्यवस्था



कैनविज टाइम्स ब्यूरो

❒ सीएम योगी ने पुलिस लाइन पहुंचकर लिया जायजा

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में शुक्रवार शाम ठीक 6 बजे दो मिनट के लिए प्रदेशव्यापी ब्लैकआउट किया गया। अचानक हुई इस बिजली कटौती से कुछ देर के लिए पूरे प्रदेश में अंधेरा छा गया। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार यह कोई तकनीकी खराबी नहीं, बल्कि आपात स्थितियों से निपटने की तैयारियों को परखने के लिए आयोजित एक मॉक ड्रिल थी।

इस अभ्यास का उद्देश्य किसी भी संभावित आपदा या असाधारण परिस्थिति के दौरान त्वरित प्रतिक्रिया, समन्वय और राहत कार्यों की क्षमता का परीक्षण करना था। ब्लैकआउट के दौरान बिजली आपूर्ति दो मिनट के लिए पूरी तरह बंद रखी गई, जिससे आपातकालीन व्यवस्थ

राजधानी लखनऊ स्थित पुलिस लाइन में इस मॉक ड्रिल का विशेष प्रदर्शन किया गया, जहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्वयं तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे। इस दौरान विभिन्न आपातकालीन परिदृश्यों का वास्तविक अभ्यास किया गया। ड्रिल में यह दर्शाया गया कि किसी काल्पनिक हमले या आपदा की स्थिति में किस प्रकार अफरा-तफरी का माहौल बन सकता है और ऐसे समय में सुरक्षा एजेंसियां किस तरह त्वरित कार्रवाई करती हैं। अभ्यास के दौरान हवाई हमले जैसी स्थिति का सिमुलेशन किया गया। ड्रोन के माध्यम से हमले की आशंका, घरों में आग लगने, लोगों के घायल होने और भगदड़ जैसे दृश्य तैयार किए गए। पूरे क्षेत्र में सायरन की आवाज गूंजती रही, ● शेष पेज 11 पर

# केजीएमयू में मजारों को हटाने का नोटिस चस्पा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। राजधानी लखनऊ स्थित किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय प्रशासन ने शुक्रवार को परिसर स्थित सभी मजारों पर नोटिस चस्पा किया है। नोटिस में 15 दिनों में मजार हटाने के लिए कहा गया है। इसके बाद केजीएमयू प्रशासन अपने स्तर से इन पर निर्णय लेगा। धर्मांतरण मामले के तूल पकड़ने के बाद यह कड़ा कदम उठाया गया है। केजीएमयू प्रशासन ने पिछले साल मजार के पास अवैध निर्माण को खाली कराकर ढहा दिया था।

केजीएमयू के नोडल अधिकारी भूमि अतिक्रमण प्रो. केके सिंह के स्तर से जारी नोटिस में कहा गया है कि केजीएमयू एक प्रतिष्ठित शैक्षणिक एवं चिकित्सीय संस्थान है। जिसकी भूमि का उपयोग केवल शैक्षणिक, चिकित्सीय और प्रशासनिक कार्यों के लिए किया जाना विधिसम्मत है। विश्वविद्यालय की भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा अथवा निर्माण न केवल



नियम विरुद्ध है, बल्कि सार्वजनिक संपत्ति पर अतिक्रमण की श्रेणी में आता है।

विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार, इस अवैध मजार/निर्माण के कारण परिसर में अनावश्यक भीड़, आवागमन में बाधा, शांति व्यवस्था में खतरा, तथा स्वच्छता व सुरक्षा व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। इससे मरीजों, महिला कर्मचारियों, रेजिडेंट डॉक्टरों और छात्र-छात्राओं की सुरक्षा को लेकर भी चिंता बढ़ी है। प्रशासन ने इसे विश्वविद्यालय परिसर की सुरक्षा व्यवस्था प्रभावित करने वाला विषय बताया है। नोटिस के माध्यम से संबंधित व्यक्ति/समूह को ● शेष पेज 11 पर

### अब देश में बनेंगे वाणिज्यिक विमान, मंगलवार को होगी घोषणा

नयी दिल्ली। अडानी समूह 'मेक इन इंडिया' की दिशा में बड़ी पहल करते हुए देश में वाणिज्यिक विमानों का निर्माण शुरू करने वाला है।

अडानी समूह की कंपनी अडानी डिफेंस एंड एयरोस्पेस ने इसके लिए ब्राजील की विमान बनाने वाली कंपनी एंब्रेयर के साथ करार करने जा रही है। आगामी 27 जनवरी को यहां राजीव गांधी भवन स्थित नागरिक उड्डयन मंत्रालय में इसकी घोषणा की जायेगी। दोनों कंपनियों की ओर से मीडिया ब्रीफिंग के लिए जारी संयुक्त आमंत्रण में कहा गया है कि भारत के वाणिज्यिक विमानन की 'मेक इन इंडिया' यात्रा में एक ऐतिहासिक विकास की घोषणा की जानी है। आमंत्रण में यह भी कहा गया है कि यह घोषणा एयरोस्पेस में भारत की आत्मनिर्भरता के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगी। इससे पहले मीडिया में इस तरह की खबर आयी थी कि दोनों कंपनियों ने भारत में वाणिज्यिक विमानों के निर्माण के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किये हैं। पहले उम्मीद की जा ● शेष पेज 11 पर

# पीजीआई, लोहिया समेत हर बड़े संस्थान को गिनने होंगे अपने परिसर में आवारा कुत्ते

कैनविज टाइम्स संवाददाता



## आवारा आतंक

❒ लखनऊ नगर निगम ने बड़े संस्थानों को कुत्ते गिनने का फरमान जारी किया

❒ नगर निगम अकेले नहीं उठाएगा कुत्तों का बोझ, सभी बड़े संस्थानों को लिखा पत्र

लखनऊ। राजधानी में आवारा कुत्तों की बढ़ती समस्या पर नगर निगम ने आखिरकार सख्त रुख अपना लिया है। अब तक जिम्मेदारी से बचते रहे बड़े-बड़े संस्थानों को उनके कुत्तों के लिए सीधे जिम्मेदारी दी गयी है। पीजीआई, लोहिया संस्थान, विश्वविद्यालयों, स्टेडियमों, सभी छोटे बड़े सरकारी अस्पतालों और विभागों को साफ आदेश दिया गया है कि वे अपने परिसरों में मौजूद बेसहारा कुत्तों की गिनती कर रिपोर्ट दें। नगर निगम ने दो टूक कह दिया है, डेटा नहीं तो जवाबदेही तय होगी। सुप्रीम कोर्ट ने कुत्तों के लिए शेल्टर होम बनाने का निर्देश दिया है। नगर निगम को इसकी जिम्मेदारी दी है। साथ ही सभी सरकारी विभागों व अस्पताल परिसरों के कुत्तों के लिए भी शेल्टर होम बनाने को कहा है।

इनमें कितने कुत्ते हैं इनकी जानकारी निगम के पास नहीं है। ऐसे में अब नगर निगम ने विभागों व अस्पतालों से अपने परिसरों के कुत्ते गिनकर रिपोर्ट शीघ्र भेजने को कहा है। एक-दो दिनों में सभी की रिपोर्ट आने की उम्मीद है।

नगर निगम ने सभी प्रमुख सरकारी और अर्धसरकारी संस्थानों को पत्र भेजकर स्पष्ट कर दिया है कि अब आवारा कुत्तों का बोझ अकेले निगम नहीं उठाएगा। जिन परिसरों में कुत्ते हैं, उनकी गिनती वही संस्थान करेंगे। इसके लिए अपने कर्मचारियों से कुत्ते गिनवाकर तय समयसीमा में रिपोर्ट सौंपनी होगी। नगर निगम की सूची में संजय गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान (पीजीआई), लोहिया संस्थान, लखनऊ विश्वविद्यालय, एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, इकाना स्टेडियम, रोडवेज, रेलवे और बड़े विभाग शामिल हैं। माध्यमिक व बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों को भी लिखा गया है। सभी स्कूल कालेजों से रिपोर्ट लेकर भेजने को कहा गया है। कुत्तों की संख्या के आधार पर बनेगा शेल्टर होम नगर निगम ने साफ कहा है कि डॉग शेल्टर होम आंकड़ों के आधार पर बनेगा। कुछ संस्थानों ने रिपोर्ट भेजने की बात कही है जबकि कुछ एक दो दिनों में दे देंगे। निगम के मुताबिक सही संख्या सामने आए बिना न शेल्टर होम की क्षमता तय हो सकती है, न बजट। हमने सभी विभागों व संस्थानों को पत्र लिखकर कुत्तों की गिनती कर सही रिपोर्ट देने को कहा है। इस संबंध में ● शेष पेज 11 पर

# भोला प्रसाद की 28.50 करोड़ की संपत्ति कुर्क

## कफ सिरप मामला

एजेंसी

सोनभद्र। कोडीन युक्त कफ सिरप की जांच कर रही सोनभद्र पुलिस की एसआईटी टीम ने मुख्य अभियुक्त भोला प्रसाद की अपराध जगत से अर्जित की गई 28.50 करोड़ की संपत्ति न्यायालय के आदेश पर कुर्क कर दिया है।

पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने शुक्रवार को बताया कि कोडीन युक्त कफ सिरप तस्करी के मुख्य अभियुक्त भोला प्रसाद के खिलाफ राबर्ट्सगंज कोतवाली में एनडीपीएस व अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज है। इस मामले की जांच एसआईटी द्वारा किया जा रहा है। एसआईटी ने कफ तस्करी के मुख्य अभियुक्त वाराणसी निवासी भोला प्रसाद को कुछ दिन पहले विदेश पलायन के प्रयास के दौरान दमदम एयरपोर्ट, कोलकाता से गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जिला कारागार सोनभद्र में निरुद्ध किया गया है। एसआईटी जांच में प्रकाश में यह तथ्य आया कि अभियुक्त द्वारा कोडीन युक्त कफ सिरप की अवैध तस्करी के लिये संगठित सिंडिकेट का संचालन करते हुए अपराध से अर्जित लगभग ?28 करोड़ 50 लाख की चल एवं अचल संपत्ति अर्जित की गई है।

उन्होने बताया कि उक्त संपत्तियों को चिन्हित करते हुए धारा 107 बीएनएसएस के अंतर्गत कुर्की के लिये न्यायालय में रिपोर्ट प्रेषित की गई थी। न्यायालय द्वारा पर्याप्त साक्ष्य पाए जाने पर 22 जनवरी को अभियुक्त की अपराध से अर्जित चल-अचल संपत्तियों को कुर्क किए जाने का आदेश पारित किया गया। इस आदेश के अनुपालन में आज 23 जनवरी को इण्डियन बैंक शम्पूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय शाखा, वाराणसी में जमा 53 लाख 93 हजार 276 रुपये और 60 लाख रुपये की फिक्स डिपॉजिट और अन्य दो खाते में जमा रू 68 लाख 96 हजार , एक मर्सिडीज बेंज ● शेष पेज 11 पर

# प्रधानमंत्री ने पीएम स्वनिधि क्रेडिट कार्ड लांच किया

## रेहड़ी-पटरी वालों और फुटपाथ पर काम करने वालों का होगा फायदा

एजेंसी

तिरुवनंतपुरम। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि पीएम स्वनिधि क्रेडिट कार्ड की शुरुआत के साथ गरीब कल्याण की एक बड़ी राष्ट्रीय पहल भी केरल से शुरू हुई है, जिससे देशभर के रेहड़ी-पटरी वालों और फुटपाथ पर काम करने वालों को लाभ मिलेगा। उन्होंने इन विकास और रोजगार सृजन वाली पहलों के लिए केरलवासियों और देशवासियों को बधाई दी।

श्री मोदी ने कहा कि पीएम स्वनिधि योजना से पहले जहां स्ट्रीट वेंडर्स को छोटे ऋण के लिए भी ऊंची ब्याज दर चुकानी पड़ती थी, वहीं अब लाखों रेहड़ी-पटरी वालों को बैंकों से ऋण मिल रहा है। उन्होंने बताया कि आज पहली बार स्ट्रीट वेंडर्स को क्रेडिट कार्ड भी उपलब्ध कराए गए हैं। केरल में 10,000 से अधिक और तिरुवनंतपुरम में 600 से ज्यादा लाभार्थियों को स्वनिधि क्रेडिट कार्ड वितरित किये गये। श्री मोदी ने यहां विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन और




लोकार्पण किया और तीन अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह पहला मौका है जब केरल राज्य में कोई अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन चली है। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि केरल के विकास को लेकर केंद्र सरकार के प्रयासों को आज नयी गति मिली है और राज्य में रेल संपर्क को और मजबूत करने के साथ ही तिरुवनंतपुरम को एक प्रमुख स्टार्टअप हब के रूप में विकसित करने की दिशा में अहम पहल की गयी है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के निर्माण के लिए पूरा देश एकजुट है और इसमें शहरों की भूमिका बेहद अहम है। उन्होंने बताया कि पिछले 11 वर्षों में केंद्र सरकार ने शहरी बुनियादी ढांचे में बड़े पैमाने पर निवेश किया है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत देशभर में चार करोड़ से अधिक घर बनाये गये हैं, जिनमें शहरी गरीबों के लिए एक करोड़ से ज्यादा पक्के मकान शामिल हैं। उन्होंने कहा कहा कि केरल में ही करीब 1.25 लाख शहरी गरीब परिवारों को पक्के घर मिले हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि गरीब परिवारों के बिजली खर्च को कम करने के लिए पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना शुरू की गयी है। आयुष्मान भारत योजना के तहत गरीबों को पांच लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज मिल रहा है और ● शेष पेज 11 पर

### केरल निर्णायक राजनीतिक बदलाव की दहलीज पर, भाजपा नेतृत्व संभालने के लिए तैयार: मोदी

**तिरुवनंतपुरम।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि केरल एक निर्णायक राजनीतिक बदलाव की दहलीज पर खड़ा है और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाला राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) राज्य में शासन का एक वैकल्पिक मॉडल पेश करने के लिए तैयार है। प्रधानमंत्री ने केरल के तिरुवनंतपुरम के पुथरीकंडम मैदान में एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाला राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) राज्य में शासन का एक वैकल्पिक मॉडल पेश करने के लिए तैयार है और जनता का मौजूदा मिजाज स्पष्ट रूप से दशकों की 'विभाजनकारी राजनीति' से आगे बढ़ने की इच्छा को दर्शाता है। श्री मोदी ने तिरुवनंतपुरम नगर निगम चुनावों में भाजपा की हालिया जीत का जिक्र करते हुए इसे ऐतिहासिक और अभूतपूर्व बताया। उन्होंने कहा कि इसने केरल में पार्टी के विस्तार और विकास की नींव रखी है। उन्होंने कहा, जो सालों से नहीं बदला, वह अब बदलेगा। जो गुजरात की एक नगर पालिका से शुरू हुआ था, वह अब तिरुवनंतपुरम में जड़ें जमाएगा और पूरे केरल में फैलेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि राज्य की राजधानी का चुनावी फैसला सत्तारूढ़ वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) और कांग्रेस के नेतृत्व वाले संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) दोनों के प्रति जनता के बढ़ते मोहभंग को दर्शाता है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के नेतृत्व वाले इन दो मोर्चों ने दशकों तक 'फिक्स्ड मैच' खेला है, जिसने विकास को रोक दिया और युवाओं से अवसर छिन लिये। उन्होंने कहा, ''केरल अब भ्रष्टाचार, कुशासन और राजनीतिक अवसरवाद से मुक्ति चाहता है। श्री मोदी ने आंशिक रूप से मलयालम में बोलते हुए आश्वासन दिया कि भाजपा के नेतृत्व में तिरुवनंतपुरम में तेज विकास और उत्तरदायी शासन देखने को मिलेगा। उन्होंने गुजरात के साथ तुलना करते हुए याद किया कि कैसे भाजपा को वहां बार-बार हार का सामना करना पड़ा था, लेकिन जनता का विश्वास जीतकर वह एक प्रमुख राजनीतिक ताकत बनकर उभरी। उन्होंने कहा कि यदि पार्टी ● शेष पेज 11 पर

# परियोजनाओं के निर्माण में समय-सीमा का कड़ाई से पालन कराया जाए सुनिश्चित : मुख्य सचिव

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव एस.पी.गोयल की अध्यक्षता में आयोजित प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग ग्रुप (पीएमजी) की बैठक में महत्वपूर्ण परियोजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई।

अपने सम्बोधन में मुख्य सचिव एस.पी. गोयल ने कहा कि मेजर ध्यानचंद राज्य खेल विश्वविद्यालय, मेरठ में पॉकेट-1 के निर्माण कार्यों को हर हाल में 31 मार्च तक पूर्ण कराया जाए। लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता (एक्सईएन) को निर्देश दिए गए कि वे इस परियोजना की प्रतिदिन समीक्षा करें तथा समय-समय पर स्थल निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति एवं निर्माण की गुणवत्ता सुनिश्चित करें। आवश्यकता पड़ने पर श्रमिकों की संख्या बढ़ाई जाए ताकि निर्धारित समय-सीमा का पालन हो सके। उन्होंने पॉकेट-2 के कार्यों में तेजी लाते हुए इन्हें 31 अगस्त तक पूर्ण करने के सख्त निर्देश दिए। निर्माण कार्यों के साथ-साथ विश्वविद्यालय के सुचारु संचालन के लिए आवश्यक पदों के सृजन, फर्नीचर एवं अन्य सुविधाओं की व्यवस्था भी शीघ्र सुनिश्चित की जाए। उन्होंने आगे कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश में खेल संस्कृति को मजबूत करने एवं युवाओं को अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सभी मंडलों में अत्याधुनिक स्पोर्ट्स कॉलेज एवं एक्सीलेंस सेंटर स्थापित करने के निर्देश दिए गए हैं। आगामी बजट में स्पोर्ट्स कॉलेजों के निर्माण हेतु पर्याप्त बजट का प्रावधान कराया जाए। इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम, गोरखपुर के निर्माण कार्यों की समीक्षा के दौरान मुख्य सचिव ने नोडल अधिकारी को निर्देश दिए कि वे प्रति सप्ताह बैठक आयोजित कर कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता एवं समयबद्धता की सतत निगरानी करें। स्टेडियम के संचालन से संबंधित सभी पैरामीटर अभी से निर्धारित कर लिए जाएं ताकि भविष्य में कोई असुविधा न हो।

म्यूजियम आफ इंडियन टेम्पल आर्किटेक्चर-अयोध्या की समीक्षा के दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि म्यूजियम के निर्माण कार्य के साथ-साथ अप्रोच रोड, स्ट्रीट लाइटिंग एवं अन्य आवश्यक अवसंरचना सुविधाओं का विकास भी समानांतर रूप से कराया जाए ताकि पर्यटकों एवं श्रद्धालुओं को बेहतर अनुभव प्राप्त हो सके। उन्होंने कलेक्ट्रेट, गोरखपुर के ब्लॉक-ए का निर्माण कार्य निर्धारित तिथि 30 अगस्त 2026 तक पूर्ण कराए जाने के निर्देश दिए। माइलस्टोन की प्राप्ति के लिए सतत अनुश्रवण करने तथा कार्यस्थल पर मैनपावर बढ़ाने पर विशेष बल दिया गया। महात्मा बुद्ध यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर एंड टेक्नोलॉजी, कुशीनगर की समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि परियोजना का कार्य निर्धारित माइलस्टोन से पीछे चल रहा है। उन्होंने निर्देश दिए कि आवासीय भवनों को छोड़कर समस्त निर्माण कार्य 31 अक्टूबर तक पूर्ण कराया जाए। कार्यस्थल पर यदि कोई अवरोध उत्पन्न हो रहा है तो सम्बंधित विभागीय अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर उसका शीघ्र समाधान कराया जाए। उन्होंने ईपीसी के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं की सम्बंधित विभागों द्वारा प्रत्येक माह अनिवार्य रूप से प्रगति समीक्षा किए जाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समय-सीमा का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराया जाए। इससे पहले, बैठक में मेजर ध्यानचंद राज्य खेल विश्वविद्यालय, मेरठ की भौतिक प्रगति को फोटोग्राफ्स के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। अवगत कराया गया कि परियोजना की कुल भौतिक प्रगति लगभग 80 प्रतिशत पूर्ण हो चुकी है। विश्वविद्यालय परिसर में प्रशासनिक ब्लॉक, एकेडमिक ब्लॉक, क्लासरूम कॉम्प्लेक्स, हेल्थ सेंटर, फैसिलिटी सेंटर, मेंटेनेंस ऑफिस, गर्ल्स हॉस्टल, बॉयज हॉस्टल, वीसी रेजिडेंस, आवासीय भवन (टाइप-5, 4, 3 एवं 2), सेंट्रल लाइब्रेरी तथा वर्कशॉप का स्ट्रक्चर कार्य पूर्ण हो चुका है तथा फिनिशिंग का कार्य प्रगति पर है। इंडोर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में सुपर स्ट्रक्चर का निर्माण कार्य जारी है।

इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम, गोरखपुर में वर्तमान में लेवलिंग का कार्य प्रगति पर है तथा पाइल फाउंडेशन का कार्य वर्षा ऋतु से पूर्व पूर्ण किए जाने की योजना है। कलेक्ट्रेट, गोरखपुर के ब्लॉक-ए की लक्षित भौतिक प्रगति 37.38 प्रतिशत के सापेक्ष वर्तमान भौतिक प्रगति 32.51 प्रतिशत पाई गई। वहीं महात्मा बुद्ध यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर एंड टेक्नोलॉजी, कुशीनगर में कुलपति, कुलसचिव, वित्त नियंत्रक, निदेशक (प्रशासन एवं मॉनिटरिंग), सहायक लेखाकार एवं आशुलिपिक सहित कुल 6 पदों के सृजन का शासनादेश जारी किया जा चुका है। साथ ही शैक्षणिक संवर्ग के 503 पदों के सृजन की कार्यवाही प्रचलित है। म्यूज़ियम ऑफ इंडियन टेंपल आर्किटेक्चर, अयोध्या के संबंध में अवगत कराया गया कि टाटा द्वारा फेंसिंग का कार्य पूर्ण कर लिया गया है तथा साइट तक पहुंच हेतु रैम्प निर्माण कार्य जनवरी, 2026 के अंत तक पूर्ण कर लिया जाएगा।


## उत्तर रेलवे

### ई–निविदा नोटिस

निम्नलिखित कार्य के लिए उप मुख्य विद्युत अभियंता, निर्माण, लखनऊ द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से, निविदा संख्या **150-Dy.CEE-C-LKO-2025-26 IREPS** की वेबसाइट यानि **http://www.ireps.gov.in** पर समापन तिथि **16.02.2026** समय **(11:30 hrs.)** एक पैकेट प्रणाली के तहत 'ई–टेंडर' आमंत्रित किया जाता है।

| | |
|---|---|
| एनआईटी संख्या | 150-Dy.CEE-C-LKO-2025-26 दिनांक: 23.01.2026 |
| निविदा संख्या | 150-Dy.CEE-C-LKO-2025-26 |
| कार्य का नाम | विभागीय मशीनीकृत लॉन्ड्री लखनऊ के संवर्धन/उन्नयन और मुख्य परियोजना प्रबन्धक/लखनऊ कार्यालय परिसर, अधिकारी विश्राम गृह और लखनऊ में अन्य निर्माण भवनों के सुधार/नवीनीकरण के संबंध में विद्युत सामान्य सेवा कार्य। |
| निविदा प्रपत्र लागत | कुछ नहीं |
| लगभग निविदा मूल्य | ₹1,87,66,680.36 (एक करोड़ सत्तासी लाख छियासठ हजार छः सौ अस्सी रुपये और छत्तीस पैसे मात्र) |
| बोली सुरक्षा | ₹2,43,800/- (दो लाख तेतालिस हजार आठ सौ रुपये मात्र) |
| समापन की अवधि | 12 (बारह) माह; ऑफर की वैधता: 60 दिन |
| IREPS वेबसाइट पर विज्ञापित निविदा दिनांक | 23.01.2026 |
| जिस तिथि तक ठेकेदार अद्यतन/परिशिष्ट/संशोधित तिथि नोट कर सकता है। | 02.02.2026 |
| निविदा प्रस्तुत करने की समाप्ति तिथि और समय | 16.02.2026 (11:30 Hrs.) |
| पात्रता मापदंड | निविदा दस्तावेज के अनुसार |

1. ठेकेदार को प्रस्ताव प्रस्तुत करते समय IREPS वेबसाइट यानी **www.ireps.gov.in** पर अपलोड किए जाने वाले निविदा दस्तावेज के अनुसार आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा। 2. सभी प्रतिभागी ठेकेदार अपने निविदा प्रस्ताव के साथ अपने आवश्यक दस्तावेज जमा करेंगे। "अतिरिक्त दस्तावेज जमा करने के लिए कोई भी पोस्ट टेंडर पत्राचार तकनीकी और वाणिज्यिक प्रस्ताव खोलने के बाद विचार नहीं किया जाएगा। यहां तक कि निविदाओं के सू–मोटो पोस्ट टेंडर पत्रों को अशक्त और शून्य माना जाएगा।" टेंडर नोटस की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

**सं.: 150-Dy.CEE-C-LKO-2025-26 दिनांक: 23.01.2026** **250/2026**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## एक साल की मासूम की कुचलकर मौत

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** संगम नगरी प्रयागराज में माघ मेले के दौरान एक दर्दनाक हादसे में एक साल की मासूम बच्ची की वाहन से कुचलकर मौत हो गई। घटना मेला क्षेत्र में उस समय हुई जब बच्ची परिजनों के साथ शिविर के बाहर मौजूद थी। हादसे के बाद मौके पर अफरा–तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और वाहन चालक की तलाश की जा रही है। प्रशासन ने श्रद्धालुओं से सतर्क रहने और बच्चों पर विशेष ध्यान देने की अपील की है।

## माघ मेला में धरने पर बैठे शंकराचार्य की बिगड़ी तबीयत

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** माघ मेले में शिविर के बाहर धरने पर बैठे शंकराचार्य की तबीयत ठंड के कारण अचानक बिगड़ गई। बताया जा रहा है कि अत्यधिक ठंड और खुले वातावरण में लंबे समय तक बैठे रहने से उनकी तबीयत खराब हुई। मौके पर मौजूद अनुयायियों और प्रशासनिक अधिकारियों ने तुरंत चिकित्सीय सहायता उपलब्ध कराई। चिकित्सकों की निगरानी में उनका इलाज किया जा रहा है। घटना की जानकारी मिलते ही संत समाज और श्रद्धालुओं में चिंता का माहौल बन गया। प्रशासन ने स्वास्थ्य सुविधाओं को और मजबूत करने के निर्देश दिए हैं।

## शंकराचार्य से मिलने पहुंचे राज्यसभा सांसद संजय सिंह

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।**माघ मेला क्षेत्र में धरने पर बैठे शंकराचार्य से मिलने राज्यसभा सांसद एवं आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता संजय सिंह प्रयागराज पहुंचे। उन्होंने शंकराचार्य की तबीयत का हालचाल लिया और इसके बाद सरकार पर तीखा हमला बोला। संजय सिंह ने मेला प्रशासन और सरकार की व्यवस्थाओं की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि संतों और श्रद्धालुओं के साथ अन्याय हो रहा है। उन्होंने शंकराचार्य के समर्थन में खड़े रहने की बात कही। इस दौरान बड़ी संख्या में समर्थक और संत समाज के लोग मौजूद रहे।

## कोरांव में अस्थि कलश ले जा रही पिकअप पलटी, 23 घायल

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** प्रयागराज के यमुनानगर कोरांव क्षेत्र में बड़ा सड़क हादसा हो गया। अस्थि कलश लेकर जा रही सवारियों से भरी एक पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में 23 लोग घायल हो गए, जिनमें से 11 की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिन्हें शहर रेफर किया गया है। घटना के बाद मौके पर अफरा–तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस और प्रशासन ने राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया। घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच कर रही है।

## डीसीपी गंगानगर ने किया मेला क्षेत्र का निरीक्षण

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** माघ मेला–2026 के चतुर्थ स्नान पर्व बसंत पंचमी को सकुशल एवं निर्विघ्न संपन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस उपायुक्त गंगानगर कुलदीप सिंह गुनावत ने मेला क्षेत्र का निरीक्षण किया। उन्होंने जोन गंगानगर अंतर्गत प्रमुख मार्गों, घाटों एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों का जायजा लिया। इस दौरान ड्यूटी पर तैनात पुलिस बल को यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। डीसीपी ने श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को प्राथमिकता देने के निर्देश देते हुए सतर्कता बनाए रखने पर जोर दिया।

## फर्जी आधार कार्ड बनाने वाले दो आरोपी गिरफ्तार, भारी सामान बरामद

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना नवाबगंज व एसओजी/सर्विलांस सेल गंगानगर की संयुक्त टीम ने बायोमेट्रिक फिंगरप्रिंट का दुरुपयोग कर फर्जी आधार कार्ड बनाने वाले दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से लैपटॉप, स्कैनर, प्रिंटर, नकली फिंगरप्रिंट, बने हुए आधार कार्ड सहित बड़ी मात्रा में उपकरण बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार आरोपी आमजन से पैसे लेकर फर्जी दस्तावेज तैयार करते थे। इस मामले में थाना नवाबगंज में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है, जबकि एक अन्य आरोपी की तलाश जारी है।

## श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोपरि : मेला अधिकारी ऋषिराज

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** संगम नगरी प्रयागराज में आस्था का महापर्व पूरे श्रद्धा और शांतिपूर्ण वातावरण में जारी है। मकर संक्रांति के पावन स्नान पर्व के अवसर पर देश–विदेश से आए श्रद्धालु संगम में आस्था की डुबकी लगा रहे हैं। प्रशासन द्वारा सुरक्षा और व्यवस्थाओं को लेकर विशेष सतर्कता बरती जा रही है। मेला अधिकारी ऋषिराज ने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि संगम क्षेत्र में पर्याप्त पुलिस बल, प्रशासनिक अधिकारी और स्वयंसेवकों की तैनाती की गई है, ताकि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो। भीड़ प्रबंधन, यातायात नियंत्रण और स्वास्थ्य सेवाओं पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। प्रशासनिक समन्वय से मकर संक्रांति का स्नान पर्व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया जा रहा।

## युवक की गोली मारकर हत्या, इलाके में दहशत

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** धूमनगंज थाना क्षेत्र में एक युवक की गोली मारकर हत्या किए जाने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान शमशाद के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि बदमाशों ने शमशाद को निशाना बनाते हुए ताबड़तोड़ फायरिंग की, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद से क्षेत्र में तनाव का माहौल है। उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पहले इसी इलाके में बमबाजी की घटना भी सामने आई थी, जिससे कानून–व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। मामले में एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें हमलावर वारदात को अंजाम देने के बाद मौके से भागते हुए दिखाई दे रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुँची और जांच शुरू कर दी है। आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## प्रयागराज में आज होगा ब्लैकआउट मॉक ड्रिल

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मुख्यमंत्री के आदेशानुसार उत्तर प्रदेश के समस्त 75 जनपदों में दिनांक 23 जनवरी 2026 को ब्लैकआउट मॉक ड्रिल आयोजित करने के निर्देश प्राप्त हुए हैं। वहीं प्रयागराज में माघ मेला एवं बसंत पंचमी स्नान पर्व को दृष्टिगत रखते हुए उत्तर प्रदेश शासन द्वारा दिनांक 24 जनवरी 2026 को ब्लैकआउट मॉक ड्रिल आयोजित किए जाने के निर्देश पुनः प्राप्त हुए हैं। उप नियंत्रक नागरिक सुरक्षा प्रयागराज नीरज मिश्रा ने बताया कि युद्धकालीन स्थिति में आम जनमानस को सतर्क करने हेतु नागरिक सुरक्षा विभाग, पुलिस विभाग एवं अन्य संस्थाओं द्वारा सायरन का प्रयोग किया जाता है। सायरन लगभग 2 मिनट तक ऊँची–नीची आवाज में बजाया जाता है, जिसे खतरे का संकेत (लाल संकेत) माना जाता है। इस दौरान प्रशिक्षित नागरिक अपने–अपने स्थान पर ही शेल्टर लेते हैं तथा रात्रिकालीन विद्युत व्यवस्था अस्थायी रूप से बाधित कर दी जाती है, जिससे शत्रु देश के लड़ाकू विमानों अथवा संभावित हवाई हमलों को भ्रमित किया जा सके। शासन के निर्देशानुसार यह ब्लैकआउट मॉक ड्रिल जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण प्रयागराज एवं नागरिक सुरक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में कलेक्ट्रेट चौराहे के निकट स्थित बिशप जॉनसन गर्ल्स कॉलेज में दिनांक 24 जनवरी 2026 को सायं 6:00 बजे से आयोजित की जाएगी।

# परिवारों की सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में सरकार प्रतिबद्ध : बेबी रानी मौर्य

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




लखनऊ। उत्तर प्रदेश की कैबिनेट मंत्री बाल विकास एवं पुष्टाहार बेबीरानी मौर्या ने शुक्रवार को अपने सरकारी आवास पर 12 मृतक सरकारी कर्मचारी के आश्रितों को अनुकम्पा आधार पर सरकारी सेवा में योजित करते हुए नियुक्ति पत्र प्रदान किए। उत्तर प्रदेश सेवाकाल में मृत सरकारी सेवकों के आश्रितों की भर्ती नियमावली-1974 समय-समय पर यथासंशोधित 2025 के अनुसार इस तरह का अनुकम्पा नियुक्ति पत्र कैबिनेट मंत्री द्वारा प्रदान किए जाते रहे हैं।

मंत्री के द्वारा वर्ष 2025 में 40 मृत सरकारी सेवक के आश्रितों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए जा चुके हैं। आज जिन 12 आश्रितों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। उनमें दीपांशी श्रीवास्तव को कनिष्ठ सहायक, ज्योतिमय सक्सेना को कनिष्ठ सहायक, कुमार राहुल को कनिष्ठ सहायक, सुजीत कुमार कनिष्ठ सहायक, दीपक कुमार को कनिष्ठ सहायक, विशाल साहू को कनिष्ठ सहायक, कौशलेन्द्र गौतम को चतुर्थ श्रेणी, अनुराग कुमार को चतुर्थ श्रेणी, पंकज कुमार को कनिष्ठ सहायक, राहुल कुमार शर्मा को चतुर्थ श्रेणी, आलोक कुमार खरवार को कनिष्ठ सहायक और मिथिलेश कुमार गौतम को कनिष्ठ सहायक के पद पर नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। इन सभी के माता या पिता सरकारी सेवक के रूप में कार्यरत थे। इस प्रकार कनिष्ठ सहायक के पद पर नौ एवं चतुर्थ श्रेणी के तीन आश्रितों को कैबिनेट नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। इसी क्रम में बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग में अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा मुख्य सेविका पद पर चयनित 2425 महिलाओं को मुख्यमंत्री द्वारा नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। आयोग द्वारा नयी और 78 मुख्य सेविका तथा विभाग के लिए 597 नये कनिष्ठ सहायकों का चयन किया गया है। इन चयनित अभ्यर्थियों को माननीय मुख्यमंत्री द्वारा शीघ्र ही नियुक्ति पत्र प्रदान किया जायेगा।

# सरलीकृत नीतियों व तेज फैसलों से योगी सरकार ने कारोबार के लिए आसान बनाया उत्तर प्रदेश

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ। एक समय था जब उत्तर प्रदेश में कारोबार शुरू करने का विचार आते ही फाइलों के अंबार, जटिल नियम और विभागों के चक्कर आंखों के सामने आ जाते थे। निवेशक संभावनाएं देखते थे, लेकिन प्रक्रियाओं की जटिलता उन्हें रोक देती थी। आज वही उत्तर प्रदेश 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' की मिसाल बनकर देश के अग्रणी राज्यों में शामिल है। यह बदलाव अचानक नहीं हुआ, बल्कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सुनियोजित, निर्णायक व निरंतर सुधारों का परिणाम है। उत्तर प्रदेश सरकार ने यह स्पष्ट कर दिया कि विकास केवल घोषणाओं से नहीं, बल्कि व्यवस्थागत सुधारों से आता है। इसी सोच के साथ व्यापारिक वातावरण को सरल, पारदर्शी और निवेशकों के अनुकूल बनाने की यात्रा शुरू हुई।

राज्य सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' की रैंकिंग इस बदलाव की सबसे ठोस गवाही देती है। वर्ष 2017-18 में बिजनेस रिफॉर्म एक्शन प्लान (बीआरएपी) की रैंकिंग में उत्तर प्रदेश 12वें स्थान पर था। लेकिन सुधारों की रफ्तार इतनी तेज रही कि वर्ष 2019 में प्रदेश ने देश में दूसरा स्थान हासिल कर लिया। वर्ष 2021 के गुड गवर्नेंस इंडेक्स में वाणिज्य एवं उद्योग श्रेणी में उत्तर प्रदेश ने शीर्ष स्थान प्राप्त कर यह साबित किया कि सुधार केवल कागज़ों तक सीमित नहीं। इसके बाद 2022 और 2024 में उत्तर प्रदेश को 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' में 'टॉप अचीवर' का दर्ज़ा मिला। लॉजिस्टिक्स रैंकिंग में भी 2022, 2023 और 2024 में राज्य 'अचीवर्स' की श्रेणी में रहा।बीआरएपी 2024 के अंतर्गत उत्तर प्रदेश को तीन अहम क्षेत्रों, उद्यम स्थापना, श्रम विनियामक प्रक्रियाओं के सरलीकरण और भूमि प्रशासन में 'टॉप अचीवर' घोषित किया गया। यह मान्यता उस नीति का परिणाम है, जिसमें सरकार ने औद्योगिक अवरोधों को पहचान कर उन्हें दूर करने पर फोकस किया। वर्ष 2024 के बाद बीआरएपी व बीआरएपी-प्लस के तहत सरकार ने 24 क्षेत्रों में 426 बड़े सुधार लागू किए। उद्यम स्थापना से लेकर भूमि सुधार, श्रम पंजीकरण, पर्यावरण स्वीकृतियां, सिंगल विंडो सिस्टम और निर्माण अनुमति तक हर चरण को सरल और समयबद्ध बनाया गया। इन सुधारों की धुरी बना 'निवेश मित्र', भारत के सबसे बड़े डिजिटल सिंगल विंडो पोर्टल्स में एक। इस पोर्टल के माध्यम से उद्यमियों को 45 विभागों की 525 से अधिक सेवाएं ऑनलाइन उपलब्ध कराई जा रही हैं। यह पोर्टल नेशनल सिंगल विंडो सिस्टम से भी एकीकृत है, जिससे राज्य और केंद्र की प्रक्रियाएं एक-दूसरे से जुड़ गई हैं। निवेश मित्र की सबसे बड़ी सफलता इसकी दक्षता है। लाइसेंस से जुड़े आवेदनों में 97 प्रतिशत से अधिक निस्तारण दर और अब तक 20 लाख से अधिक डिजिटल स्वीकृतियां, ये आंकड़े बताते हैं कि सिस्टम केवल मौजूद नहीं है।

### मुख्यमंत्री ने परिवर्तन चौक पर स्थित नेताजी की प्रतिमा पर दी पुष्पांजलि

# 'नेताजी' सुभाष चंद्र बोस ने आजादी की लड़ाई को एक नई दिशा दी: मुख्यमंत्री

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को 'नेताजी' सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर लखनऊ में आयोजित एक कार्यक्रम में उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि भारत के क्रांतिकारियों के सिरमौर के रूप में 'नेताजी' सुभाष चंद्र बोस ने आजादी की लड़ाई को एक नई दिशा दी। उनका विराट व्यक्तित्व हर भारतीय को प्रभावित करता है।

नेताजी की जयंती पर मुख्यमंत्री योगी ने सुबह नगर के परिवर्तन चौक पर पहुंचकर नेता जी सुभाष चन्द्र बोस की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। यहां आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि नेता जी का तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूँगा का नारा आजादी का मंत्र बना। उनका उदघोष दिल्ली चलो हर भारतीय को प्रेरित करता है। जर्मनी जापान में जाकर उन्होंने जो नेतृत्व किया वह हर भारतीय के लिए स्मरणीय है। योगी ने कहा कि नेताजी सुभाष चन्द्र बोस ने आईसीएस की परीक्षा में सर्वोच्च स्थान प्राप्त होने के बाद भी अंग्रेजों की चाकरी करने से इनकार कर दिया था और भारत के स्वाधीनता आन्दोलन में कूद पड़े थे। भारत के क्रान्तिकारियों के सिरमौर के रूप में नेताजी ने आजादी के आन्दोलन को एक नई दिशा दी थी।मुख्यमंत्री ने कहा कि नेता जी सुभाष चन्द्र बोस भारत की आजादी का एक ऐसा नाम है जिस नाम के माध्यम से उनके विराट ?व्यक्त्वि व कृतित्व हर भारतीय के सामने आता हुआ दिखाई देता है। जब हम नेताजी का नाम लेते हैं हर भारतीय के मन में श्रद्धा व सम्मान के साथ ओज तेज और किसी भी विपरीत से विपरीत परिस्थितियों में भी देशविरोधी शक्तियों के सामने न झुकने का दृढ़ संकल्प दिखाई देता है।


## कार्यालय ग्राम पंचायत नरायणपुरवाली विकास खण्ड झंझरी, जनपद-गोण्डा

पत्रांक :/ निविदा 2025 – 26 दिनांक 23/01/2026

**निविदा सूचना**

पंजीकृत फर्मों के आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि जिलाधिकारी महोदया गोण्डा द्वारा प्रदत्त स्वीकृति दिनांक 23.01.2026 के क्रम में वित्तीय वर्ष 2025–26 में अंत्येष्टि स्थल विकास हेतु अनुदान संख्या 14 में ग्रामीण क्षेत्र ग्राम पंचायत नरायणपुरवाली में निर्माण होना है।अंत्येष्टि स्थल के विकास योजना/केंद्रीय वित्त,राज्य वित्त के अंतर्गत इच्छुक फर्मों से सीलबंद निविदाएं ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध कराई जा सकती हैं,जिसके अंतर्गत अंत्येष्टि स्थल के विकास हेतु शासना देशा नुसार निम्न अवस्थापना सुविधाओं का विकास किया जाना है:–

1– अंत्येष्टि स्थल शेड (12m × 6m)। 2– शवदाह का प्लेटफार्म 02 अदद। 3– आफिस (6m × 3m)। 4– नागरिकों के बैठने के लिए शांति स्थल (9m × 6m)। 5– इंडिया मार्का–2 हैंडपंप की व्यवस्था एवं जल निकासी आदि। 6– हॉटी कल्चर एवं प्लान्टेशन आवश्यकतानुसार। 7– शौचालय एवं स्नान घर (9.86m × 1.5m)। 8– बाउंड्री वॉल का निर्माण। 9– इंटरलॉकिंग (200 square meter)। 10– लकड़ी का स्टोर (9m × 6m)। 11– आंतरिक इंटरलॉकिंग टाइल्स का कार्य (693.12 वर्गमीटर)।

उक्त निविदा दिनांक 23.01.2026 से 30.01.2026 तक समय 12:00 बजे से जमा की जा सकती है,जो उसी दिन 2:00 बजे खोली जाएगी।अधिक जानकारी के लिए किसी भी कार्य दिवस में ग्राम प्रधान से संपर्क किया जा सकता है।निविदाएं निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित है।

**ग्राम प्रधान** **सचिव**
**सरिता शुक्ला** **अनुपमा सिंह**



## रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

### महत्वपूर्ण जानकारी

### उधना जं.–अयोध्या कैंट–उधना जं. के बीच विशेष रेलगाड़ी का संचालन

रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन के लिए रेलवे द्वारा उधना–अयोध्या कैंट–उधना के बीच एक विशेष रेलगाड़ी संचालित करने का निर्णय लिया गया है, जिसका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:

**09093/09094 उधना जं.–अयोध्या कैंट–उधना जं. विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक)** — 14 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 09093 आगमन | रेलगाड़ी सं. 09093 प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 09094 आगमन | रेलगाड़ी सं. 09094 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 07:25 | उधना | 17:15 | --- |
| 08:19 | 08:21 | भरुच जं. | 15:41 | 15:43 |
| 09:55 | 10:00 | वडोदरा जं. | 14:20 | 14:30 |
| 11:05 | 11:07 | गोधरा जं. | 12:20 | 12:22 |
| 13:35 | 13:45 | रतलाम जं | 09:40 | 09:50 |
| 14:23 | 14:25 | नागदा जं | 08:58 | 09:00 |
| 15:25 | 15:30 | उज्जैन जं. | 07:58 | 08:03 |
| 16:30 | 16:32 | मक्सी जं. | 07:21 | 07:23 |
| 18:00 | 18:02 | सीहोर | 06:19 | 06:21 |
| 18:45 | 18:50 | संत हिरदाराम नगर | 05:55 | 06:00 |
| 22:00 | 22:05 | बीना जं | 03:20 | 03:25 |
| 00:55 | 01:00 | वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी जं. | 00:45 | 00:50 |
| 02:15 | 02:17 | उरई | 22:25 | 22:27 |
| 05:45 | 05:50 | कानपुर सेंट्रल | 20:45 | 20:50 |
| 07:35 | 07:45 | लखनऊ जं. | 18:30 | 18:40 |
| 08:25 | 08:30 | बाराबंकी जं. | 17:10 | 17:15 |
| 10:30 | --- | अयोध्या कैंट | --- | 14:45 |

**चलने के दिन: 09093 उधना से** दिनांक 13.02.2026 से 27.03.2026 तक (प्रत्येक शुक्रवार) को और **09094 अयोध्या कैंट** से दिनांक 14.02.2026 से 28.03.2026 तक (प्रत्येक शनिवार) को।

**स्थान:** 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य

**रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।**

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे — आपकी सुविधा–हमारा ध्येय

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

268/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## उत्तर रेलवे

### ई-ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन आमंत्रित किया जाता है।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट / जोन | Lucknow-NR-Division-Commercial/Northern Railway |
| नीलामी सूचि स. | PYGS-SMU |
| कार्य का विवरण | Allotment of catering Stall at PYGS station of Lucknow Division, Northern Railway for the period of 05 years. |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 21.01.2026 |
| नीलामी प्रारंभ तिथि (समस्त लाट) | 09.02.2026 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बंद करने कि तिथि व समय | 09.02.2026 at 11:30 hrs. |
| वेबसाइट विवरण जहां पंजीकृत बोलिदातयो द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

**Details of catering stalls to be auctioned are as under:-**

| SN | Station | Lot No | Stall ID | Close Date/Time | Quota | Sub Quota |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | PRAYAGRAJ SANGAM | Catg-LKO-PYGS-SMU-42-24-1 | PYGS/PF-1/104/New | 09.02.2026 at 11:30 hrs. | SMU | SC |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 252/2026

# युवक की नृशंस हत्या

## ईंट से सिर कुचलकर नहर किनारे फेंका शव

**शराब पार्टी के विवाद में हत्या की आशंका, एक आरोपी हिरासत में**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नगराम, लखनऊ। नगराम थाना क्षेत्र अंतर्गत गुलाल खेड़ा गांव में शुक्रवार सुबह शारदा नहर (हैदरगढ़ शाखा) की बाई पटरी सड़क किनारे एक 22 वर्षीय युवक का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। मृतक की पहचान ओमप्रकाश पुत्र रामहरख, निवासी गुलाल खेड़ा के रूप में हुई है, जो दैनिक मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करता था।

परिजनों के अनुसार ओमप्रकाश गुरुवार रात करीब 8 बजे दोस्तों से मिलने की बात कहकर घर से निकला था, लेकिन रात भर वापस नहीं लौटा। शुक्रवार सुबह ग्रामीणों ने नहर किनारे उसका खून से सना शव पड़ा देखा, जिसके बाद गांव में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही नगराम पुलिस टीम और एसीपी मोहनलालगंज मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्यवाही करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की बहन कोमल ने बताया कि परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। ओमप्रकाश के दो भाई अन्य जनपदों में मजदूरी करते हैं, जबकि बहन कोमल का विवाह आगामी 6 फरवरी को प्रस्तावित था। घर में शादी की तैयारियां चल रही थीं, लेकिन इस घटना ने खुशियों को मातम में बदल दिया। पुलिस जांच में सामने आया है कि गुरुवार शाम ओमप्रकाश अपने कुछ साथियों के साथ बैठकर शराब पी रहा था। इसी दौरान किसी बात को लेकर विवाद बढ़ गया और हाथापाई के बाद आरोपियों ने ईंट या भारी वस्तु से उसके सिर पर कई वार कर निर्ममता से हत्या कर दी। इसके बाद शव को नहर किनारे छोड़कर आरोपी फरार हो गए। जांच के दौरान गांव में अंडे की दुकान चलाने वाले अरुण नामक व्यक्ति को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों की पुष्टि होगी। फिलहाल मामले की गहन जांच जारी है और अन्य संदिग्धों की तलाश की जा रही है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही पूरे हत्याकांड का खुलासा कर दिया जाएगा।

# बालक वर्ग में सेंट जोसेफ व बालिका वर्ग में डीपीएस एल्डिको ने जीता विजेता का खिताब



लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। डीपीएस एल्डिको शाखा के द्वारा 22 एवं 23 जनवरी को बालक एवं बालिका वर्ग के लिए अंतर-विद्यालय बास्केटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। टूर्नामेंट का शुभारंभ उद्घाटन समारोह के साथ हुआ, जिसकी अगुवाई विद्यालय की प्राचार्या मनीषा अंथवाल एवं प्रधानाध्यापिका वंदना रस्तोगी ने की। उन्होंने प्रतिभागियों को प्रेरित करते हुए खेलों में अनुशासन, समर्पण एवं निष्पक्ष खेल के मूल्यों पर बल दिया। आयोजन की शोभा मुख्य अतिथि आशीष कुमार गुप्ता ने बढ़ाई, जो भारतीय इंजीनियरिंग सेवा (आईईएस) के 2009 बैच के प्रतिष्ठित अधिकारी हैं तथा वर्तमान में आरडीएसओ, लखनऊ में निदेशक (अनुसंधान) के पद पर कार्यरत हैं। टूर्नामेंट के सभी मुकाबलों का संचालन बास्केटबॉल फ़ेडरेशन ऑफ इंडिया (बीएफआई) के पेशेवर रेफरी द्वारा किया गया, जिससे आधिकारिक नियमों का पालन एवं निष्पक्षता सुनिश्चित हुई। कुल 16 टीमों ने सुव्यवस्थित एवं उत्साहपूर्ण लीग मुकाबलों में हिस्सा लिया और उत्कृष्ट कौशल व दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन किया। बालक वर्ग में सेंट जोसेफ स्कूल विजेता रहा, जबकि दिल्ली पब्लिक स्कूल एल्डिको उपविजेता रहा तथा आयुष यादव को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया। वहीं बालिका वर्ग में दिल्ली पब्लिक स्कूल एल्डिको ने विजेता का खिताब जीता, माउंट कार्मेल स्कूल उपविजेता रहा और अनुष्का पांडा को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के सम्मान से नवाज़ा गया।

## एसकेडी ग्रुप ऑफ एजुकेशन की सभी शाखाओं में मनाई गई बसंत पंचमी एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** एसकेडी ग्रुप ऑफ एजुकेशन की ओर से बसंत पंचमी अवसर पर माँ सरस्वती की भव्य पूजा अर्चना धूमधाम के साथ संपन्न हुई। यह आयोजन एसकेडी ग्रुप द्वारा प्रतिवर्ष परंपरागत रूप से किया जाता है। वहीं इसी दिन देश के महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती भी एसकेडी एकेडमी में अत्यंत श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। विद्यार्थियों ने नेताजी के जीवन, त्याग और राष्ट्रभक्ति से प्रेरणा लेकर देश के प्रति समर्पित रहने का संकल्प लिया। इस अवसर पर मनीष सिंह निदेशक एसकेडी ग्रुप ऑफ एजुकेशन ने अपने संदेश में कहा कि बसंत पंचमी केवल एक पर्व नहीं, बल्कि ज्ञान, संस्कार और राष्ट्र निर्माण की भावना को सुदृढ़ करने का अवसर है। माँ सरस्वती की कृपा से हमारे विद्यार्थी विद्या के साथ-साथ नैतिक मूल्यों और देशभक्ति की भावना को आत्मसात करें, यही हमारा उद्देश्य है। नेताजी सुभाष चंद्र बोस का जीवन हमें सिखाता है कि अनुशासन, साहस और समर्पण से ही राष्ट्र का उत्थान संभव है। कार्यक्रम का समापन प्रसाद वितरण एवं सामूहिक वंदन के साथ हुआ।

## प्रेस क्लब की बड़ी जीत, बाबा बारूदी फाइनल में पंहुची

**निगोहा, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** भोले बाबा क्रिकेट टूर्नामेंट में खेले गए चौथे क्वार्टर फाइनल में प्रेस क्लब ने दोस्तपुर (अमावा) को 120 रनों से हराकर शानदार जीत दर्ज की। पहले बल्लेबाजी करते हुए प्रेस क्लब ने 250 रन बनाए, जवाब में अमावा की टीम 138 रन ही बना सकी। किशन तिवारी ने 17 गेंदों पर 63 रन की तूफानी पारी खेलकर मैन ऑफ द मैच का खिताब जीता। दूसरे सेमीफाइनल में बाबा बारूदी ने प्रेस क्लब को 37 रनों से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। बाबा बारूदी ने 14 ओवर में 187 रन बनाए, जबकि प्रेस क्लब 151 रन ही बना सकी। ऋषभ ने 39 गेंदों में 110 रन व 2 विकेट लेकर ऑलराउंड प्रदर्शन किया और मैन ऑफ द मैच बने। मैच के दौरान समाजसेवी अमित तिवारी महाराज जी साथ में श्री राजपूत करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष दुर्गेश सिंह दीपू  खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने के लिए मौजूद रहे।

## पुलिस ने डेढ़ माह से लापता श्री कृष्ण को सकुशल खोज निकाला

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** दो दिन पहले दर्ज गुमशुदगी के मामले में हुसैनगंज पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। डेढ़ महीने से लापता श्री कृष्ण को छितवापुर चौकी इंचार्ज ने महज़ दो दिनों के भीतर सकुशल बरामद कर लिया। श्री कृष्ण के सुरक्षित मिलने से परिजनों ने राहत की सांस ली।थाना प्रभारी हुसैनगंज शिवमंगल सिंह के निर्देशन में छितवापुर चौकी इंचार्ज उपनिरीक्षक गौरव सिंह, उपनिरीक्षक शिवम वर्मा एवं कांस्टेबल मनीष तिवारी की कड़ी मेहनत रंग लाई। पुलिस टीम ने सक्रियता और सतर्कता के साथ गुमशुदा श्री कृष्ण को सुरक्षित तलाश कर परिजनों को सौंपा।परिजनों ने भावुक होकर पुलिस टीम का आभार व्यक्त किया और कहा कि जब उम्मीदें टूट रही थीं।

## बसंत पंचमी उत्सव व पराक्रम दिवस पर कार्यक्रम आयोजित



**बीकेटी,लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** महामाया राजकीय महाविद्यालय, महोना,लखनऊ में बसंत पंचमी उत्सव एवं पराक्रम दिवस का आयोजन शुक्रवार को किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफ़ेसर(डॉ)शहला नुसरत किदवई अली द्वारा मां सरस्वती एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर डॉ जितेंद्र यादव,डॉ शालिनी अग्रवाल, डॉ प्रीति चंद नेगी,डॉ निशांत श्रीवास्तव,डॉ अंकित सती,डॉ जवाहरलाल एवं डॉ दीपिका रावत सहित अन्य प्राध्यापकों ने पुष्पांजलि अर्पित की।छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई।अपने संबोधन में प्राचार्य ने बसंत पंचमी की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस का जीवन त्याग,बलिदान और पराक्रम की प्रेरणा है।उन्होंने बताया कि ॣजय हिंदॣ का नारा नेताजी ने दिया,जो स्वतंत्रता संग्राम में देश की आवाज बना,तथा महात्मा गांधी को 'राष्ट्रपिता' कहने वाले पहले व्यक्ति भी नेताजी थे।कार्यक्रम का संचालन डॉ जितेंद्र यादव द्वारा एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ शालिनी अग्रवाल द्वारा किया गया।

## सुंदरकांड व भंडारे का हुआ आयोजन

**बीकेटी, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** नगर पंचायत महोना के वार्ड संख्या 6 काजी टोला में ए, के,ग्लोबल एकेडमी विद्यालय के ओपनिंग अवसर पर विद्यालय प्रबंधन की ओर से बसंत पंचमी के अवसर पर विद्यालय प्रांगण में सुंदरकांड एवं सरस्वती पूजा और भंडारे का आयोजन किया गया,जिसमें क्षेत्र के सैकड़ो लोगों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया और विद्यालय प्रांगण में प्रवेश पर छात्र-छात्राओं को विशेष शिक्षा की गुणवत्ता के साथ अनुभवी शिक्षकों के द्वारा शिक्षा ग्रहण कराई जाएगी,इसमें गरीब एवं कमजोर बच्चों को विशेष ध्यान रखा जाएगा।संस्थापक छोटे लाल यादव पूर्व प्रधानाचार्य विद्यालय,प्रबंधक मोहम्मद अकील खान बताया कि विद्यालय में निशुल्क एडमिशन,निशुल्क ड्रेस यूनिफॉर्म,गरीब बच्चों के लिए विशेष सुविधाएं और जिन बच्चों के माता-पिता नहीं है उनको निशुल्क शिक्षा ग्रहण कराई जाएगी।वही इस अवसर पर सुरेंद्र यादव अध्यक्ष,प्रधानाध्यापक हाशिम बेग,शिव यादव,मोहम्मद तौहीद खान के अलावा क्षेत्र के बहुत से गणमान्य लोग मौजूद थे।

## डीपीएस एकेडमी इटौंजा में मनाया गया 12वां स्थापना दिवस

**बीकेटी, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** इटौंजा स्थित डीपीएस एकेडमी इटौंजा मेला मैदान में शुक्रवार को बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर विद्यालय का 12वां स्थापना दिवस व भारत माता के सच्चे सपूत... तुम मुझे खून दो,मैं तुम्हें आजादी दूंगा' महाघोष के प्रणेता, नेताजी' सुभाष चंद्र बोस की जयंती बहुत ही हर्ष और उल्लास के साथ मनाई गई। ख़ुशी के इस मौके पर विद्यालय की प्रशासनिक अधिकारी गरिमा सिंह व विद्यालय की प्रिंसिपल ''मीता चक्रवती'' द्वारा मां सरस्वती जी की पूजाय्अर्चना के साथ प्रसाद वितरित किया गया। डीपीएस एकेडमी विद्यालय की स्थापना बसंत पंचमी के पावन दिवस को ''सैल सिंह जी'' के करय्कमलों द्वारा की गई थी।पूरे क्षेत्र में शिक्षा की मूलभूत आवश्यकताओं कों अपने दम पर जनय्जन तक पहुंचाना विद्यालय के मैनेजमेंट का ब्रत और तपस्या थी।विद्यालय के चैयरमैन लाल महेंद्र प्रताप सिंह'' के अथक परिश्रम से विद्यालय भवन का निर्माण कराया गया।विद्यालय की प्रिंसिपल ''मीता चक्रवर्ती व विद्यालय के सभी अध्यापकय्अध्यापिकाओं ने कई सामाजिक कुरीतियों को दूर कर बच्चों में शिक्षा, संस्कृत,संस्कार के साथय्साथ बच्चों के अंदर छिपी प्रतिभाओंय्कलाओं में उन्हें और अधिक ज्यादा निपुण और योग्य बनाया है।विद्यालय की स्थापना दिवस पर कई बच्चों ने मां सरस्वती की पूजा कर अपने जीवन की प्रारंभिक कक्षा में प्रवेश भी लिया। इसके लिए विद्यालय प्रबंधन ने बच्चों व उनके अभिभावकों को पुष्प गुच्छ भेंट कर बहुतय्बहुत बधाई एवं सभी बच्चों को उज्जवल भविष्य की हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की।

## परेशान है बिजली उपभोक्ता, किस से करे फरियाद

लखनऊ।गोसाईगंज क्षेत्र में बिजली उपभोक्ता काफी परेशान है। समस्या के समाधान के लिए वे स्थानीय पवार हाउस के चक्कर काटते रहते है लेकिन अब वहां उनकी फरियाद सुनने वाला कोई नहीं मिलता है। बिजली समस्या से परेशान उपभोक्ता दीपचंद्र पुत्र बाबू के अनुसार उनके बिजली मीटर से बहुत बढ़ा हुआ निकलता है।उपभोक्ता चाहता है कि उसका पुराना विद्युत मीटर हटाकर उसके स्थान पर नया लगा दिया जाय। इसी बात के लिए वह पॉवर हाउस के चक्कर लगा रहा है लेकिन पॉवर हाउस पर एस डी ओ, या जे ई में से कोई नही मिलता है। शिकायत कर्ता के अनुसार जो भी लोग मिलते हैं वे सभी एक ही बात कहते हैं कि बिजली की समस्या के समाधान के लिए कृष्णा नगर में चन्द्र लोक कॉलोनी जाएं, वहीं पर समस्या का समाधान हो सकता है। बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं को लेकर किसान नेता संदीप कुमार यादव ने अपनी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि एक तो पॉवर हाउस के अधिकारी मिलते नहीं हैं तो फोन मिलाने पर रिसीव भी नहीं करते हैं। इसी बात से जनमानस में आक्रोश पनप रहा है।

## डॉ रोशनी रावत ने जीता फर्स्ट रनरअप का खिताब

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** भारत की प्रतिष्ठित पैजेंट्री संस्था ने वॉगस्टार इंडिया सीजन-4 का तीन दिवसीय आयोजन 16, 17 और 18 जनवरी को जयपुर, राजस्थान में किया गया। प्रतियोगिता की संस्थापिका कीर्ति चौधरी ने इस मंच के माध्यम से महिलाओं और युवतियों में आत्मविश्वास, साहस और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने का संदेश दिया। इसमें किसी भी आयु वर्ग की महिला और युवती को भाग लेने का अवसर दिया गया, जबकि कद को लेकर कोई प्रतिबंध नहीं रखा गया। देशभर से हजारों प्रतिभागियों ने इसमें हिस्सा लिया, जिनमें चयन प्रक्रिया के बाद करीब 80 प्रतिभागी अंतिम चरण तक पहुंचीं। अंतिम दौर में प्रतिभागियों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। प्रतियोगिता का आयोजन पांच चरणों में किया गया, जिसमें निर्णायक मंडल ने प्रतिभागियों की प्रतिभा, व्यक्तित्व और प्रस्तुति का गहन मूल्यांकन किया। प्रतियोगिता के प्रशिक्षण सत्रों में शैलजा सूरी, सोर सिंह, प्रीति रावत, गुलनार कौर, शैली, कविता खरायत, सोनू कांबले और पल्लवी ने अहम भूमिका निभाई।

# प्रत्येक पात्र नागरिक का मतदाता सूची में शामिल होना ज़रूरी : उप मुख्यमंत्री

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। भाजपा द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण (एस आई आर) अभियान के अंतर्गत कैंट विधानसभा क्षेत्र के मंडल दो पर बूथ संख्या582 पर घर-घर जनसंपर्क अभियान चलाया गया। अभियान में उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक, वरिष्ठ भाजपा नेता डॉक्टर नीरज सिंह और महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कार्यकर्ताओं के साथ गली-गली जाकर नागरिकों से संपर्क किया और ड्राफ्ट सूची में छूट रहे लोगों के नाम मतदाता सूची में जुड़वाने के लिए फॉर्म-6 भरवाए और संशोधन कराने तथा त्रुटियों को ठीक कराने की प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी दी।इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए प्रत्येक पात्र नागरिक का मतदाता सूची में शामिल होना आवश्यक है। कोई भी योग्य व्यक्ति मतदाता सूची से वंचित न रहे, इसके लिए यह अभियान चलाया जा रहा है।डॉ नीरज सिंह ने कहा कि जनसंपर्क अभियान लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत करने और चुनाव में जन-जन की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक है। विशेष अभियान चला कर छूट रहे लोगों के फार्म भरवाए जा रहे हैं ताकि निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव सुनिश्चित किए जा सकें।

# उच्च अधिकारियों के हस्ताक्षेप के डेढ़ महीने बाद मुकदमा दर्ज

**तीन वर्षीय मासूम बच्ची चार दिसंबर की रात हो गई थी लापता**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। लखनऊ पुलिस अपने धूमिल चेहरे को साफ सुधरी छवि बचा पाने में सक्षम  नजर नहीं आ पा रही है हर रोज नए कारनामे उजागर हो रहे हैं। चारबाग स्टेशन के पास रहने वाले एक परिवार की तीन वर्षीय मासूम बच्ची चार दिसंबर की रात लापता हो गई। परिवार के लोगों की नींद टूटी तो उन्हें बच्ची नहीं मिली। इस पर खोजबीन शुरू की। बच्ची के कानपुर जाने की बात पता चली तो परिवार के लोग कानपुर तक खोजबीन करते गए लेकिन बच्ची का कुछ पता नहीं चला।आरोप है कि जीआरपी में शिकायत पर कोई सुनवाई नहीं हुई। परिवार के लोग मायूस होकर जौनपुर स्थित गांव लौट गए। उन्होंने डाक से पुलिस अधिकारियों से शिकायत की थी। हुसैनगंज पुलिस ने तहरीर लेकर 21 जनवरी को छानबीन कर अपहरण का मुकदमा दर्ज किया है। सीसी फुटेज की मदद से बच्ची की तलाश शुरू की गई है। जौनपुर के मछलीशहर निवासी राजेश ने बताया कि वह पत्नी वीना और तीन वर्षीय बेटी रितिका के साथ चारबाग स्टेशन की बड़ी लाइन के किनारे बनी पानी की टंकी के पास रहते थे। पीड़ित ने बताया कि चार दिसंबर की रात वह परिवार के साथ खाना खाने के बाद सो गए। इसी बीच कोई मुंह दबाकर बेटी का अपहरण कर ले गया।पत्नी की नींद टूटी तो बच्ची नहीं थी। खोजबीन की लेकिन पता नहीं चला। जीआरपी से शिकायत की लेकिन उन्होंने टरका दिया। अगले दिन उन्हें एनजीओ से जुड़ी एक महिला ने किसी बच्ची के कानपुर में मिलने की जानकारी दी। वह लोग कानपुर पहुंचे लेकिन वहां जो बच्ची मिली वह उनकी बेटी नहीं थी। खोजबीन करने पर जब पता नहीं चला तो परिवार के लोग जौनपुर लौट गए। वहां से डाक के माध्यम से एक शिकायत लखनऊ पुलिस को भेजी गई। शिकायत की जांच हुसैनगंज पुलिस को सौंपी गई। इंस्पेक्टर शिवमंगल सिंह ने बताया कि शिकायत के बाद परिवार की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है। दो टीम सीसी फुटेज, हुलिये और लोगों से पूछताछ कर बच्ची की तलाश में जुटी हैं।बच्ची के पिता द्वारा भेजे गए शिकायती पत्र में लिखे मोबाइल नंबर पर पुलिस ने संपर्क किया लेकिन वह बंद था। ऐसे में हुसैनगंज पुलिस की एक टीम जौनपुर पहुंची। रिश्तेदारों की मदद से पुलिस ने बच्ची के परिवार से संपर्क किया और फिर थाने बुलाया। 21 जनवरी को थाने पहुंचकर परिवार ने तहरीर दी तो पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की है।

## दबंग ने किया महिला को लहूलुहान

लखनऊ। शुक्रवार दबंग में नहीं है पुलिस प्रशासन का डर दुबग्गा में मामूली कहा सुनी पर एक पक्ष के दबंग लोगो ने मजदूर के घर मे घुस कर महिलाओं को जमकर पीटा ।जिससे महिलाओं को गंभीर चोटें आई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर घायलों का मेडिकल कराकर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया शाहपुर भमरौली गांव निवासी मजदूर आकाश गुप्ता ने बताया कि वह काम पर गया था ।घर पर पत्नी कुंती गुप्ता ,बहन प्रियांशी व मां मौजूद थी। पीड़ित कुंती गुप्ता ने बताया कि शुक्रवार को दोपहर बाद घर के बाहर खड़ी नंद से कहा कि पढ़ाई कर लो। जिस पर उधर गुज़र रही पड़ोस के अनूप की मां को लगा कि उन्हें अपशब्द कह रही है जिसको लेकर अनुप की मां आकाश की माँ से हाथापाई करने लगी। विवाद की सूचना पर अनूप पक्ष के दबंग लोग आकर पीड़ित कुंती के घर मे घुस कर कुंती ,नंद प्रियांशी व सास को जमकर पीटा ।जिसमे कुंती समेत तीनो को गंभीर चोट आई ।दबंग मारपीट कर फरार हो गए। सूचना पर पहुँची पुलिस ने आरोपी अनूप व राकेश के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज कर लिया है। दुबग्गा इंस्पेक्टर श्रीकांत राय ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तलाश की जा रहीं है ।

# अधिकारियों की टीम ने देखी स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण की तस्वीर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। विकासखंड गोसाईगंज के चांद सराय गांव में अधिकारियों की टीम ने सुबह-सुबह पहुंचकर स्वच्छ भारत मिशन के तहत कराए गए कार्यों की हकीकत देखी। अधिकारियों ने आरआरसी सेंटर व साफ सफाई के तहत कराए गए कार्यों को देखकर सराहना की। डीपीआरओ के नेतृत्व में एडीओ पंचायत व पंचायत सचिव सहित पूरी टीम कई दिनों से गांव को चमकाने में जुटी थी। आज अधिकारियों की टीम ने जल जीवन मिशन के तहत कराए गए कार्यों को भी देखा। पानी की टंकी से किस प्रकार जल सप्लाई हो रही है, कब कब पानी आता है। गांव वालों को कोई दिक्कत तो नहीं है। इन सभी बातों के बारे में टीम के सदस्यों ने ग्रामीणों से भी बातचीत की। निर्बल वर्ग के लोगों को कंबल बांटने के साथ ही अधिकारियों ने गांव में वृक्षारोपण करने के साथ ही ग्रामीणों को भी प्रेरित किया कि अधिक से अधिक पेड़ लगाए। इस मौके पर टीम के सीनियर आईएएस अशोक कुमार के मीणा व राजशेखर, स्वच्छ भारत मिशन के उपनिदेशक राघवेंद्र द्विवेदी उपनिदेशक पंचायती राज शाश्वत आनंद लखनऊ मंडल, डीपीआरओ जितेंद्र कुमार गौड़ एडीओ पंचायत कमल किशोर शुक्ला, जिला कोऑर्डिनेटर अभिनव त्रिवेदी सहित पंचायत सचिव मनोज कुमार गुप्ता उपस्थित रहे।

# महाराजा सुहेल देव पासी की जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई

कैनविज टाइम्स संवाददाता




नगराम , लखनऊ । नगराम क्षेत्र महुली मजरा समेसी स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर पार्क में चक्रवर्ती सम्राट राष्ट्रवीर महाराजा सुहेल देव पासी की जयंती बड़े ही हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाई गई। जयंती समारोह का आयोजन विधानसभा महासचिव गजराज रावत, राम खेलावन एवं बरजोर सिंह यादव द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर ने महाराजा सुहेल देव पासी एवं बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर किया। जयंती के अवसर पर विशाल तहरी भोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष एवं सांसद प्रतिनिधि उमाशंकर वर्मा ने की, जबकि संचालन सांसद प्रतिनिधि एवं अम्बेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव सन्तोष रावत ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर ने महाराजा सुहेल देव के शौर्य, संघर्ष और सामाजिक योगदान पर प्रकाश डालते हुए समाज से शिक्षा को प्राथमिकता देने की अपील की। वहीं डॉ. यशवंत ने महाराजा सुहेल देव पासी के ऐतिहासिक योगदान को विस्तार से बताते हुए समाज में जागरूकता और एकता का संदेश दिया। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी व अम्बेडकर वाहिनी के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# चित्रकला प्रतियोगिता में 100 छात्रों ने लिया भाग

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह-2026 के अंतर्गत सड़क सुरक्षा के प्रति जनजागरूकता फैलाने के उद्देश्य से बुधवार को सेंट मैरी इंटर कॉलेज, वास्तु खंड, लखनऊ में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम परिवहन-यातायात विभाग एवं हीरो मोटोकॉर्प के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में विद्यालय के 100 छात्र-छात्राओं ने सड़क सुरक्षा विषय पर आधारित चित्रों के माध्यम से अपनी रचनात्मक प्रतिभा प्रस्तुत की। प्रतियोगिता के उपरांत 10 सर्वश्रेष्ठ चित्रों का चयन किया गया, जिन्हें विद्यालय प्रशासन द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। निर्णायकों द्वारा घोषित परिणामों में आनया सिंह ने प्रथम, दिशा प्रजापति ने द्वितीय तथा अन्या रॉय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त अशुमान शुक्ला, अंशिका सोनी, काव्य मौर्या, श्रुति यादव एवं रानी कुमारी को भी उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में हीरो मोटोकॉर्प ट्रैफिक पार्क से सुमित मिश्रा, विद्यालय की प्रधानाचार्या पारुल तनेजा, कोऑर्डिनेटर रीना सिंह सहित अन्य शिक्षकऽशिक्षिकाएं उपस्थित रहीं। अतिथियों ने छात्रऽछात्राओं को यातायात नियमों के पालन, हेलमेट व सीट बेल्ट के उपयोग तथा सुरक्षित सड़क व्यवहार के महत्व की जानकारी दी और ऐसे आयोजनों को समाज के लिए अत्यंत उपयोगी बताया।

**बसंत पंचमी पर पारिवारिक न्यायालय परिसर में दिखा श्रद्धा व सेवा का संगम**

# विद्या, विवेक और सेवा भाव से ही मजबूत होता है अधिवक्ता समाज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। बसंत पंचमी के पावन अवसर पर अंजनी के लाल प्राचीन हनुमान मंदिर, पारिवारिक न्यायालय परिसर, लालबाग, एलडीए कार्यालय, में भव्य तहरी भोज का आयोजन किया गया। यह आयोजन गौरव त्रिपाठी एवं अनुज बाजपेई, प्रत्याशी उपाध्यक्ष, मध्य लखनऊ बार एसोसिएशन, लखनऊ के संयुक्त नेतृत्व में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ माननीय वरिष्ठ जिला जज पूजा सिंह द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर विधिवत पूजन-अर्चन एवं माल्यार्पण कर किया गया। इसके पश्चात भगवान हनुमान जी की पूजा-अर्चना संपन्न हुई। इस अवसर पर अनुज बाजपेई एवं गौरव त्रिपाठी ने स्वयं पूजा में सहभागिता निभाते हुए उपस्थित श्रद्धालुओं, अधिवक्ताओं एवं आमजन को तहरी स्वरूप प्रसाद वितरित किया। पूरे कार्यक्रम के दौरान पारिवारिक न्यायालय परिसर में भक्तिमय, सौहार्दपूर्ण एवं सकारात्मक वातावरण व्याप्त रहा। बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं, न्यायालय कर्मियों तथा आम जनमानस ने कार्यक्रम में सहभागिता कर प्रसाद ग्रहण किया।

इस अवसर पर अनुज बाजपेई ने अपने संबोधन में कहा किॣबसंत पंचमी केवल एक पर्व नहीं, बल्कि विद्या, विवेक और संस्कारों का प्रतीक है। अधिवक्ता समाज की मजबूती आपसी सहयोग, सेवा भाव और सामाजिक समरसता से ही संभव है। भविष्य में भी अधिवक्ता हित, सामाजिक दायित्व और एकजुटता के लिए हम निरंतर ऐसे आयोजन करते रहेंगे।ॣ

नवीन कुमार ने बताया कि कार्यक्रम को सफल बनाने में अधिवक्ता पूर्व उपाध्यक्ष सेंटर बाय लखनऊ अनुराग दीक्षित अन्नू, मनोज पांडे, महेश पांडे, सेंट्रल बार लखनऊ महामंत्री प्रत्याशी अनुमेष मिश्रा, सौरभ वर्मा, नरेंद्र कुमार साहू, रंजीत कुमार शर्मा, अमित जायसवाल, राजेश कन्नौजिया, प्रवीण श्रीवास्तव, अभय नाथ मिश्रा, दिव्या मिश्रा, करन यादव, अभिजीत मिश्रा, ऐश्वर्य पांडे, शुभम शुक्ला, काशान अंसारी, कविता त्रिपाठी, रोमा गौतम, आकांक्षा गोस्वामी, चंद्रशेखर आजाद, गौरांग द्विवेदी, महजबीन प्रवीन, वसीमा खान सहित अनेक सहयोगियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई तथा प्रसाद वितरण में सक्रिय सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम के समापन पर आयोजकों ने उपस्थित सभी अतिथियों, अधिवक्ताओं एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

# मां शारदे के साथ मनाया गया नेताजी सुभाष का जन्मोत्सव

कैनविज टाइम्स संवाददाता

धौरहरा (लखीमपुर) । शुक्रवार को नगर के कुसुम कृष्णा स्मृति लान में मां शारदे और नेताजी सुभाष चंद्र बोस का जन्मोत्सव मनाया गया। इस मौके पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की तरफ से तहरी भोज का आयोजन हुआ और श्री जय मिश्रा कोचिंग सेंटर की तरफ से मेघावी छात्र छात्राओं को सीओ धौरहरा शमशेर बहादुर सिंह और चौधरी बेचेलाल डिग्री कालेज के प्राचार्य कंाती प्रसाद ने मेडल व शील्ड देकर सम्मानित किया। सीओ ने छात्र छात्राओं का नेताजी के जीवन से प्रेरणा लेकर मां शारदे की आराधना में तन मन से जुटने का आव्हान किया। उन्होंने कहा कि मां सरस्वती विद्या की देवी हैं और नेताजी शौर्य और स्वाभिमान का अप्रतिम उदाहरण हैं। आज संयोगवश दोनों का जन्मोत्सव है जो यह बताता है कि

## सीओ ने मेघावी छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया



आपको विद्याध्ययन के माध्यम से नेताजी जैसे अप्रतिम व्यक्तित्व के पगचिन्हों पर चलना चाहिए। सीबीएल कि प्राचार्य कंाती प्रसाद ने छात्र छात्राओं को उन्हें मिले पुरस्कार के लिए बधाई देते हुए कहा कि यह मेडल और शील्ड आपके अनवरत अध्ययन श्रम का प्रमाण हैं। जिन्हें यह आज नहीं मिले वह और जोर से तैयारी करें, अगली बार उन्हें भी मिलेगा। इस दौरान बच्चों ने गीत, कविता और प्रेरक उद्बोधन भी प्रस्तुत किये।कार्यक्रम संयोजक धनंजय मिश्र और अभिमन्यु शुक्ल ने बताया कि आयोजन के दौरान बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट परिणाम लाने वाले और मां मनोरमा देवी सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में शीर्ष स्थान पाने वाले छात्र छात्राओं को अतिथियों ने पुरस्कृत किया। कार्यक्रम का आरंभ अतिथि द्वय ने मां शारदे और नेताजी के चित्रों पर माल्यार्पण कर किया और संचालन जीतेन्द्र दीक्षित ने किया। इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन राजीव जायसवाल, व्यापार मंडल अध्यक्ष सुदीप निगम, कस्बा चौकी इंचार्ज वीरेंद्र सिंह, ओमनारायण शुक्ल, बुद्धेश पांडेय सहित गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। समापन एबीवीपी के तहरी भोज के साथ हुआ।

# लखीमपुर खीरी में उत्साह, उल्लास और उमंग से मनाया जाएगा यूपी दिवस

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी । आइए आईटीआई ओपन ऑडिटोरियम और लीजिए यूपी दिवस का आनंद। जी हां खीरी में इस बार उत्तर प्रदेश दिवस 2026 को उत्साह, उल्लास और उमंग के साथ मनाने के लिए प्रशासन ने तैयारियों को अंतिम रूप दिया। आईटीआई ओपन ऑडिटोरियम में आयोजित तीन दिवसीय भव्य कार्यक्रम का शुभारंभ शनिवार को सुबह 11 बजे होगा। कार्यक्रम की शुरुआत राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष राजेश वर्मा करेंगे।

शुक्रवार को सीडीओ अभिषेक कुमार ने यूपी दिवस कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने मुख्य पंडाल और विभागीय स्टालों की तैयारियों की बारीकी से समीक्षा की। सीडीओ ने स्पष्ट निर्देश दिए कि स्टालों पर न केवल योजनाओं की जानकारी दी जाए, बल्कि पात्र लाभार्थियों को उनसे जोड़ कर उनका भविष्य संवारा जाए।



उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देश पर आयोजित इस कार्यक्रम को दिव्य और भव्य बनाने में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के नेतृत्व में सभी सरकारी विभागों ने पूरी ताकत झोंक दी है। सीडीओ अभिषेक कुमार ने सभी विभागीय अफसरों को अपने स्टालों पर तैनात देखा और कहा कि उत्तरदायित्व का सम्यक निर्वाहन समय पर सुनिश्चित किया जाए।

सीडीओ अभिषेक कुमार ने नगरवासियों से आग्रह किया कि वे इस भव्य आयोजन में भाग लें। नगरवासियों की उपस्थिति से यूपी दिवस की शोभा और बढ़ जाएगी।


'लखीरा' ब्रांड के उत्पाद रहेंगे आकर्षण का केंद्र

# तिल भर मच्छी खाय के कोटिन गऊ दे दान

## काशी करवट लै मरै तबहूं नरक निदान

## स्वर्गीय जगदीश कुमार यादव की पुण्य स्मृति में हुआ तेरहवां वार्षिक आध्यात्मिक सत्संग

कैनविज टाइम्स संवाददाता



जहांगीराबाद (सीतापुर)।बसंत पंचमी के अवसर पर कस्बा स्थित श्री कुञ्ज बिहारी लाल सरस्वती ज्ञान मन्दिर इण्टर कालेज जहांगीराबाद के प्रांगण में शुक्रवार को स्वर्गीय जगदीश कुमार यादव की पुण्य स्मृति में तेरहवें वार्षिक आध्यात्मिक सत्संग एवं विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया जिसमें हजारों की संख्या में बाबा जयगुरुदेव के अनुयायी महिला पुरुषों और बच्चों ने भाग लिया। इस अवसर पर आयोजित विशाल भण्डारा में भारी संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।भण्डारा देर शाम तक चलता रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ चिकित्सक एवं समाजसेवी डाक्टर श्याम किशोर वर्मा ने की। मुख्य संदेश वाहक के रूप में सत्संग में जयगुरुदेव धर्म प्रचारक बाराबंकी से पधारे मोहम्मद ईशा ने कहा कि जयगुरुदेव उस शक्तिमान प्रभू का नाम है जो आपका लोक परलोक बनाने में मदद करेगा। समाज में इस समय हिंसा और अपराध की प्रवृत्ति बढ़ रही है। यह मांसाहार और शराब के कारण है। शाकाहारी स्वभाव जो धारेगा,संसार में स्वर्ग उतारेगा। शाकाहारी विचार और कर्म से ही मानव खुशहाल होगा तभी भगवान का भजन कर सकेगा और आत्मा को शान्ति मिलेगी तथा प्रभु के दर्शन होंगे। सत्संग संबोधन में वक्ता सियाराम ने कहा कि प्रभु की कृपा होने वाली है,मालिक की याद में रहो। मनुष्य का शरीर यानी इंसानी जिस्म पाना मालिक की बहुत बड़ी मेहरबानी है।नाम की एक एक बूंद को एकत्र करते रहो।अगर कुछ बाकी रह गया तो फिर मनुष्य शरीर में आ जाओगे और काम पूरा कर लोगे। उन्होंने कहा कि भारतवर्ष कर्मक्षेत्र भूमि है ऊपर के हर मण्डलों की शक्तियां यहां रहा करती हैं।जब संतो का काम हो जाता है तब वह अपना काम करती हैं। कार्यक्रम का संचालन बिसवां संगत के तहसील अध्यक्ष देशराज यादव ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा पूज्यपाद् परम संत बाबा जयगुरुदेव महाराज की प्रार्थना है कि आप सब शाकाहारी हो जायें। इस दौरान आयोजक एवं विद्यालय प्रबंधक वीरेन्द्र कुमार यादव, संगठन मंत्री परमेश कुमार यादव पुजारी,बिसवां ब्लाक संरक्षक रमेश बाबू, , दुर्गेश कुमार,अजय यादव, रावेन्द्र वर्मा, न्याय पंचायत अध्यक्ष अशर्फी लाल व समस्त विद्यालय परिवार सहित हजारों की संख्या में बाबा जयगुरुदेव के उपासक मौजूद रहे।

## बंधक बनाकर किशोरी से दुष्कर्म, आरोपी व सहयोगी महिला गिरफ्तार

शाहजहांपुर। थाना सदर बाजार पुलिस ने बंधक बनाकर किशोरी से दुष्कर्म करने के आरोपी और उसकी सहयोगी महिला को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

बीती शाम थाना सदर बाजार क्षेत्र में मुन्नी उर्फ शकीला नाम की महिला बर्तन धुलवाने की बात कहकर पास में रहने वाली 14 वर्षीय किशोरी को अपने घर ले गई और उसे घर में बंद कर दिया। मुन्नी के घर में पहले से चैक आला खां मोहल्ले का रहने वाला आरिफ पुत्र अजीम मौजूद था। आरोप है कि आरिफ ने बंधक बनाकर किशोरी से दुष्कर्म किया। चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग आ गए। पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने आरोपी आरिफ और मुन्नी के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की। आज पुलिस ने आरोपी आरिफ को छोटे कुतबां के पीछे खण्डहर के पास से गिरफ्तार किया। जबकि उसकी सहयोगी आरोपी शकीला उर्फ मुन्नी को उसके घर से गिरफ्तार किया। पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए दोनों को जेल भेज दिया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना सदर बाजार के अपराध निरीक्षक विनोद कुमार यादव के साथ वरिष्ठ उपनिरीक्षक दिलशाद खां, महिला उपनिरीक्षक साक्षी चैधरी, कां. अंकित सिंह चैहान, तौफीक और पवन कुमार मौर्य मौजूद रहे।

# प्राणप्रतिष्ठा की द्वितीय वर्षगांठ पर भव्य भंडारे का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मछरेहटा (सीतापुर) । श्री राम प्राणप्रतिष्ठा की द्वितीय वर्षगांठ के शुभ अवसर पर विकास खण्ड मछरेहटा अंतर्गत ग्राम बघौना में भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला, जहां सैकड़ों की संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे की व्यवस्थाओं में शिवम राठौर (सोनू), शिवम अवस्थी, भानु प्रताप पाल सहित अन्य स्थानीय युवाओं की सराहनीय भूमिका रही। आयोजन को सफल बनाने में ग्रामवासियों का भी विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना भारत के ब्लॉक अध्यक्ष (खैराबाद) ललित सिंह चौहान उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान पूरे गांव में भक्तिमय वातावरण बना रहा और जय श्रीराम के उद्घोष से क्षेत्र गुंजायमान हो उठा। आयोजकों ने सभी आगंतुकों व सहयोगकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

## इमाम हुसैन के जन्मदिवस पर वितरण किया गया फल, मिठाई

बधुआंकलां/सुलतानपुर। हज़रत इमाम हुसैन के जन्मदिवस के अवसर पर बधुआंकलां में स्टाल लगा कर फल, मिठाई, बिसलरी पानी, चॉकलेट आदि वितरित करते हुए एक दूसरों को मुबारकबाद दी गई। इस दौरान हजारों लोगो ने इमाम हुसैन (अ. स.) को उनके जन्मदिवस पर याद किया। खादिम अब्बास ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी इमाम हुसैन के जन्मदिन पर शुक्रवार को निःशुल्क मिठाई फल पानी व चॉकलेट आदि वितरण किया गया। उन्होंने कहा कि इमाम हुसैन इंसानियत के मसीहा हैं जिनका पूरी दुनिया के हर कौम, धर्म के लोग सम्मान करते हैं। मौलाना फकीह हैदर ने कहा कि ये कैपेन इमाम हुसैन की याद में है जो करोड़ों इंसानों के लिए गरिमा, शांति और बुनियादी मानवाधिकारों के साथ रहने के लिए प्रेरणा स्रोत है। इमाम हुसैन के संदेश को जन-जन तक पहुचाने की जरूरत है। गुलाब अब्बास ने बताया इमाम हुसैन के जन्मदिवस पर हर साल ये आयोजन किया जाता है। सुबह 10 बजे से 4 बजे तक लोगो को फल मिठाई और पानी का वितरण किया गया। इस मौके पर अली अब्बास, हैदर अली, हसन अब्बास, गुड्डू, नूराई, शोएब अहमद, फारुख, हुसैनी, सरवर, साकिर हुसैन, उस्मान खान, मोहम्मद, गाजी अब्बास, राहिल, सैफ, हसनैन जैदी, मसीह आदि बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहते। ये जानकारी फज़ल रिज़वी फैज़ ने दी।

# कल खुलेगा फरधान आरओबी फ्लाईओवर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी। जिलेवासियों को गणतंत्र दिवस से पहले बड़ी राहत मिलने जा रही है। एनएच-730 पर स्थित बहुप्रतीक्षित फरधान आरओबी फ्लाईओवर को 25 जनवरी को आम जनता के लिए खोल दिया जाएगा। फ्लाईओवर के शुरू होते ही लखीमपुरऽगोला मार्ग पर यातायात सुचारू होगा और लंबे समय से लगने वाले जाम से लोगों को निजात मिलेगी।



शुक्रवार को सीडीओ अभिषेक कुमार ने फरधान आरओबी निर्माण स्थल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधूरे कार्यों को देखकर उन्होंने कड़ी नाराजगी जताई और कार्यदायी संस्था को दो दिन के भीतर शेष कार्य हर हाल में पूरा करने का अल्टीमेटम दिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि कार्य की गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

सीडीओ ने बताया कि फ्लाईओवर के चालू हो जाने से फरधान रेलवे क्रॉसिंग पर लगने वाले जाम से राहत मिलेगी। खासतौर पर स्कूली वाहनों, एंबुलेंस और रोजाना आने-जाने वाले लोगों का कीमती समय बचेगा और सफर अधिक सुरक्षित व सुगम होगा। साथ ही अधिकारियों को रोड मार्किंग, लाइटिंग और अप्रोच रोड दुरुस्त करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

फरधान आरओबी के शुरू होने से क्षेत्र में यातायात व्यवस्था बेहतर होगी और व्यापारिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। वर्षों से प्रतीक्षित इस फ्लाईओवर को लेकर स्थानीय लोगों में उत्साह है और गणतंत्र दिवस से पहले मिली इस सौगात का स्वागत किया जा रहा है।

# कोतवाली सदर पुलिस ने 1.5 किलो अवैध गांजा के साथ युवक को किया गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी । पुलिस अधीक्षक खीरी संकल्प शर्मा के निर्देशन में जनपद में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना कोतवाली सदर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। आज दिनांक 23 जनवरी 2026 को कोतवाली सदर पुलिस द्वारा कार्रवाई करते हुए 1.5 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद कर एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान अमन कुमार उर्फ अप्पू पुत्र स्वर्गीय अमर सिंह निवासी ग्राम उदयपुर महेवा, थाना कोतवाली सदर, जिला लखीमपुर खीरी के रूप में हुई है। अभियुक्त के कब्जे से कुल 1.5 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया।



बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर थाना कोतवाली सदर पर मु0अ0सं0 055/2026 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है। इस कार्रवाई को अंजाम देने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक सत्येन्द्र कुमार वर्मा, उप निरीक्षक उमाशंकर, हेड कांस्टेबल दिलीप कुमार, कांस्टेबल सुमित कुमार एवं कांस्टेबल सचिन कुमार शामिल रहे। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जनपद में नशे के कारोबार के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।



## सपा नेताओं ने मनाई सुभाष चन्द्र बोस की जयंती

शाहजहांपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर सपा नेताओं ने पार्टी के जिला कार्यालय पर नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयन्ती मनाई। इस मौके पर पार्टी के सभी नेताओं, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए और उनको याद किया। इस दौरान सपा के जिलाध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खान की अध्यक्षता में एक गोष्ठी का आयोजन हुआ और सुभाष चन्द्र बोस के योगदान पर चर्चा की गई। तनवीर खान ने कहा कि देश को आजाद करने में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की अहम भूमिका रही। उन्होंने आजाद हिंद फौज की स्थापना की और देश में जागृति लाने के लिए पूरे देश का भ्रमण किया और लोगों में स्वतंत्रता का अलख जगाया। जिसका काफी सकारात्मक परिणाम हुआ और हम लोग 1947 में आजाद हुए। पूर्व मंत्री अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस एक महान देशभक्त, क्रांतिकारी और स्वतंत्रता सेनानी थे। उन्होंने भारतीय राष्ट्रीय सेना/ आजाद हिंद फौज का गठन किया था। इस दौरान पूर्व एमएलसी अमित यादव उर्फ रिंकू, सपा जिला महासचिव रंणजय सिंह यादव, सपा प्रदेश सचिव विजय सिंह, रामसूरत यादव, सपा महानगर अध्यक्ष चैधरी रामकुमार भोजवाल, सपा जिला उपाध्यक्ष संजीव कुमार वर्मा, सपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव मोनू कुरैशी, सपा अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश सचिव नाजिम फारूकी, सपा अल्पसंख्यक सभा के जिला अध्यक्ष हफीज अंसारी, तेजपाल यादव, मोहम्मद रफी, मोहम्मद रमीज, मोहसिन खान, धर्मवीर यादव फौजी, इमरान खान, रानू खान, आरिफ खान आदि मौजूद रहे।



## बसंत पंचमी हमें ज्ञान, अनुशासन व सकारात्मक सोच की प्रेरणा देती है : डा. पुनीत मनीषी

शाहजहांपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । बसंत पंचमी पर मनीषी ताइक्वांडो वेलफ़ेयर एसोसिएशन ने रोशनगंज स्थित प्रदेश कार्यालय पर मां सरस्वती का पूजन कार्यक्रम और नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर की गई। इसके बाद नेताजी सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके राष्ट्र के प्रति बलिदान, त्याग और अदम्य साहस को स्मरण किया गया। मनीषी ताइक्वांडो वेलफ़ेयर एसोसिएशन के महासचिव डॉ. पुनीत मनीषी ने कहा कि बसंत पंचमी हमें ज्ञान, अनुशासन और सकारात्मक सोच की प्रेरणा देती है। वहीं नेताजी सुभाष चंद्र बोस का जीवन हमें देश के लिए निडर होकर कार्य करने का संदेश देता है। कहा कि जब शिक्षा और राष्ट्रभक्ति साथ चलती हैं, तभी सशक्त भारत का निर्माण संभव है। उन्होंने बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ खेल, अनुशासन और चरित्र निर्माण पर भी विशेष ध्यान देने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर एसोसिएशन के संरक्षक ओंकार मनीषी, नेहा मनीषी, अविका श्रीवास्तव मनीषी, उर्वशी श्रीवास्तव, निशा, अलकमा, खुशबू, किरन, गौरव भंडारी, अब्दुल खान, मो. आमिर, मो. शोएब अंसारी आदि मौजूद रहे।

# सतचण्डी महायज्ञ में पहुंचे सांसद अशोक रावत व विधायक रामकृष्ण भार्गव



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नैमिषारण्य (सीतापुर) । जनपद सीतापुर के पौराणिक क्षेत्र नैमिषारण्य अंतर्गत ग्राम ततरोई स्थित बैरागी बाबा परिसर में आयोजित सप्तम श्री सतचण्डी महायज्ञ एवं विराट संत सम्मेलन में जनप्रतिनिधियों का आगमन हुआ। महायज्ञ में सांसद अशोक रावत एवं विधायक रामकृष्ण भार्गव ने पहुंचकर देवी मां की पूजा-अर्चना की और क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की।

इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख रामकिंकर पाण्डेय, मुनेन्द्र अवस्थी, रामगोपाल, गन्ना समिति अध्यक्ष सहित क्षेत्र के ग्राम प्रधान, गणमान्य ग्रामीण एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। सात दिवसीय इस महायज्ञ में विद्वान ब्राह्मणों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन-पूजन एवं देवी आराधना की जा रही है। वातावरण भक्तिमय और आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण नजर आया। महायज्ञ का समापन कन्या भोज एवं विशाल भंडारे के साथ किया जाएगा, जिसमें दूर-दराज से श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है।

# एसपी ने दिलाई निष्पक्ष मतदान करने की शपथ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मतदाता जागरूकता, सशक्त लोकतंत्र तथा स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मतदान के संकल्प के साथ की गई। इस दौरान एसपी राजेश द्विवेदी ने उपस्थित समस्त अधिकारियों व कर्मचारियों को मतदाता दिवस की शपथ दिलाई। जिसमें सभी ने संकल्प लिया कि वे लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी निभाएंगे, निष्पक्ष और निर्भीक मतदान करेंगे तथा समाज के प्रत्येक नागरिक को मतदान के प्रति जागरूक एवं प्रेरित करेंगे। शपथ ग्रहण के माध्यम से पुलिस बल में लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति जिम्मेदारी, जागरूकता तथा नैतिक दायित्वों के निर्वहन का संदेश प्रसारित किया गया।



एसपी ने कहा कि मतदान केवल अधिकार नहीं, बल्कि राष्ट्र के भविष्य के निर्माण का महत्वपूर्ण दायित्व है। कहा कि पुलिस विभाग कानून-व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ सामाजिक जागरूकता अभियानों में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने सभी पुलिस कर्मियों से ईमानदारी, निष्पक्षता एवं नैतिक आचरण के साथ लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को मजबूत करने की अपील की। वहीं, उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने लोकतांत्रिक मूल्यों को सुदृढ़ करने एवं समाज में जागरूक मतदान का संदेश फैलाने का संकल्प लिया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नगर देवेन्द्र कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण भंवरे दीक्षा, क्षेत्राधिकारी सदर प्रयांक जैन, क्षेत्राधिकारी नगर पंकज पंत सहित जनपद के विभिन्न थानों व शाखाओं में नियुक्त अधिकारी व कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

## फ्यूचर लीडर्स स्कूल के चतुर्थ स्थापना दिवस पर गूँजा सुंदरकांड

बदायूँ। बदायूँ रोड स्थित प्रतिष्ठित फ्यूचर लीडर्स स्कूल में बसंत पंचमी और विद्यालय के चतुर्थ स्थापना दिवस का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती के पूजन, दीप प्रज्ज्वलन और पुष्पांजलि के साथ हुई, जिसमें समस्त शिक्षक वर्ग ने ल्लशिक्षा के साथ संस्कारङ्क के संकल्प को दोहराया। विद्यालय प्रांगण में पंडित कुलदीप शर्मा एवं मंडली द्वारा सुंदरकांड का सस्वर पाठ किया गया, जिसमें विद्यालय परिवार और अतिथि भक्तिभाव से झूम उठे। कार्यक्रम में डॉ. राजीव कुमार, एडवोकेट राजेंद्र मौर्य, जितेंद्र कुमार माहेश्वरी, दिनेश सिंह और अन्य गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति रही। डायरेक्टर वी.पी. सिंह ने बच्चों के सर्वांगीण विकास और विद्यालय की चार वर्षों की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए प्रेरक भाषण दिया। एम.डी. राहुल कुमार सिंह और प्रधानाचार्य रविंद्र सिंह ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। अंत में विधिवत आरती और भोग प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

# उपरैला गांव में विद्यालय निर्माण में बड़ा घोटाला, ग्रामीणों ने लगाए गंभीर आरोप

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बदायूँ। सरकारी स्कूल जो बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की नींव माने जाते हैं, वही अगर भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाएं तो यह बेहद गंभीर मामला बन जाता है। ऐसा ही एक चौंकाने वाला मामला अलापुर थाना क्षेत्र के ग्राम उपरैला से सामने आया है। गांव में निर्माणाधीन विद्यालय भवन को लेकर ग्रामीणों ने भारी अनिय मितताओं के आरोप लगाए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि भवन निर्माण में घटिया और मानक-विहीन सामग्री का खुलेआम इस्तेमाल किया जा रहा है, जिससे भवन की मजबूती पर सवाल खड़े हो गए हैं।स्थानीय लोगों के अनुसार इस पूरे मामले में विद्यालय के प्रधान अध्यापक, ग्राम प्रधान और ठेकेदार की आपसी सांठगांठ सामने आ रही है। आरोप है कि सरकारी धन का दुरुपयोग कर निर्माण कार्य को केवल कागजों में मजबूत दिखाया जा रहा है, जबकि जमीनी हकीकत इसके बिल्कुल विपरीत है।ग्रामीणों का कहना है कि निर्माण कार्य के प्रारम्भ से खामियाँ शुरू हो गयीं थी पहले पीला ईंट आयी जब उसका विरोध प्रदर्शन कर वापस कराई तो फिर सीमेंट में घपला सामने आया सीमेंट के कट्टो में बड़ी बड़ी गुट्टियां निकल रही थी। उसकी भी शिकायत की गयी। लेकिन अब मामला बहुत गंभीर है। अब घोटालेबाजों द्वारा स्लैब में डालने वाली 8 एम एम की सरिया को लिंटर वाली सरिया के रूप में प्रयोग करने की तैयारी की जा रही है ग्रामीणों का आरोप है कि उन्होंने कई बार संबंधित अधिकारियों से शिकायत की, लेकिन अब तक निर्माण की गुणवत्ता में कोई सुधार नहीं हुआ। लोगों को आशंका है कि यदि समय रहते जांच नहीं कराई गई, तो यह भवन भविष्य में स्कूली बच्चों की जान के लिए खतरा बन सकता है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि बच्चों का भविष्य सुरक्षित रह सके। इस अवसर पर वीरपाल सिंह, होशियार सिंह, जुगेंद्र पाल, बादशाह, लालाराम, अवधेश,प्रेमचंद्र सहित जनकल्याण निगरानी समिति के जिलाध्यक्ष बी के शर्मा इत्यादि के साथ बहुत से लोगों ने इस धांधली का विरोध किया।

# राजपूत करणी सेना ने उठाई आवाज, दो माह बीतने के बाद भी नहीं बदली गई खंडित मूर्ति

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर । हरगांव सीतापुर श्री राजपूत करणी सेना के पदाधिकारियों ने नगर पंचायत हरगांव के अध्यक्ष गफ्फार खान से मुलाकात कर खंडित मूर्ति के संबंध में बातचीत की। अध्यक्ष ने दो माह बाद खंडित मूर्ति बदलवाने का आश्वासन दिया था, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।श्री राजपूत करणी सेना के जिला अध्यक्ष अजेंद्र सिंह ने बताया कि आज एक बार पुनः अधिशासी अधिकारी श्रीश मिश्रा से मुलाकात की, जिन्होंने कहा कि मूर्ति का समझौता हो चुका है आप सभी एसडीएम सीतापुर से बात करें । लेकिन दो माह 15 दिन बीत जाने के बाद भी खंडित मूर्ति नहीं बदली गई जिसको लेकर संगठन के कार्यकर्ताओं ने प्रशासन से जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की जाए भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं अजेंद्र सिंह, जिला अध्यक्ष पंकज सिंह, जिला उपाध्यक्ष सौरभ सिंह, जिला उपाध्यक्ष अभिषेक सिंह,शिवम सिंह तोमर, अमरेंद्र सिंह,अभिषेक ठाकुर, अमित सिंह,शिवपूजन सिंह, डब्लू सिंह, वी पिंटू सिंह, अभय प्रताप सिंह,आदि लोगो ने नगर पंचायत का घेराव किया पदाधिकारियों का बयान जयेंद्र सिंहः हमने नगर पंचायत अध्यक्ष से मुलाकात की थी लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। हम आंदोलन करेंगे। पंकज सिंहः यह हमारी धार्मिक भावनाओं का अपमान है। हम इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे। अभिषेक सिंहः ''हम सरकार से मांग करते हैं कि जल्द से जल्द खंडित मूर्ति बदलवाई जाए और जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की जाए वही श्री राजपूत करणी सेना के पदाधिकारियों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही खंडित मूर्ति नहीं बदली गई तो संगठन द्वारा बड़ा आंदोलन करेंगे जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होंगी।

## आशा कर्मियों की हड़ताल 39वें दिन भी जारी, 9 फरवरी को लखनऊ में बड़े प्रदर्शन का ऐलान

बदायूं। शुक्रवार को आशा कर्मियों की हड़ताल 39वें दिन भी जारी है, लेकिन राज्य सरकार ने अब तक उनकी मांगों को लेकर कोई पहल नहीं की। आज मालवीय आवास मैदान में धरने पर बैठी आशा कर्मियों ने मुख्यमंत्री को अपने खून से पत्र लिखने की योजना बनाई थी, लेकिन इएङ्ठ प्रदेश अध्यक्ष विजय विद्रोही के आग्रह पर इसे रोक दिया गया। जिलाध्यक्ष जौली वैश्य ने कहा कि पिछले 20 वर्षों में सरकार ने आशा कर्मियों की मेहनत और संघर्ष को नजरअंदाज किया है। उन्होंने कहा कि कड़कड़ाती सर्दी में 1 लाख से अधिक आशा कर्मी खुले आसमान के नीचे धरने पर बैठीं, जबकि सरकार केवल अपना चेहरा बचाती रही। जौली ने चेतावनी दी कि केंद्र सरकार का बजट पेश करने वाला दिन ( 2 फरवरी) देखते हुए 30 जनवरी को मुख्यालयों पर प्रदर्शन और 9 फरवरी को लखनऊ में कूंच/घेरा डालने का अभियान चलाया जाएगा। धरने को संबोधित करते हुए जिला सचिव मुनीषा ने सभी कर्मियों से भारी संख्या में शामिल होने की अपील की। धरने में मुन्नी, विनय, सुनीति, अलका, मीना, राजेश्वरी, गिरिजा, सुमनलता और अन्य कार्यकर्ताओं ने भी अपने विचार रखे। जौली वैश्य ने कहा, ''अबकी बार खाली हाथ लौटने का सवाल नहीं है।

## एम्स रायबरेली में ग्लूकोमा जागरूकता पर सीएमई का आयोजन




रायबरेली। ग्लूकोमा जागरूकता माह के अवसर पर एम्स रायबरेली के नेत्र रोग विभाग द्वारा एक सतत चिकित्सा शिक्षा (सीएमई) कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की थीम ल्लसाइलेंट थीफ ऑफ साइटः नो ग्लूकोमा, सेव विज़नङ्क रही। यह शैक्षणिक कार्यक्रम नेत्र रोग विभाग के सेमिनार कक्ष, वार्ड 7ए में संपन्न हुआ। कार्यक्रम प्रो. (डॉ.) अमिता जैन, कार्यकारी निदेशक, एम्स रायबरेली के संरक्षण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कर्नल अखिलेश सिंह (उप निदेशकऽप्रशासन), डॉ. अर्चना वर्मा (डीनऽरिसर्च), कर्नल यू. एन. राय (वित्त सलाहकार), एम्स रायबरेली की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. एस. के. भास्कर, प्रोफ़ेसर, नेत्र रोग विभाग, किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू), लखनऊ रहे। सभी गणमान्य अतिथियों ने सीएमई के सफल आयोजन की सराहना करते हुए ग्लूकोमा जैसी दृष्टिहीनता उत्पन्न करने वाली बीमारी की रोकथाम हेतु जागरूकता एवं शैक्षणिक गतिविधियों के महत्व पर बल दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्लूकोमा के शीघ्र निदान एवं समय पर उपचार के प्रति जागरूकता बढ़ाना था, जो विश्वभर में अपरिवर्तनीय अंधत्व के प्रमुख कारणों में से एक है। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. श्रृंखल द्वारा स्वागत संबोधन एवं विषय परिचय से हुई। इसके पश्चात प्रो. (डॉ.) प्रगति गर्ग, आयोजन अध्यक्ष एवं डीन (परीक्षा) ने ल्लअर्ली ग्लूकोमा, अर्ली एक्शनः चेंजिंग द नैचुरल हिस्ट्रीङ्क विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। अंतिम वैज्ञानिक सत्र में डॉ. एस. के. भास्कर ने ल्लग्लूकोमा में अंतःनेत्र दाब एवं अन्य दाबङ्क विषय पर विस्तृत व्याख्यान दिया। कार्यक्रम का समापन डॉ. रुचि शुक्ला द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। इस सीएमई में फैकल्टी सदस्यों, रेज़िडेंट डॉक्टरों एवं स्वास्थ्यकर्मियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

# जहर खुरानी व टप्पेबाजी गिरोह की 4 महिलाओं समेत 8 गिरफ्तार, जेवरात बरामद

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। थाना खुटार, सर्विलांस सेल और एसओजी की संयुक्त पुलिस टीम ने जहर खुरानी व टप्पेबाजी गिरोह की 04 महिलाओं समेत 08 सदस्यों को गोला रोड पर बनकटा मोड के पास से गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से पुलिस टीम ने सोने-चांदी के जेवरात, 05 मोबाइल और स्टील व एल्यूमिनियम के नये पुराने बर्तन बरामद किए हैं। पकड़े गए अभियुक्त झारखण्ड राज्य के जिला रामगढ़ के थाना घुटुआ क्षेत्र के गांव हेहल निवासी उदय मलहार, उसकी पत्नी निकिता मलहार, थाना चलकुशा मनिया हजारीबाग के ग्राम जमसोती निवासी बिन्दिया पुत्री मटन मलहार, सेनवा देवी पत्नी हीरा, थाना माण्डू के ग्राम मुस्लिम टोला पुंडी निवासी अजय मलहार, जनपद गीरीडीह के थाना तीसरी के गांव खिजुरी की साजन कुमार, उसकी पत्नी राजनन्दनी मल्हार, जनपद हजारीबाग के थाना चैपारन के गांव ताजपुर का पवन मलहार है। पुलिस पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि गिरोह की महिलाएं गांव में घूमकर भोली भाली महिलाओं को निशाना बनाते हैं। उनको अपनी लालच भरी बातों में लेकर उनसे कहते हैं कि उनके घर में माया है, वो धनी हो सकते हैं। आप अपने घर के जेवर सामने रखो, वो लोग बातों में आकर जेवर रख देती हैं। तभी गिरोह की एक महिला उनसे पानी मांगती है और पानी में नशीला पदार्थ उसे पिला देती हैं। वो बेहोश हो जाती है, तो उसके जेवर व नकदी चोरी करके भाग जाते हैं। फिलहाल, पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए सभी अभियुक्तों को जेल भेज दिया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में एसओजी प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र कुमार के साथ सर्विलांस सेल प्रभारी मनोज कुमार, खुटार थानाध्यक्ष श्यामवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

# आस्था और परंपरा का संगम श्री कंजेश्वर धाम के 15 दिवसीय मेले का भव्य शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बछरावां,रायबरेली। 23 जनवरी को श्रद्धा, आस्था और सनातन परंपराओं के प्रतीक श्री कंजेश्वर धाम में आयोजित होने वाले 15 दिनों तक अनवरत चलने वाले ऐतिहासिक मेले का शुभारंभ अत्यंत भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुआ। मेले का उद्घाटन वर्तमान बछरावां विधायक श्री श्यामसुंदर भारती ने विधिवत फीता काटकर किया। इस पावन अवसर पर श्री शंभू पंच अग्नि अखाड़ा, अवंतिका नगरी उज्जैन के स्थानाधिपति श्री कंजेश्वर धाम के परम पूज्य महंत स्वामी विचित्रानंद जी महाराज की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम को आध्यात्मिक ऊंचाइयों तक पहुंचा दिया। मंत्रोच्चार, जयघोष और भक्तों की आस्था से पूरा धाम भक्तिरस में सराबोर नजर आया। उद्घाटन समारोह के दौरान विधायक श्यामसुंदर भारती ने कहा कि श्री कंजेश्वर धाम केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, परंपरा और सामाजिक एकता का जीवंत केंद्र है। ऐसे मेले समाज को जोड़ने और हमारी सनातन विरासत को अगली पीढ़ी तक पहुंचाने का कार्य करते हैं। इस अवसर पर बड़ी संख्या में संत-महात्मा, गणमान्य नागरिक, क्षेत्रीय श्रद्धालु एवं दूर-दराज से आए भक्तजन उपस्थित रहे। मेले के शुभारंभ के साथ ही क्षेत्र में उत्सव का माहौल बन गया है, जहां आगामी 15 दिनों तक धार्मिक अनुष्ठान, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं श्रद्धा से ओतप्रोत आयोजन संपन्न होंगे।

श्री कंजेश्वर धाम का यह मेला न केवल आस्था का प्रतीक है, बल्कि सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक चेतना को भी सशक्त करता है जहां हर वर्ग के लोग एक सूत्र में बंधकर सनातन संस्कृति का उत्सव मनाते हैं।

# ` नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रायबरेली। रायबरेली में आज आजाद हिंद फौज के संस्थापक और जय हिंद का नारा देने वाले नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई। कमला फाउंडेशन के सौजन्य से आयोजित इस कार्यक्रम में पहुंचे गणमान्य लोगों व नागरिकों ने नेता जी की तस्वीर के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित की। यह कार्यक्रम शहर क्षेत्र के जहानाबाद पुलिस चौकी के अंतर्गत धुन्नी सिंह नगर में कमला फाउंडेशन के कार्यालय में आयोजित हुआ।

कार्यक्रम की आयोजक व अध्यक्षता करते हुए कमला फाउंडेशन की अध्यक्ष पूनम सिंह ने नेताजी की तस्वीर के समक्ष पुष्प अर्पित किए और उन्हें याद किया । इस अवसर पर संबोधित करते हुए पूनम सिंह ने कहा कि नेताजी की मौत कैसे हुई इसकी जांच होनी चाहिए। सत्ता में आने से पहले केंद्र की भाजपा सरकार ने उनकी मौत के खुलासे के वादा किया था। लेकिन यह वादा आज भी वादा है। पूनम सिंह ने कहा कि हमारे यहां आज सुभाष जयंती मनाई गई है। हम सभी लोगों ने सुभाष जी को नमन किया है। उनके बलिदान को याद किया है ।आज बसंत पंचमी भी है मैं सभी को उसकी भी सभी को शुभकामनाएं प्रेषित करती हूं। सुभाष चंद्र बोस जी का जो योगदान हमारे देश की लिये रहा है उसका मेरे जीवन में बहुत प्रभाव है। उन्होंने कहा कि बड़ी ही विडम्बना है कि आज लोग सुभाष जी को केवल एक ही दिन के लिये याद करते हैं। उन्होंने कहा कि मैं अपने माँ, पिता व भाई की तरह नेता जी को भी याद करती हूं। इस मौके पर आए हुए गणमान्य लोगों ने नेताजी को याद करते हुए अपने-अपने वक्तव्य रखे। मंच संचालन पूर्व सभासद इसरार अहमद ने किया। इस मौके पर इस अवसर पर शालिनी सिंह, हर्षवर्धन सिंह, जेडी पब्लिक स्कूल की प्रधानाध्यापिका प्रियंका पांडे, सावित्री रावत, रज्जू देवी रावत, आरती पटेल, आरती पासवान, प्रकृति जायसवाल, वंदना जायसवाल, साधना त्रिपाठी, श्रीमती जायसवाल, डॉ हुमा परवीन, तृषा जायसवाल, सत्या दीक्षित, हर्षिका जायसवाल, दामिनी पासवान,सभासद एस पी सिंह, ऑल इंडिया व्यापार मंडल चौहान गुट के अध्यक्ष जे सी चौहान, मो. उमर, पूर्व सभासद इसरार अहमद, रजोले मिश्रा, आमीन पठान, प्रतिभा मिश्रा, अरशद खान,विक्की मिश्रा, मो इम्तियाज, मनोज तिवारी, कृष्ण वीर सिंह, सोनू सिंह, राम शंकर रैदास, अमर सिंह, हिमांशु सिंह, समीर शिगली, अखिलेश श्रीवास्तव, एडवोकेट संदीप मिश्रा, सुमित सिंह, कुलदीप शर्मा सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## तेज़ रफ्तार ट्रक की टक्कर से साइकिल सवार बोरिंग मिस्त्री की मौत, चालक फरार

बिसवां (सीतापुर) कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली क्षेत्र के भोलागंज पुलिस चौकी के निकट शुक्रवार को सड़क हादसे में साइकिल सवार बोरिंग मिस्त्री की मौत हो गई। मृतक की पहचान रामनाथ पुत्र पुत्तू, निवासी ग्राम सिरसा कला, थाना बिसवां के रूप में हुई है। वह बोरिंग का काम करने के लिए साइकिल से जा रहे थे। जैसे ही वह बिसवां–रेउसा रोड पर भोलागंज पुलिस चौकी के पास पहुंचे, पीछे से आ रहे तेज़ रफ्तार ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि रामनाथ की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजने की विधिक कार्यवाही शुरू कर दी है। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार बताया जा रहा है। इस दुर्घटना से मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया है और उनका रो–रोकर बुरा हाल है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## दोपहर बाद शुरू हुई बूंदाबांदी, ठंड बढ़ने से बाजार में पसरा सन्नाटा

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता। शुक्रवार दोपहर अचानक मौसम बदल गया और बूंदाबांदी शुरू हो गई, जिससे ठंड बढ़ गई है। तापमान में गिरावट का अनुमान है, और मौसम विभाग ने 10 प्रतिशत बारिश की संभावना जताई है। हवा की गति 11 किलोमीटर प्रति घंटा रहने का अनुमान है। दोपहर बाद अचानक हुई बूंदाबांदी से गेहूं की फसल को फायदा होने की उम्मीद है, जबकि सरसों व आलू की फसल को नुकसान होने की आशंका के चलते किसानों की चिंता बढ़ गई है, क्योंकि ओलावृष्टि का डर भी सता रहा है । मौसम विभाग की मानें तो अभी दो दिन बारिश, आंधी व ओलों की संभावना है।

## बदायूं कांग्रेस ने प्रयागराज में संत के अपमान पर किया विरोध प्रदर्शन

बदायूं कैनविज टाइम्स संवाददाता। प्रयागराज माघ मेले में ज्योतिषपीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के कथित अपमान और उनके शिष्यों से पुलिस द्वारा मारपीट के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी बदायूं ने नाराज़गी जताई है। कांग्रेस ने योगी सरकार की निंदा करते हुए आज दोपहर 2 बजे मालवीय आवास गृह बदायूं पर ल्लबुद्धि शुद्धि यज्ञङ्क आयोजित करने की घोषणा की है। यह जानकारी जिला कांग्रेस अध्यक्ष अजीत यादव और जिला प्रवक्ता प्रदीप सिंह ने दी।

## सरवस्ती शिशु मंदिर में मनाई गई बसन्त पंचमी

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता। बिसौली क्षेत्र के सरवस्ती समाज सेवक सरवस्ती विद्या मंदिर शरह बरौलिया में बसंत पंचमी के पर्व मनाया गया कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की वंदना और पूजा–अर्चना के साथ हुआ।विद्यालय में हवन के साथ विद्यार्थियों और शिक्षकों ने विद्या, बुद्धि और सद्बुद्धि की कामना करते हुए पुष्प अर्पित किए। इस अवसर पर प्रधानाचार्य संजय उपाध्याय ने अपने संबोधन में कहा कि बसंत पंचमी ज्ञान और सृजन का प्रतीक है। इस अवसर पर सुभाष चौधरी,महिपाल सिंह,सत्य पाल शर्मा,मनोहर लाल गुप्ता, अवनीश पाठक,अनिल कटिया आचार्य ओम कुमार जी आदि उपस्थित रहे।

## उसहैत में भागवत कथा समापन पर खीर वितरण को लेकर मारपीट, तीन घायल चार आरोपी गिरफ्तार, जेल भेजे गए

बदायूं कैनविज टाइम्स संवाददाता। उसहैत थाना क्षेत्र के मिर्ज़ा पुर बसंत गांव में श्रीमद्भागवत कथा के समापन के बाद आयोजित भंडारे के दौरान खीर वितरण को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि मारपीट शुरू हो गई, जिसमें दो महिलाओं सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।घटना में कृष्णा, भारती और दिनेश घायल हुए हैं। बताया जा रहा है कि तीनों को सिर व शरीर के अन्य हिस्सों में अंदरूनी और खुली चोटें आई हैं। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित किया और मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए निगरानी बढ़ा दी गई है और मामले की जांच जारी है। जब जिला अस्पताल में जिला अस्पताल में कैनवस टाइम्स के रिपोर्टर ने घायलों से जाकर बात की तो पाया की दो लड़कियां गंभीर रूप से घायल है जो बेहोश है तथा बात करने के सती में नहीं है जबकि यह घायल होश में है वहां पर घायलों के साथ खड़े हुए कई लोग थे जिन्होंने बताया कि इन सब पर जानलेवा हमला किया गया था उन लोगों में मुकेश पाल, राम भजन, महेंद्र, राजपाल, अखिलेश, रामनिवास, कृष्ण पाल तथा सत्येंद्र पाल के साथ जनकल्याण निगरानी समिति के जिला अध्यक्ष बीके शर्मा के साथ उनकी समिति कई पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

## विकास के पथ पर अग्रसर नगर पंचायत महराजगंज : प्रभात साहू

महराजगंज,रायबरेली कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर पंचायत महराजगंज के वार्ड नंबर 10 स्थित जाकिर हुसैन नगर में नगर पंचायत महाराजगंज अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रभात साहू द्वारा सीसी रोड का उद्घाटन हर्षोल्लास के साथ किया गया। यह सीसी रोड साहेऊम्म के मकान से लेकर नगर पंचायत द्वारा स्थापित पानी की टंकी तक बनाई जायेगी, जिसकी लागत तेरह लाख उन्नीस हजार रुपए है जिससे मोहल्ले के लोगों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी। उद्घाटन के अवसर पर मोहल्लेवासियों में खुशी की लहर देखने को मिली और लोगों ने नगर पंचायत के इस विकास कार्य की सराहना की।सभी ने इस सड़क को वार्ड के विकास की दिशा में एक अहम कदम बताया। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रभात साहू ने कहा कि क्षेत्र में विकास कार्य लगातार जारी है हर वार्ड में सीसी रोड का निर्माण कराया जा रहा है और जनता की मूलभूत समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाएगा। इस मौके पर सभासद नूरुल हसन, धर्मेंद्र वर्मा, विनीत वैश्य, रामकुमार सहित निहाल, हसनैन, शाहेऊम्म, फारूक, मेहरूफ, बुजुर्ग, कौसर समेत बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## बसंत पंचमी पर ग्राम प्रधान प्रदीप कुमार लोधी ने किया 300 कंबलों का वितरण, खिचड़ी भोज का भी आयोजन

महराजगंज,रायबरेली कैनविज टाइम्स संवाददाता। नारायणपुर ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान प्रदीप कुमार लोधी इन दिनों अपने सामाजिक कार्यों को लेकर क्षेत्र में चर्चा का विषय बने हुए हैं। वे लगातार जरूरतमंद और गरीब परिवारों की सहायता कर समाज के अंतिम व्यक्ति तक मदद पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं। बसंत पंचमी के पावन अवसर पर ग्राम प्रधान द्वारा लगभग 300 कंबलों का वितरण किया गया। यह कार्यक्रम नारायणपुर ग्राम पंचायत में जिला पंचायत प्रतिनिधि सरोज गौतम के आवास पर आयोजित हुआ। कंबल वितरण के दौरान ग्राम प्रधान प्रदीप कुमार लोधी ने कहा कि ल्लसमाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सहायता पहुंचाना ही हमारा मुख्य उद्देश्य है। जरूरतमंदों की सेवा से ही समाज मजबूत होता है।ङ्कइस अवसर पर कंबल वितरण के साथ–साथ खिचड़ी भोज का भी आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने सहभागिता की। ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान के इस मानवीय प्रयास की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया। कार्यक्रम में शरद सिंह (जिला महामंत्री), जनमेजर सिंह (जिला उपाध्यक्ष), वरिष्ठ भाजपा नेता विद्यासागर अवस्थी, मंडल अध्यक्ष ब्लॉक शिवगढ़ तुलसी मौर्य, पूर्व मंडल अध्यक्ष शिवगढ़ जीबी सिंह, महराजगंज मंडल अध्यक्ष अमित कुमार श्रीवास्तव, अखिलेश सिंह ,अल्पसंख्यक मोर्चा उपाध्यक्ष रहमत अली, सहित अनुज गौतम, प्रदीप बाजपेई, सुशील चौरसिया एवं भारतीय जनता पार्टी के अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कृषि यंत्रों की ई लाटरी जनपद स्तर पर हुई सम्पन्न

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। कलेक्ट्रेट सभागार में सब मिशन आन एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन एवं प्रमोशन ऑफ एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन फॉर इन–सीटू मैनेजमेंट ऑफ क्रॉप रेज्ड्यू (सीआरएम) योजनान्तर्गत कृषि यंत्रों की ई लाटरी प्रक्रिया जनपद स्तर पर संपन्न कराई गई। ई लॉटरी जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित कार्यकारी समिति की उपस्थिति में पारदर्शी ढंग से कराई गई। ई लाटरी के अंतर्गत जनपद में विभिन्न कृषि यंत्रों हेतु प्राप्त आवेदनों के सापेक्ष लक्ष्यानुसार चयन किया गया। आयल मिल विद फिल्टर प्रेस हेतु दो लक्ष्य के सापेक्ष छह कृषकों द्वारा आवेदन, कम्बाइन हार्वेस्टर (ट्रैक्टर ऑपरेटेड) दो लक्ष्य के सापेक्ष आठ कृषकों द्वारा, पावर चेफ कटर दो लक्ष्य के सापेक्ष पांच कृषकों द्वारा, मल्टीक्रॉप थ्रेसर दो लक्ष्य के सापेक्ष चार कृषकों द्वारा, हैरो एक लक्ष्य के सापेक्ष दो आवेदन तथा सेल्फ प्रोपेल्ड रीपर कंबाइंडर एक लक्ष्य के सापेक्ष दो कृषकों द्वारा आवेदन किया गया था। लक्ष्यानुसार पात्र कृषकों का चयन ई लाटरी के माध्यम से किया गया। चयनित एवं प्रतीक्षारत कृषकों को उनके पंजीकृत मोबाइल नंबर पर एसएमएस के माध्यम से चयन एवं बिल अपलोड करने की अंतिम तिथि की सूचना पोर्टल द्वारा प्रेषित कर दी गई है। निर्धारित समयावधि में यदि चयनित लाभार्थी द्वारा कृषि यंत्र का क्रय नहीं किया जाता है, तो शेष लक्ष्यों के सापेक्ष ई लाटरी से तैयार प्रतीक्षा सूची के क्रम में अन्य कृषकों का चयन किया जाएगा। ई लाटरी प्रक्रिया में उपजिलाधिकारी न्यायिक नीतेश राज, जिला कृषि अधिकारी डॉ. राजेश कुमार, जिला उद्यान अधिकारी, अग्रणी जिला प्रबंधक, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, प्रभारी कृषि विज्ञान केंद्र कठौरा, प्रगतिशील कृषक विनोद शुक्ला, किरण तिवारी, श्रीमती निर्मला देवी सहित आवेदक कृषकगण उपस्थित रहे। ई लॉटरी के माध्यम से ऑयल मिल विद फिल्टर प्रेस हेतु कृषक सुरेन्द्र बहादुर सिंह विकास खण्ड बाजार शुकुल एवं कौशल किशोर विकास खण्ड बहादुरपुर तथा कम्बाइन हार्वेस्टर ट्रैक्टर आपरेटेड हेतु कृषक हनुमान दत्त तिवारी विकास खण्ड जगदीशपुर आदि का चयन किया गया।

# एपीओ की मेहरबानी से योजना में मची है लूट

❒ विकास खंड बभनजोत की ग्राम पंचायतों का मामला

❒ थम नहीं रहा फर्जी मस्टर रोल का खेल, शासन-प्रशासन का सिस्टम फ़ेल



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ एक तरफ जहां भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने और जी रो टालरेंस की नीति पर काम करने का दावा क र रहे हैं,वहीं मनरेगा योजना में फर्जी हाजिरी ल गाने का खेल जिले के बभनजोत ब्लॉक में थ मने का नाम नहीं ले रहा है।विकास खंड बभन जोत की ग्राम पंचायतों में लंबे समय से मनरेगा योजना में फर्जीवाड़े का तड़का लगाने में एपी ओ और तकनीकी सहायक विख्यात हो चुके हैं।क्षेत्र की ग्राम पंचायत सैदापुर, रसूलपुर खान,

नरहरपुर, कुक नगर ग्रंट,करोहा, घारीघाट, बैजल पुर,में ऑनलाइन हाजिरी में फर्जी फोटो अप लोड करने का खेल चल रहा है।बानगी के तौर पर विकास खंड बभनजोत में कई ग्राम पंचा यतों में श्रमिकों की हाजिरी लगाई जा रही है लेकिन वास्तविकता के धरातल पर एक भी श्रमिक को नहीं लगाया गया है।मौके पर कार्य बंद है,किंतु कुछ लोगों को खड़ा करके एक ही फोटो दर्शाकर मस्टर रोल अपलोड किया गया है।यह मामला ऑन लाइन पकड़ में आया है।वहीं दूसरी तरफ काम कोई और करे और फोटो किसी और की अप लोड हो रही है।महिलाओं के नाम में पुरुषों की हाजिरी वाली फोटो दर्शाई जा रही है।यह हाजि री ऑनलाइन में रोजगार सेवक या मेट करते हैं।गांव के तमा म लोगों ने बताया कि हाजिरी में जमकर फर्जी वाड़ा हो रहा है।एक ही फोटो कई मस्टर रोल में अपलोड किया जा रहा है।इस समय इटिया थो क क्षेत्र की सैदापुर,रसूलपुर खान,नरहरपुर कुक नगर ग्रंट,करोहा,घारीघाट,बैजलपुर ग्राम पंचायतों में नाला सफाई,सड़क पर मिट्टी पटाई, तालाब खुदाई व समत लीकरण सहित अन्य काम चल रहा है।इसके साथ साथ मनरेगा में फर्जीवाड़ा भी चल रहा है।कहीं पर महिला व पुरुषों की हाजिरी पोर्टल पर अपलोड की गई, लेकिन पोर्टल पर बार-बार फोटो एक ही अप लोड कर कई मस्टर रोल में दिखा दिया गया है,जो कि बड़े आश्चर्य की बात है।इससे माना जाता है कि अधिकारियों ने निग रानी नहीं की है।

मनरेगा में अनियमितता बर्दाश्त नहीं: सीडीओ

मनरेगा योजना में अनियमितता एवं लापरवाही को लेकर सीडीओ अंकिता जैन सख्त हैं।वह ल गातार इसकी निगरानी भी करा रही हैं,इतना ही नहीं,शिकायतें मिलने पर जांचकराकर कार्रवाई भी करती रहती हैं।इसके बावजूद सिस्टम बेप टरी है।सीडीओ का स्पष्ट कहना है कि मनरेगा योजना में अनियमितता एवं लापरवाही किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।जांच करा कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# फावड़ा से हमला कर पत्नी को उतारा मौत के घाट

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । जिले से रिश्तों के कत्ल की खौफनाक दास्तान सामने आयी है घरेलू कलह की वजह से एक पति ने पत्नी की धारदार हथियार से हत्या कर दी है। जिले के खरगूपुर थाना क्षेत्र में एक पति ने खाना बनाने को लेकर हुए विवाद में अपनी पत्नी की फावड़े से हमला कर हत्या कर दी। घटना भोलाजोत पंचायत के भयकपुर पुरवा गांव में हुई, जहां बाबूलाल यादव ने अप नी 36 वर्षीय पत्नी रीता को मौत के घाट उतार दिया।पुलिस के अनुसार, रीता जब रोटी बना रही थी, तभी पति बाबूलाल से उसका विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर बाबूलाल ने फावड़े से रीता के सिर और गर्दन पर कई वार किए। बता या जा रहा है कि हत्या के बाद उसने ईंट से भी सिर कुचला।वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी बाबूलाल पास के गन्ने के खेत में छिप कर फरार हो गया।सूचना मिलने पर अपर पुलि स अधीक्षक मनोज रावत,फॉरेंसिक टीम, सीओ आनंद राय और खरगूपुर पुलिस मौके पर पहुं ची,पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। मृतक के ससुर सेवक राम की तहरीर पर बाबू लाल यादव के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मृतका रीता की बहन नीता यादव ने बताया कि रीता की शादी बीस साल पहले बाबूलाल यादव से हुई थी। शादी के बाद से बाबूलाल शराब पीने को लेकर अक्सर रीता से झगड़ा करता था। नीता के अनुसार भी रोटी बनाने को लेकर कहासुनी हुई जिसके बाद बाबू लाल ने हमला कर दिया।मृतका रीता के दो ब च्चे हैं - 18 वर्षीय बेटा अंकित यादव और एक बेटी मोहनी यादव। अंकित ई-रिक्शा चलाकर परिवार का भरण-पोषण करता है,जबकि मोह नी अभी पढ़ाई कर रही है।आरोपी बाबूलाल के चार भाई हैं,जो सभी अलग-अलग रहते हैं। इस घटना के बाद से गांव में मातम पसरा हुआ है और परिवार में कोहराम मच गया है।किसी भी अप्रिय स्थिति से बचने के लिए गांव में पुलिस बल तैनात किया गया है।खरगूपुर के प्रभारी निरीक्षक शेषमणि पांडेय ने बताया कि आरोपी पति बाबूलाल की तलाश में पुलिस टीमें गठित की गई हैं।उन्होंने पुष्टि की कि घटना रोटी बना ते समय हुई थी।पुलिस मामले की आगे की जांच कर रही है।

# दिव्यागजनों को बांटे सहायक उपकरण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 129 वीं जयंती पर श्री हरि नारायण सावित्री देवी मिनी चैरिटेबल क्लीनिक गोंडा तथा कल्याणम करोति संस्था,लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम आयोजित कर करीब 250 दिव्यांगों को बैटरी युक्त ट्राई साइकिल,सामान्य ट्राई साइ किल,सिलाई मशीन, व्हील चेयर, बैसाखी आदि सहायक उपकरण का वितरण किया गया,कार्य क्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अपर आयुक्त देवीपाटन मंडल कमलेश चंद्र वाजपेई ने दीप प्राज्वलित कर किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतलाल पटेल ने किया।फुलवारी पब्लिक स्कूल के बच्चों ने सरस्वती वन्दना एवं स्वागत गीत पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। अपर आयुक्त प्रशासन श्री वाजपेई ने कहा कि नेता जी सुभाषचंद्र बोस के जन्मदिन पर कल्याणम करोति लखनऊ और श्री हरि नारायण चैरिटेबल ट्रस्ट गोंडा के द्वारा महिला दिव्यांगों को सिलाई मशीन देना यह बहुत ही बड़ा पुनीत कार्य है। ऐसे कार्य होने से समाज में एक अच्छा संदेश जाता है। इस अवसर पर मौजूद समाजसेवियों एवं पत्र कारों का उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्ट र टीपी जायसवाल एवं एआरओ रविंद्र कुमार सिंह ने सम्मानित किया।इस कार्यक्रम के आयो जन में कल्याणम करोति संस्था के महामंत्री राष्ट्र गौरव शर्मा, राजेश अग्रवाल, डीएन मिश्रा, यूडी पाठक, हरीश मलिक, रामकृपाल शर्मा, संजय शुक्ला, अजय मिश्रा, अनुराग एवं श्री हरि नारायण मिनी चैरिटेबल ट्रस्ट के संजय जायसवाल, अ भि ष े क जायसवाल,अमन, रजत, हर्ष, प्रो.ओकार पाठक, डॉ.राजेश श्रीवास्तव, ज्योति शुक्ला का विशेष योगदान रहा।इस मौके पर एडवोकेट केएल भरद्वाज, शासकीय अधिवक्ता वेद प्रकाश त्रिपाठी,पूर्व बार एसोसि एशन अध्यक्ष महाराज श्रीवास्तव, जसपाल सिंह सलूजा, केबी सिंह,अनिल श्रीवास्तव, प्रो. जितेंद्र सिंह, बबलू पाठक, नीलम श्रीवास्तव, डॉ.महमूद आलम आदि उपस्थित रहे।

# पूर्व विधायक के बेटे ने पुलिस पर लगाए गंभीर आरोप, पिता की पुण्यतिथि पर जाने से रोका



❒ बेटे कुंवर कमलेंद्र मोहन ने कहा मैं डीएनए टेस्ट करवाने को तैयार, शेर का बेटा हूँ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा:बरगदी कोट में कर्नलगंज विधानसभा क्षे त्र से पूर्व विधायक अजय प्रताप सिंह उर्फ लल्ला भैया की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर पारिवारिक विवाद सामने आया है,कार्यक्रम के आयोजन में उनकी पहली पत्नी के दोनों पुत्र कुंवर शारदेन मोहन और कुंवर वेंकटेश मोहन प्रताप सिंह द्वारा किया गया था। इस कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे उनकी दूसरी पत्नी मीना क्षी सिंह के बड़े पुत्र कुंवर कमलेंद्र मोहन सिंह को कर्नलगंज पुलिस ने मौके पर पहुंचने से पह ले ही रोक दिया।पुलिस द्वारा रोके जाने के बाद कुंवर कमलेंद्र मोहन सिंह को कड़ी सुरक्षा के बीच कर्नलगंज स्थित पीडब्ल्यूडी डाक बंगले ले जाया गया।वहां उन्होंने भावुक होकर अपने पि ता की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनकी प्रथम पुण्यतिथि मनाई।इस दौरान वे फूट-फूट कर रो पड़े और कहा, ल्लमैं डीएनए टेस्ट करवाने को तैयार हूँ मैं शेर का बेटा हूँ।

## पीडब्ल्यूडी डाक बंगला को छावनी में तब्दील

पूर्व विधायक के बेटे कुंवर कमलेंद्र मोहन सिंह ने पुलिस से अपने पैतृक गांव और घर जाने की अनुमति मांगी।लेकिन उन्हें इसकी इजाजत न हीं दी गई एहतियातन पीडब्ल्यूडी डाक बंगले को छावनी में तब्दील कर दिया गया।जहां भारी पुलिस बल तैनात रहा।पूर्व विधायक अजय प्रताप सिंह उर्फ लल्ला भैया कर्नलगंज विधान सभा क्षेत्र से सात बार विधायक रहे। उन्होंने दो शादिया की हुई थी। पहली पत्नी से उनके दो पुत्र और दूसरी पत्नी मीनाक्षी सिंह से भी दो पुत्र हैं। 23 जनवरी 2025 को उनके निधन के बाद चारों बेटों ने मिलकर विधि-विधान से अंति म संस्कार किया था।हालांकि, प्रथम पुण्यतिथि के कार्यक्रम में दूसरी पत्नी के बेटों को शामिल नहीं होने दिया गया।

## पूर्व विधायक के परिवार में भेदभाव का आरोप

पूर्व विधायक के बेटे कुंवर कमलेंद्र मोहन सिंह ने आरोप लगाया कि उन्हें ऐसे रोका गया जैसे वे कोई अपराधी हों। उन्होंने कहा कि एक बेटे का कर्तव्य अपने पिता को पुष्पांजलि अर्पित करना होता है,लेकिन उन्हें थाने में बैठाकर लख नऊ लौटने के निर्देश दिए गए, उन्होंने परिवार के भीतर भेदभाव का आरोप लगाते हुए डीए न ए टेस्ट कराने की खुली चुनौती भी दी।वहीं, इस मामले में जब पहली पत्नी के बड़े बेटे कुंवर शा रदेन मोहन सिंह से संपर्क करने का प्रयास कि या गया तो उनका मोबाइल फोन बंद मिला औ र उनका पक्ष सामने नहीं आ सका।उन्होंने कहा कि एक बेटे का कर्तव्य अपने पिता को पुष्पांज लि अर्पित करना होता है,लेकिन उन्हें थाने में बै ठाकर लखनऊ लौटने के निर्देश दिए गए उन्हों ने परिवार के भीतर भेदभाव का आरोप लगाते हुए डीएनए टेस्ट कराने की खुली चुनौती भी दी वहीं, इस मामले में जब पहली पत्नी के बड़े बेटे कुंवर शारदेन मोहन सिंह से संपर्क करने का प्र यास किया गया, तो उनका मोबाइल फोन बंद मिला और उनका पक्ष सामने नहीं आ सका। कोतवाल नरेंद्र प्रताप राय ने बताया कि परिवार के कुछ सदस्यों द्वारा लिखित सूचना दी गई थी कि कुंवर कमलेंद्र मोहन सिंह के आने से विवा द की आशंका है।इसी कारण शांति व्यवस्था ब नाए रखने के लिए उन्हें मौके पर ही रोक दिया गया।पुलिस के अनुसार,स्थिति पूरी तरह नियं त्रण में है।

# ईवीएम वेयर हाउस का डीएम ने किया मासिक निरीक्षण



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला निर्वाचन अधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने उप जिला निर्वाचन अधिकारी अमित कुमार के साथ जिला निर्वाचन कार्यालय परिसर में स्थित इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण कर ईवीएम की सुरक्षा इत्यादि का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सी.सी.टी.वी. कैमरे क्रियाशील पाये गये तथा वेयर हाउस भवन मानक के अनुसार फायर एक्सटिंग्यूशर स्थापित पाये गये। इस अवसर पर सहायक अभियन्ता जल निगम आलोक व अवर अभि. संदीप कुमार जायसवाल तथा निर्वाचन कार्यालय के कार्मिक मौजूद रहे।

# आपरेशन रक्षा अभियान के तहत श्रम विभाग की टीम ने पर होटल, रेलवे स्टेशन व दुकानों पर की छापेमारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी । शासन के निर्देशानुसार बच्चों के दुर्व्यापार से संबंधित अपराधों की रोकथाम हेतु आपरेशन रक्षा अभियान के तहत जनपद जिलाधिकारी संजय चौहान के निर्देशानुसार एवं उपजिलाधिकारी प्रभारी जिला प्रोबेशन अधिकारी सात्विक श्रीवास्तव के नेतृत्व में पुलिस विभाग, बाल कल्याण समिति एवं चाइल्ड हेल्पलाइन की संयुक्त टीम द्वारा विभिन्न स्थानों पर छापेमारी व निरीक्षण किया गया। संयुक्त टीम द्वारा स्थानीय थाना गौरीगंज क्षेत्र अंतर्गत रेवती महल होटल, रेलवे स्टेशन गौरीगंज तथा बस स्टेशन गौरीगंज का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान किसी भी स्थान पर कोई नाबालिग बालक अथवा बालिका कार्यरत नहीं पाए गए। हालांकि रेवती महल होटल के मालिक को सख्त हिदायत दी गई कि भविष्य में नाबालिग से कार्य कराना गैरकानूनी है तथा ऐसा पाए जाने पर बाल श्रम अधिनियम के अंतर्गत कठोर कार्रवाई की जाएगी। इसके उपरांत संयुक्त टीम द्वारा कस्बा सेमरौता का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान इस्माइल कबाब अंडा दुकान पर बालक शफीक बाल श्रम करते हुए पाया गया जिस पर संबंधित को तत्काल चेतावनी दी गई। वहीं गुप्ता फास्ट फूड की दुकान पर बालक कुलदीप बाल श्रम करते हुए पाया गया। दुकान के प्रोपराइटर शुभम गुप्ता से घोषणा पत्र प्राप्त करते हुए भविष्य में बाल श्रम न कराने की कठोर चेतावनी दी गई। संयुक्त टीम द्वारा कस्बे की सभी दुकानों एवं प्रतिष्ठानों के संचालकों को भी स्पष्ट रूप से चेतावनी दी गई कि भविष्य में यदि बाल श्रम कराते हुए पाए गए तो उनके विरुद्ध बाल श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम के अंतर्गत कठोर विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी। उक्त अभियान में अध्यक्ष सदस्य बाल कल्याण समिति अमेठी, संबंधित थानों की पुलिस टीम, मानव तस्करी रोधक इकाई एएचटीयू अमेठी तथा चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 की टीम उपस्थित रही।



## ब्लाक प्रमुख तिलोई के प्रतिनिधि ने जरुरतमंदों को बांटा कम्बल

तिलोई अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। निर्धनों की सेवा बहुत पुण्य का कार्य है जो सच्चे दिल से पीड़ितों असहायो, कमजोर वर्ग के लोगों की सेवा करते हैं तो उनके द्वारा किये गये परोपकार कभी व्यर्थ नही जाते तथा समाज में भी उनकी एक अच्छी पहचान होती है।यह बात ब्लाक प्रमुख तिलोई के प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह ने ग्राम पंचायत अरियांवा में स्वर्गीय मुमताज खां की स्मृति में आयोजित कम्बल वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि कही। ब्लाक प्रमुख तिलोई के प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा कि समाजसेवी इमरान खान द्वारा शीतलहर के प्रकोप से बचने के लिये जिस तरह गरीबों और जरुरतमंदों को कम्बल मुहैया कराया गया है वैसे भी अन्य लोगों को भी सेवा करनी चाहिये।ग्राम पंचायत में लगभग साढ़े तीन सौ लोगों को कम्बल वितरण किये गये। इस मौके पर आयोजक इमरान खान ने मुख्य अतिथि मुन्ना सिंह एवं मौजूद सभी गणमान्य नागरिकों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मौलाना हामिदअशरफ ,पूर्व प्रधान मोहम्मद अशरफ, बाबा अब्दुल सलाम, कदीर, डॉक्टर अलीम, राजेश ओझा कोटेदार, बृजेश, सोनू, मुन्ना खान, कल्लू ,सरफराज आदि लोग मौजूद रहे।

## नुसरत जहाँ ने फर्स्ट डिवीजन व एआईबीई पास कर रची मिसाल

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। शहर के मो0 सालारगज निवासी ससुर रिजवान मेकरानी के समर्थन से सपनों को मिली उड़ान, नुसरत जहाँ बनीं परिवार की पहली महिला अधिवक्ता जिससे परिवार में खुशी का माहौल है। मालूम हो कि नुसरत जहाँ की शादी एलएलबी के तीसरे सेमेस्टर के दौरान हो गई थी, लेकिन इसके बावजूद उनके ससुराल पक्ष ने उनकी शिक्षा को निरंतर जारी रखने के लिए पूरा सहयोग प्रदान किया। मूलरूप से सिद्धार्थ नगर निवासी नुसरत जहाँ ने लखनऊ विश्वविद्यालय से एलएलबी की परीक्षा फर्स्ट डिविजन में उत्तीर्ण की और इसके बाद ऑल इंडिया बार एग्ज़ामिनेशन भी सफलतापूर्वक पास कर एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया। वर्तमान में नुसरत जहाँ अपने पति अधिवक्ता सलमान मेकरानी के मार्गदर्शन में उच्च न्यायालय में विधि अभ्यास कर रही हैं। उल्लेखनीय है कि इस उपलब्धि के पीछे उनके सास ससुर का भी भरपूर सहयोग रहा, जिन्होंने शिक्षा को प्राथमिकता देते हुए नुसरत जहाँ का हर कदम पर उत्साहवर्धन किया। नुसरत जहाँ की यह सफलता उन सभी बेटियों के लिए प्रेरणा है, जो विवाह के बाद भी अपने शैक्षणिक और व्यावसायिक लक्ष्यों को प्राप्त करना चाहती हैं। यह कहानी साबित करती है कि जब शादी के बाद सुसराल का साथ मिले, तो कोई भी बाधा सफलता के मार्ग में रुकावट नहीं बन सकती। नुसरत जहाँ की यह उपलब्धि समाज में महिला शिक्षा, पारिवारिक सहयोग और आत्मनिर्भरता का सशक्त संदेश देती है। उनकी सफलता उन सभी बेटियों के लिए प्रेरणा है, जो विवाह के बाद भी अपने सपनों और करियर को नई ऊँचाइयों तक ले जाना चाहती हैं। सीरत वेलफ़ेयर कमेटी (रजिस्टर्ड) बहराइच के अध्यक्ष जमील अहमद फारूकी एडवोकेट, उपाध्यक्ष मिर्ज़ा शकील बेग, सचिव शादाब हुसैन व कोषाध्यक्ष डा0 अजीमुल्ला खान ने नुसरत जहां की शिक्षा के प्रति लगातार लगन व श्रम तथा इस सफलता पर उन्हें व उनके परिवार को मुबारक बाद पेश की है।

## क्रासकन्ट्री रेस का आयोजन 26 जनवरी को

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। क्रीडा अधिकारी आनन्द कुमार श्रीवास्वत ने बताया कि खेल निदेशालय, उ.प्र. लखनऊ के तत्वाधान में जिला खेल कार्यालय, बहराइच द्वारा 26 जनवरी 2026 को प्रातःकाल 07:00 बजे से पुरुष/महिलाओं की 05 किमी क्रासकन्ट्री रेस का आयोजन इन्दिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम, बहराइच के मुख्य गेट से प्रारम्भ होकर पानी की टंकी चौराहा होते हुये हुजुरपुर रोड, मन्नूकौल कोठी से जेल रोड, अस्पताल चौराहा होते हुये स्टेडियम खेल मैदान में समाप्त होगी तथा बालिकाओं की 03 किमी0 स्टेडियम प्रांगण में आयोजित की जायेगी। उपरोक्त प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले इच्छुक खिलाडी एक दिन पूर्व उपस्थित होकर अपना पंजिकरण करा सकते है। अधिक जानकारी हेतु जिला खेल कार्यालय, इन्दिरा गांधी स्टेडियम, बहराइच से सम्पर्क कर सकते हैं।

## खाद्य एवं रसद मंत्री सतीश चन्द्र शर्मा का अमेठी दौरा आज

अमेठी । प्रदेश सरकार के खाद्य एवं रसद तथा नागरिक आपूर्ति मंत्री व अमेठी जनपद के प्रभारी मंत्री सतीश चन्द्र शर्मा आगामी चौबीस जनवरी को जनपद अमेठी के एक दिवसीय भ्रमण पर रहेंगे। खाद्य एवं रसद राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा प्रातः साढ़े आठ बजे लखनऊ स्थित विक्रमादित्य मार्ग से प्रस्थान करेंगे। बाराबंकी पहुंचने के बाद वह विभिन्न शासकीय एवं राजनीतिक कार्यक्रमों में भाग लेंगे। खाद्य एवं रसद राज्यमंत्री सुबह साढ़े दस बजे अमेठी के लिये प्रस्थान करेंगे तथा दोपहर बारह बजे जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर में आयोजित उत्तर प्रदेश दिवस समारोह के समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। खाद्य एवं रसद राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा तीन बजे भाजपा कार्यालय गौरीगंज पहुंचेंगे जहां जनप्रतिनिधियों, पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे। इसके उपरांत साढ़े तीन बजे भाजपा कार्यालय में आयोजित बैठक में मंत्री कार्यकर्ताओं को अभियान से संबंधित दिशा निर्देश देंगे तथा प्रेस वार्ता को भी संबोधित करेंगे।

# राष्ट्रनायक नेता सुभाषचन्द्र बोस की मनाई गई जयंती

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच। गायत्री चेतना केंद्र परिसर (मैदानी बाबा आश्रम) में विभिन्न राष्ट्रवादी संगठनों के तत्वावधान में राष्ट्र नायक नेता सुभाषचन्द्र बोस जयंती श्रद्धा आस्था के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में उपस्थित गायत्री परिजन, शिक्षाविद, अधिवक्ता, समाजसेवी एवं सनातन धर्मावलंबियों ने नेता सुभाषचन्द्र बोस को कालजई पुरुष बताते हुए उनके पदचिन्हों पर चलकर राष्ट्र की संप्रभुता एवं एकता को बनाए रखने का सामूहिक संकल्प लिया तथा नेता जी के राष्ट्रवादी विचारों को जन जन तक पहुंचाने की कार्य योजना बनाई । गायत्री चेतना केंद्र गायत्री पुरम में आयोजित नेता सुभाषचन्द्र बोस जयंती समारोह को संबोधित करते हुए प्रबंधक प्राचार्य आर0पी0एन श्रीवास्तव ने नेता जी को कालजई पुरुष बताते हुए उन्हें आज़ादी का महानायक बताया और उपस्थित लोगों से उनके पदचिन्हों पर चलकर भारत को सशक्त एवं मजबूत राष्ट्र बनाने में प्रभावी भूमिका तय करने का आवाह्न किया। संरक्षक संजीव श्रीवास्तव एडवोकेट ने नेता जी को आज़ादी का महानायक बताते हुए आजादी की लड़ाई में नेता जी के अमूल्य योगदान को जन जन तक पहुंचाने के लिए अभियान चलाए जाने का आवाह्न किया। शिक्षाविद पुंडरीक पाण्डेय ने नेता जी की विजई गाथा से जन जन को जोड़ने के लिए प्रभावी कार्यक्रम तय करने की बात कही तथा नेता जी को समर्पित स-स्वर राष्ट्रगीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए संघ विचारक अर्जुन कुमार दिलीप जी ने नेता सुभाषचन्द्र बोस को समूचे भारत के युवाओं का आदर्श बताते हुए उनकी स्मृति को संजो कर रखने का आवाह्न किया ताकि युवा नेता जी के विचारों को आत्मसात कर देश को विश्व गुरु बनाने में अपनी प्रभावी भूमिका तय कर सके। कार्यक्रम का संचालन संघ चिंतक ओम प्रकाश सक्सेना ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन समाजसेवी इंजीनियर राधेश्याम श्रीवास्तव ने किया। आयोजित कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पर्यावरण विद प्रेम चंद्र, पंडित जगदीश मिश्र, गौपालक शिव पूजन वर्मा, समाजसेवी प्रेम जालान, मणिकांत, डॉ 0 आभाष अंकुर, कप्तान सिंह, डॉ पंकज श्रीवास्तव, अनिल मिश्र एडवोकेट, उमाकांत सिंह, रेखा श्रीवास्तव, उमापाल सिंह, मिथलेश श्रीवास्तव, सत्या, प्रभावती वर्मा, वंदना सिंह, रुचि श्रीवास्तव आदि महिलाएं उपस्थित रहीं। समापन अवसर पर उपस्थित लोगों ने नेता जी विचारों को आत्मसात कर भारत की एकता व अखंडता को मजबूत बनाए रखने का प्रभावी संकल्प भी लिया।

# ब्लॉक प्रमुख ने लगाया जनता दरबार, सुनी समस्याएं

**सभी के सहयोग से क्षेत्र में बहाई विकास की गंगा विरोधी हुए पस्त विकास लगातार जारी :ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा**

**सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास की तर्ज पर किए हैं लगातार कार्य और आगे भी होते रहेंगे: ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। मरौरी ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा अपने कार्यालय पर जनता दरबार लगाकर क्षेत्र पंचायत सदस्यों एवं ग्राम प्रधानों की समस्याओं को लगातार सुन कर उनका समाधान करने का प्रयास करती हैं। इस जनता दरबार में क्षेत्र पंचायत सदस्य और ग्राम प्रधान अपनी-अपनी ग्राम पंचायत से संबंधित समस्याओं को लेकर पहुंचते हैं।जनता दरबार में ग्रामीणों की समस्याओं का भी समाधान होता हैं। मरौरी ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा लगातार समस्याओं को सुनकर उनका समाधान करने का प्रयास करती हैं।ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा संबंधित विभाग के अधिकारियों को दूरभाष पर समस्याओं के समाधान करने के निर्देश देती हैं। मरौरी ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा कई सालों से लगातार अपने कार्यालय में जनता दरबार लगाती हैं। और ग्रामीणों की समस्याओं सुन कर उनकेका समाधान करने का प्रयास करती हैं।इस जनता दरबार से ग्रामीणों को अपनी समस्याओं को बताने का अवसर मिलता है। ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा लगातार अपने क्षेत्र के विकास के लिए प्रयासरत है। उन्होंने विकासखंड क्षेत्र में कार्य करा कर जनता का भरोसा जीता है। मरौरी ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा के प्रयास से जनता दरबार में आने वाले ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान भी होता है।

## ठंड में अलाव पर ब्लॉक प्रमुख ने एसआईआर के बारे में महिलाओं से की चर्चा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत। मरौरी ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा लगातार अपने क्षेत्र में महिलाओं को एसआईआर के बारे में जानकारी साझा कर रही हैं। इस कड़कड़ाती ठंड में अलाव के पास बैठ कर महिलाओं को फॉर्म 6,7,8 के बारे में जानकारी दे रही हैं। निर्वाचन आयोग के द्वारा निर्धारित किए गए नियमों के बारे में भी जानकारी उपलब्ध करा रही हैं।ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा लगातार

ग्रामीण क्षेत्रों में बूथों का भी औचक निरीक्षण कर रही हैं।निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जा रहे इस विशेष अभियान के अंतर्गत सेक्टर मजिस्ट्रेट बूथ बूथ जाकर अपने कार्यों का निर्वाह कर रहे हैं।उनकी भी जानकारी कर रही हैं। मतदान केंद्र पर मतदाता सूची में जिन मतदाताओं के नाम नहीं है। उन वोटरों से मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करने की अपील भी कर रही है। महिला मतदाताओं को आने बाली समस्याओ का निराकरण भी कर रही हैं। ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा ने महिलाओं को बताया कि अगर किसी कारणवश मतदाता सूची में किसी का नाम नहीं है। तो वह अपने क्षेत्र के बीएलओ से संपर्क कर सूची में नाम दर्ज करवा ले ताकि आने वाले पंचायत चुनाव में सभी लोग अपना मतदान कर सके।

### हिन्दू महासभा के जिला कार्यालय का हुआ उद्घाटन

पीलीभीत।अयोध्या में श्रीराम मंदिर में रामलला की स्थापना की द्वितीय वर्षगांठ के अवसर पर गुरुवार को देर शाम अखिल भारत हिन्दू महासभा द्वारा एक धार्मिक एवं संगठनात्मक कार्यक्रम का आयोजन किया गया यह कार्यक्रम नगर के ईदगाह फाटक के पास स्थित आदर्श चैतन्य शिव मंदिर परिसर में श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ संपन्न हुआ कार्यक्रम के अंतर्गत प्रभु राम की स्तुति, हनुमान चालीसा पाठ, सामूहिक आरती तथा प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं संगठन से जुड़े कार्यकर्ता कार्यक्रम में उपस्थित रहे। पूरे आयोजन के दौरान मंदिर परिसर जयकारों से गूंजता रहा और वातावरण भक्तिमय बना रहा इसी अवसर पर अखिल भारत हिन्दू महासभा के जिला कार्यालय का विधिवत उद्घाटन भी किया गया।

## डॉ. चन्द्रपाल राजभर को मिला स्वामी विवेकानंद राष्ट्रीय सेवा रत्न सम्मान 2026

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। निस्वार्थ सेवा को मानवता की सबसे बड़ी सेवा माना जाता है और इसी भावना को अपने जीवन व कर्म में आत्मसात कर डॉ. चन्द्रपाल राजभर निरंतर समाज के लिए कार्य करते आ रहे हैं। चित्रकला, लेखन और शिक्षण के माध्यम से सामाजिक जागरूकता फैलाने वाले बहुआयामी व्यक्तित्व डॉ. चन्द्रपाल राजभर को उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए स्वामी विवेकानंद राष्ट्रीय सेवा रत्न सम्मान 2026 से सम्मानित किया गया है।यह सम्मान शांति फाउंडेशन, गोंडा द्वारा राष्ट्र निर्माण एवं सामाजिक क्षेत्र में उनके सतत और प्रभावशाली कार्यों को देखते हुए प्रदान किया गया। डॉ. राजभर लंबे समय से कला को सामाजिक परिवर्तन का माध्यम बनाकर पर्यावरण संरक्षण, शिक्षा, मानवीय मूल्यों और वैज्ञानिक सोच के प्रचार-प्रसार में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। उनकी चित्रकृतियाँ और लेख समाज को सोचने, समझने और सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं।डॉ. चन्द्रपाल राजभर इस विचारधारा के जीवंत उदाहरण हैं। उनकी रचनात्मकता और सामाजिक प्रतिबद्धता आज के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है।

इस अवसर पर डॉ. चन्द्रपाल राजभर ने शांति फाउंडेशन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान उन्हें समाज के लिए और अधिक समर्पण व जिम्मेदारी के साथ कार्य करने की प्रेरणा देगा। क्षेत्र में उनके इस सम्मान से शिक्षाविदों, कलाकारों और सामाजिक कार्यकर्ताओं में हर्ष की लहर है।

### संत रविदास जयंती पर होंगे विविध कार्यक्रम

सुलतानपुर। संत शिरोमणि सद्गुरु रविदास जयंती के अवसर पर भव्य समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 01 फरवरी 2026, दिनऽरविवार को प्रातः 11 बजे से सायं तक आयोजित होगा। आयोजन स्थल ग्राम व पोस्टऽइटौंली (पारा बाजार), बल्दीराय, सुलतानपुर निर्धारित किया गया है।

समारोह में संत शिरोमणि सद्गुरु रविदास जी के विचारों एवं संदेशों पर प्रकाश डाला जाएगा। कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों, समाजसेवियों एवं धर्मगुरुओं की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। आयोजन समिति ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जयंती समारोह बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा।

कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण भजनऽकीर्तन व सांस्कृतिक प्रस्तुतियां होंगी, जिनके माध्यम से संत रविदास जी के आदर्शों को जनऽजन तक पहुंचाया जाएगा। आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

# नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर रक्तदान शिविर का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सुल्तानपुर। आज़ाद समाज सेवा समिति द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 129वी जयंती के अवसर पर मेडिकल कॉलेज स्थित ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन कर संस्था के 48 पदाधिकारियों द्वारा रक्तदान महादान कर नेताजी सुभाष चंद्र बोस को अपनी श्रदांजलि अर्पित की। रक्तदान शिविर का सुभारंम्भ वरिष्ठ समाजसेवी करतार केशव यादव द्वारा मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डॉक्टर शलिल श्रीवास्तव मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ आर. के मिश्रा ब्लड बैंक प्रभारी डॉक्टर संजय सिंह वरिष्ठ चिकित्सक एस. के गोयल की उपस्थिति में किया गया तथा उपरोक्त अतिथियों द्वारा रक्तदानियों को प्रशस्ति पत्र भी वितरित किया गया। कार्यक्रम में रक्तदानियों का उत्साह वर्धन करने हेतु संस्था संस्थापक व राज्यसभा सांसद संजय सिंह भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी करतार केशव यादव ने कहा कि देश को आज़ाद कराने वाले वीर सपूतों की स्मृति में रक्तदान जैसे कार्यक्रम का जो आयोजन आज़ाद समाज सेवा समिति द्वारा किया गया है जिसकी जितनी भी प्रशंसा की जाए कम है। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर सलिल श्रीवास्तव ने कहा कि रक्तदान दुनिया का सबसे बड़ा दान कहा जाता है क्योंकि रक्तदान करने से रक्तदानी को किसी भी प्रकार का नुकसान नहीं होता बल्कि वह स्वस्थ रहता है और दूसरी तरफ जीवन और मृत्यु के बीच संघर्ष कर रहे मरीज की जान बचाई जाती है। संस्था अध्यक्ष अशोक सिंह ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस देश के ऐसे वीर महान सपूत थे जिन्होंने देश को आज़ाद कराने के लिए अपना सबकुछ न्योछावर कर दिया हमें उनके सपनों को पूरा करने के लिए देश मे एकता और अखंडता बनाये रखना ही इस महान सपूत को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। रक्तदानियों में प्रमुख रूप से मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर राघवेंद्र सोनकर, डॉक्टर मनीष श्रीवास्तव, डॉक्टर नीरज सिंह,डॉक्टर एस. के तिवारी, रजनी सिंह, विनय सिंह, मोईदअहमद, शरदत्रिपाठी, शुशीलत्रिपाठी, प्रवीण, श्यामशंकर, पवन शर्मा, जितेंद्र सिंह, कुलदीप कुमार,अमित शर्मा, रंजीत कुमार सहित कुल 48 लोगों ने रक्तदान महादान कर नेताजी को अपनी सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था उपाध्यक्ष बब्लू सिंह प्रधान, ओम प्रकाश गौड़, मयंक पांडेय, आलोक निषाद, विनोद पांडेय, मकसूद अंसारी, विक्रम जायसवाल, दीपक सिंह, शमशाद अहमद, अरविंद यादव आदि का सराहनीय योगदान रहा।

### अमेठी के मुख्य पशुचिकित्साधिकारी वित्तीय अनियमितताओं के आरोप में निलम्बित

अमेठी । उत्तर प्रदेश शासन के पशुधन अनुभाग तीन द्वारा जनपद अमेठी के मुख्य पशुचिकित्साधिकारी डॉ. शिव ओम गंगवार को निलंबित कर दिया गया है। यह कार्यवाही शासन को प्राप्त शिकायतों और प्रारंभिक जांच में सामने आई वित्तीय अनियमितताओं एवं शासकीय कार्यों में गम्भीर लापरवाही के आधार पर की गई है।शासनादेश के अनुसार डॉ. शिव ओम गंगवार पर चालू वित्तीय वर्ष के दौरान शासन द्वारा आवंटित धनराशि के उपयोग में अनियमितता, विभागीय निर्देशों की अनदेखी तथा पद का दुरुपयोग करने के आरोप लगाए गए हैं। प्रारंभिक जांच में आरोपों की पुष्टि होने के बाद शासन ने यह कार्यवाही की है।जांच पूरी होने तक निलंबन अवधि में बिना सक्षम अधिकारी की अनुमति के मुख्यालय नहीं छोड़ सकेंगे। इस दौरान डॉ. शिव ओम गंगवार को पशुपालन निदेशालय, अयोध्या मंडल से सम्बद्ध किया गया है। शासन ने उनके विरुद्ध विभागीय जांच प्रारंभ करने के निर्देश भी जारी किये हैं।जांच अधिकारी की नियुक्ति पृथक से की जायेगी जो समस्त आरोपों की विस्तृत जांच कर अपनी रिपोर्ट शासन को सौंपेगा।

## अमेठी में एक करोड़ तैंतीस लाख रुपये से बन रहा मुख्यमंत्री अभ्युदय कम्पोजिट विद्यालय

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी । योगी सरकार की महत्वाकांक्षी शिक्षा पहल के तहत मुख्यमंत्री अभ्युदय कम्पोजिट विद्यालय का निर्माण कार्य जोरों पर है। गौरीगंज विकास खण्ड के धनीजलालपुर गांव में स्थित इस परियोजना पर लगभग एक करोड़ तैंतीस लाख रुपये की लागत आ रही है। शिक्षा विभाग द्वारा संचालित इस आधुनिक स्कूल का निर्माण कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है, जिससे क्षेत्र के छात्रों को बेहतर और समावेशी शैक्षणिक वातावरण मिलेगा। अब तक साठ फ़ीसदी निर्माण पूरा हो चुका है।यह अभ्युदय कम्पोजिट विद्यालय प्री-प्राइमरी से कक्षा आठ तक की शिक्षा प्रदान करने के लिए तैयार किया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में शुरू की गई इस योजना के तहत प्रदेश भर में सैकड़ों परिषदीय विद्यालयों को उच्चीकृत कर आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जा रहा है। अमेठी जिले में धनीजलालपुर का यह स्कूल इसी क्रम में शामिल है। निर्माण कार्य कंस्ट्रक्शन एंड डिजाइन सर्विसेज जल निगम यूनिट उनतीस लखनऊ के माध्यम से किया जा रहा है।विद्यालय में छात्रों की समग्र विकास के लिए कई आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। पांच कक्षों से युक्त एक एकीकृत भवन, लाइब्रेरी, बैडमिंटन कोर्ट, मध्यान्ह भोजन ग्रहण करने हेतु डाइनिंग शेड, दिव्यांग शौचालय, गार्ड रूम, मल्टीपल ड्रींकिग वाटर यूनिट, बालक/बालिका शौचालय, स्टाफ रूम, सांइस लैब, कम्प्यूटर लैब, स्मार्ट क्लास रूम, ओपेन जिम आदि की सुविधा रहेगी। हैंडवाशिंग यूनिट से लेकर यूटिलिटी यार्ड तक की सुविधाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। इसके अलावा क्लासरूम्स को स्मार्ट और सुरक्षित बनाया जाएगा, जिसमें बेहतर फर्नीचर, लाइटिंग, वेंटिलेशन और खेलकूद के लिए मैदान शामिल होंगे।स्थानीय अभिभावक और शिक्षक इस निर्माण से उत्साहित हैं, क्योंकि इससे बच्चों को शहरों की तरह आधुनिक शिक्षा मिल सकेगी और ड्रॉपआउट दर में कमी आएगी।जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी ने बताया कि धनीजलालपुर का यह स्कूल तैयार होने के बाद क्षेत्र के सैकड़ों बच्चों के लिए नई उम्मीद का केंद्र बनेगा। निर्माण कार्य निर्धारित समय पर पूरा होने की उम्मीद है जिससे अमेठी के शिक्षा परिदृश्य में सकारात्मक बदलाव आएगा।कार्यदाई संस्था के प्रोजेक्ट मैनेजर संदीप ने बताया कि अब तक कुल भौतिक प्रगति साठ प्रतिशत है। मुख्य भवन में फिनिशंग व डायनिंग हाल में प्लास्टर का कार्य कराया गया है। हमारी पूरी कोशिश है कि निर्धारित समय के भीतर विद्यालय का निर्माण पूरा करा दिया जाए।

### जगदीशपुर पुलिस ने स्मैक के साथ युवक को पकड़ा

अमेठी । थाना जगदीशपुर पुलिस ने इक्कीस ग्राम स्मैक के साथ एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने पकड़े गये युवक के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में व नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत थाना जगदीशपुर पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान दीपक कुमार पुत्र अयोध्या प्रसाद निवासी ग्राम लखनीपुर थाना बाजारशुक्ल जनपद अमेठी उम्र करीब पैंतीस वर्ष को गिरफ्तार किया गया जिसके कब्जे से इक्कीस ग्राम स्मैक बरामद हुई है। इस सम्बंध में कोतवाली प्रभारी धीरेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवक के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

### एसडीएम मयंक गोस्वामी ने भरा पचपेड़ा में सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील अमरिया की ग्राम पंचायत बिरहनी मे भरा पचपेड़ा के ग्रामीणों का एसआईआर का कार्य अधूरा होने पर बीएलओ द्वारा नोटिस वितरित किया गया था। जिसको लेकर तहसील अमरिया के तहसीलदार विदेह सिंह के पास अपने दस्तावेजों को लेकर उपस्थित होने के लिए कहा गया था। ज्यादातर लोगों के पास दस्तावेज होने से दस्तावेज पूर्ण हुआ जिसमें से लगभग भरा पचपेड़ा के 40 लोगों के पास दस्ताबेज पूर्ण ना होने से ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी मयंक गोस्वामी से गुहार लगायी ।ग्रामीणों की बात सुनकर फोन द्वारा खण्ड विकास अधिकारी अमरिया को निर्देशित किया गया की तत्काल ग्राम पंचायत स्तर के परिवार रजिस्टर की नकल दिलवाया जाए।जिससे कि एस आई आर का कार्य पूर्ण हो सके।खंड विकास अधिकारी के निर्देशन में ग्राम पंचायत बिरहनी के ग्राम विकास अधिकारी अनिल कुमार ने ज्यादा से ज्यादा लोगों की परिवार रजिस्टर की नकल दिए।जिसमें ग्रामीणों के चेहरे खिल उठे हैं।

### पतंग उड़ा कर स्वच्छता का दिया संदेश

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। जनवरी 2026 को नगर पालिका परिषद पूरनपुर के तत्वाधान में सोशियो वाईटल नेटवर्क फाउंडेशन* की टीम द्वारा वार्ड नंबर 2 में बसंत पंचमी के उपलक्ष में बाल सेना के साथ पतंग वितरण व स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया गया।अभियान का मुख्य उद्देश्य बच्चों को स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना व गीला तथा सूखा कचरा अलग-अलग करके देने के लिए प्रेरित करना था।मां सरस्वती प्रार्थना व पतंग वितरण* कार्यक्रम की शुरुआत बच्चों को नीली व हरी पतंगें और डोर वितरित की गई। बच्चों में त्योहार को लेकर भारी उत्साह देखा गया।स्वच्छता व सावधानी पतंग उड़ाने से पहले बच्चों को स्वच्छता का महत्व समझाया गया। उन्हें बताया गया कि उत्सव के दौरान और बाद में मांझा, फटी हुई पतंगें या अन्य कचरा सड़क पर न फेंकें।पतंगों में लिखे गए नारे में स्वच्छता स्लोगन लिखा गया जैसे हर रोगों की एक दवाई, घर में रखो साफ सफाई*। स्वच्छता ही सेवा है इत्यादि।शपथ ग्रहण बच्चों को गीले और सूखे कचरे के बीच अंतर करने और डस्टबिन के सही उपयोग के बारे में जानकारी दी गई। उन्हें 'स्वच्छ वार्ड, सुंदर वार्ड' का संकल्प दिलाया गया।पर्यावरण सुरक्षा* बच्चों को पक्षियों की सुरक्षा के लिए 'चाइनीज मांझे' का उपयोग न करने और केवल सूती धागे का उपयोग करने की सलाह दी गई।

### बसंत पंचमी के अवसर पर सभासद ने ऑनलाइन शॉपिंग का बहिष्कार कर लोकल के दुकानदार से खरीद करने की अपील

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। मां सरस्वती के प्रकटोत्सव बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर मुख्य बाजार के व्यापारी भाइयों ने मिलकर भव्य भंडारे का आयोजन किया इस अवसर पर नगर पालिका सभासद अनुज कुमार गुप्ता ने समाज से अपील की कि सभी लोग ऑनलाइन शॉपिंग छोड़कर आपके सुख-दुख के साथी नगर के व्यापारी भाइयों से ही सामान खरीदें लोकल फॉर वोकल अभियान आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिस पर सरकार ने जोर दिया है, लेकिन विशेषज्ञों ने इसकी सफलता और जमीनी कार्यान्वयन पर चिंताएं व्यक्त की हैं यह चिंता मुख्य रूप से स्थानीय उत्पादों की गुणवत्ता, विदेशी उत्पादों के मुकाबले ऊंचे दाम, डिजिटल मार्केटिंग की कमी और कमजोर आपूर्ति श्रृंखला को लेकर है।

### सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज एवं प्राइमरी स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया वसंत पंचमी एवं विद्यारंभ संस्कार

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में वसंत पंचमी एवं विद्यारंभ संस्कार कार्यक्रम बड़े ही हर्षोल्लास एवं श्रद्धा के साथ मनाया गया कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष विद्यालय अध्यक्ष बृजेश गुप्ता, प्रबंधक हरि बल्लभ गुप्ता, कोषाध्यक्ष उमंग गुप्ता, गौरव गुप्ता, हर्ष गुप्ता, राहुल गुप्ता, राजीव गुप्ता, केशव गुप्ता, प्रवीण गुप्ता, नितिन गुप्ता,राम गुप्ता, सुशील गुप्ता, मोनिका गुप्ता, श्रद्धा गुप्ता, दीक्षा गुप्ता, खुशबू गुप्ता, प्रधानाचार्य संजय कुमार मिश्रा व कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारियों के द्वारा हवन- पूजन कर हुआ इस अवसर पर ज्ञान की देवी माँ सरस्वती की विधिवत पूजा-अर्चना व हवन किया गया , जिससे वातावरण भक्तिमय हो गया प्रधानाचार्य संजय कुमार मिश्रा ने बताया कि वसंत पंचमी के शुभ अवसर पर विद्यालय में नवप्रवेशी विद्यार्थियों के लिए विद्यारंभ संस्कार का आयोजन किया गया शिक्षक- शिक्षिकाओं द्वारा बच्चों को अक्षर ज्ञान कराया गया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई विद्यालय परिवार ने बच्चों को शिक्षा के महत्व के बारे में बताया और उन्हें लगन व परिश्रम से अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर खिचड़ी सहभोज कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।

# बसंत पंचमी पर नगर पालिका की सौगात

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।बसंत पंचमी के पावन अवसर पर नगर पालिका परिषद पीलीभीत द्वारा शिक्षा को समर्पित एक सराहनीय पहल की गई। नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल के नेतृत्व में शहर के विभिन्न प्राथमिक एवं कंपोजिट विद्यालयों में बच्चों के बैठने की सुविधा को बेहतर बनाने के उद्देश्य से बेंच-फर्नीचर सेट वितरित किए गए। नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल ने बताया कि बसंत पंचमी का पर्व विद्या की देवी मां सरस्वती को समर्पित होता है। ऐसे शुभ अवसर पर यदि बच्चों को शिक्षा से जुड़ी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं, तो यह वास्तव में पर्व का सार्थक रूप होता है। इसी सोच के तहत नगर पालिका परिषद द्वारा शहर के प्राथमिक और कंपोजिट विद्यालयों में कुल 244 बेंच-फर्नीचर सेट उपलब्ध कराए गए हैं, जिससे विद्यार्थियों को बेहतर वातावरण में अध्ययन करने का अवसर मिलेगा। इस क्रम में प्राथमिक विद्यालय ताखान में आयोजित कार्यक्रम के दौरान बेसिक शिक्षा अधिकारी रोशनी सिंह की उपस्थिति में विद्यालय को बेंच-फर्नीचर सेट प्रदान किए गए। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर में मां सरस्वती का विधिवत पूजन किया गया तथा बच्चों को बसंत पंचमी परंपरा के अनुसार पीली तहरी का भोजन प्रसाद भी वितरित किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष ने जानकारी दी कि शहर के अन्य प्राथमिक एवं कंपोजिट विद्यालयों में भी चरणबद्ध तरीके से बेंच-फर्नीचर सेट पहुंचाए जा रहे हैं, ताकि किसी भी विद्यालय में बच्चों को बैठने में असुविधा न हो।इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी संजीव कुमार, सभासद साकेत सक्सेना, वतनदीप मिश्रा, निजाकत अली कादरी, निर्मल सिंह टीटू, विपिन कुमार उर्फ राजू फौजी, राशिद हुसैन, अनस अंसारी, रोहित राय, अंशु सोनी, मोहम्मद शरीफ, इकबाल हजरत, अवतार सिंह उर्फ मोनू, सुनीता सिंह, जाहिदा बी, सफाई कर्मचारी संगठन के अध्यक्ष मुकेश कुमार सहित अनेक गणमान्य नागरिक, विद्यालय स्टाफ एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## बसंत पंचमी पर विद्यारंभ संस्कार आयोजन 51 नन्हे बच्चों ने की शिक्षा की शुरुआत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



जयसिंहपुर / सुल्तानपुर। जयसिंहपुर के सरोजपुरम राघवपुर स्थित अनारकली युग निर्माण इंटरमीडिएट कॉलेज में बसंत पंचमी के पावन अवसर पर शुक्रवार को सामाजिक व शैक्षिक महत्व का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान ˜विद्यारंभ संस्कार˜ के अंतर्गत 51 नन्हे बच्चों को शिक्षा और संस्कारों की औपचारिक शुरुआत कराई गई।

कार्यक्रम में पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए विशेष रूप से विद्यारंभ संस्कार का आयोजन किया गया। कॉलेज परिसर में हवन-पूजन के साथ सरस्वती वंदना की गई। प्रबंधक, प्रधानाचार्या, शिक्षक-शिक्षिकाओं और बच्चों ने सामूहिक रूप से धार्मिक अनुष्ठान में सहभागिता की। इस अवसर पर बच्चों को भारतीय संस्कृति, नैतिक मूल्यों और शिक्षा के प्रारंभिक संस्कारों से परिचित कराया गया। संस्थान प्रबंधन का कहना रहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में शुरू से ही संस्कार, अनुशासन और शिक्षा के प्रति रुचि विकसित करना है, ताकि उनका सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो सके।

कार्यक्रम में प्रबंधक राममूर्ति मिश्र, प्रधानाचार्या रेखा मिश्र, शिक्षक संतोष मिश्र के साथ शिक्षिकाएं सीमा साहू, रंजना पाण्डेय, शोभनाथ सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे। सभी ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया और ऐसे आयोजनों को समाज के लिए आवश्यक बताया।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावकों की भी सक्रिय भागीदारी रही। उन्होंने कालेज के प्रयासों की सराहना करते हुए इसे बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। अंत में अतिथियों ने कार्यक्रम की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बच्चों के सफल जीवन की कामना की।

## सम्पादकीय

# दोस्ती की लिखावट

निस्संदेह डिजिटल दौर के नशे में डूबी पीढ़ी वास्तविक रिश्तों से दूर होती जा रही है। वहीं दूसरी ओर छात्रों की लिखने की आदत भी छूटती जा रही है। लेखन हमारी मौलिक व सार्थक अभिव्यक्ति है और सेहत से भी जुड़ा है। पुरानी कहावत हैकृजिसके बहुत सारे दोस्त होते हैं उसका कोई दोस्त नहीं होता। कमोबेश मौजूदा दौर में हकीकत यही है कि जिनके सोशल मीडिया में हजारों-लाखों मित्र व फॉलोवर होते हैं वे निजी जीवन में नितांत एकाकी होते हैं। यह घातक प्रवृत्ति बच्चों में भी तेजी से घर कर रही है। लेखन में हमारी उंगलियों के पोर इस्तेमाल होते हैं, जिनके सिरे हमारे विभिन्न अंगों के स्वास्थ्य से गहरे तक जुड़े रहते हैं। कलम या पेन से लेखन हमारे बौद्धिक विकास में भी सहायक होता है। लेकिन आज मोबाइल व कंप्यूटर, लेपटॉप व टैबलेट के दौर में बच्चे लेखन से दूर होकर खुद को बेहतर ढंग से अभिव्यक्त नहीं कर पाते। इस संकट को महसूस करते हुए सीबीएसई ने छात्रों को मित्रों से जुड़ाव व उनकी लेखन कला को निखारने के लिए अभिनव पहल की है। बोर्ड ने डाक विभाग के साथ मिलकर यूनिवर्सल पोस्टल यूनियन 'इंटरनेशनल लेटर राइटिंग कंपीटिशन-2026' आयोजित करने का निर्णय लिया है। इस प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम आने वाले छात्र को पचास हजार रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा। साथ ही विजेता को अंतर्राष्ट्रीय मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व करने का मौका भी दिया जाएगा। छात्रों को जो पत्र लिखने का विषय दिया गया है वह मौजूदा हालात में बेहद रोचक व उपयोगी है। छात्र को अपने दोस्त को पत्र लिखना है कि मौजूदा डिजिटल दौर में लोगों का आपसी जुड़ाव व बातचीत क्यों जरूरी है। दरअसल, इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों की सोच को विस्तार देना और उनकी लेखन कला को निखारना है। वहीं दूसरी ओर राष्ट्रीय स्तर पर प्रतियोगिता को जीतने वाले प्रतिभागी को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलेगा। उल्लेखनीय है कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर गोल्ड मेडल जीतने पर छात्र को स्विट्जरलैंड के बर्न स्थित यूपीए हेड क्वार्टर का दौरा करने का अवसर मिल सकता है। इस प्रतियोगिता के प्रतिभागी नौ से पंद्रह साल के ही होने चाहिए। वे अपनी एंट्री अंग्रेजी व हिंदी में भी दे सकते हैं। प्रतिभागी अपने स्कूल के माध्यम से ही इस प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं। निश्चित रूप से बच्चों में लिखने की घटती प्रवृत्ति के दौर में यह एक रचनात्मक प्रयास है। दरअसल, लगातार सोशल मीडिया स्क्रॉल करते बच्चे न केवल रचनात्मक लेखन से वंचित हो रहे हैं, बल्कि अपने दोस्तों से भी कटते जा रहे हैं, जिसका असर उनकी याददाश्त व सृजन क्षमता पर भी पड़ रहा है। एक समय था बच्चे डायरी लेखन व स्कूलों में कविता व लेख लिखने को खासे उत्सुक होते थे। दोस्तों के साथ खेल के मैदान और घर पर खेलना उन्हें शारीरिक व मानसिक स्तर पर स्वस्थ रखता था। लेकिन आज बच्चे ऑनलाइन खेलों में इतने मस्त हो जाते हैं कि उन्हें अपने असली दोस्तों का ख्याल ही नहीं रहता। वे जीवन की वास्तविक चुनौतियों से दूर होते जा रहे हैं। इतना ही नहीं, आज शारीरिक सक्रियता के अभाव के कारण बच्चे छोटी उम्र में ही वयस्कों जैसे रोगों के शिकार होते जा रहे हैं। ये रोग शारीरिक भी हैं और मानसिक भी हैं। छात्र अपना बचपन स्वाभाविक रूप से नहीं जी पा रहे हैं। सही मायनों में वे समय से पहले वयस्क होते जा रहे हैं। एक समय बच्चों की लेखन क्षमता पर विशेष ध्यान दिया जाता था। परीक्षा में बाकायदा सुंदर लेखन के अतिरिक्त अंक दिए जाते हैं। लेकिन आज बच्चे इंटरनेट पर उपलब्ध शॉर्टकट के जरिये हर परीक्षा पास करना चाहते हैं। कट-पेस्ट संस्कृति ने उनकी मौलिक सोच व सृजनात्मकता को ग्रहण लगा दिया। अक्सर छात्र प्रतियोगात्मक परीक्षाओं व लेखन प्रतिस्पर्धाओं में ऑनलाइन माध्यमों व इंटरनेट पर उपलब्ध सामग्री को हेर-फ़ेर के साथ प्रस्तुत करते देखे जा रहे हैं, जो उन्हें व्यावहारिक जीवन की प्रतिस्पर्धा में कमजोर बनाता है। ऐसे में सीबीएसई व पोस्टल विभाग की पहल अनुकरणीय व प्रशंसनीय है।

# बालिका विकास के बन्द दरवाजे खोलने का समय

**राष्ट्रीय बालिका दिवस पर विशेष**

**आजादी के अमृत काल में भारत स्वयं को एक नए आत्मविश्वास, नई आकांक्षाओं और नए संकल्पों के साथ गढ़ रहा है। इस परिवर्तनशील भारत की सबसे मजबूत आधारशिला यदि कोई है, तो वह है–बालिका। राष्ट्रीय बालिका दिवस आत्ममंथन का अवसर है कि आज हमारी बालिकाएं किस दशा में हैं, किस दिशा में बढ़ रही हैं और समाज उनके लिए कैसा भविष्य रच रहा है। यह भी प्रश्न है कि क्या हम वास्तव में उस भारत का निर्माण कर पा रहे हैं, जहां बालिका जन्म से ही बोझ नहीं, बल्कि भविष्य की निर्माता मानी जाए। दोनों हाथ एक साथ को चरितार्थ करते हुए पुरुष एवं नारी दोनों की शक्ति से नया भारत निर्मित हो।**

राष्ट्रीय बालिका दिवस बालिकाओं के अधिकारों, शिक्षा, स्वास्थ्य और सशक्तिकरण के लिए जागरूकता बढ़ाने और लैंगिक समानता को बढ़ावा देने का दिन है, जिसकी शुरुआत 2008 में हुई; जिसके माध्यम से बालिकाओं की तस्वीर बदल रही है, जहाँ अब वे शिक्षा, खेल और नेतृत्व में आगे बढ़ रही हैं, लेकिन बाल विवाह, कन्या भ्रूण हत्या और कुपोषण जैसी चुनौतियां अभी भी हैं, जिन्हें 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' जैसी योजनाओं और कानूनों से दूर करने का प्रयास जारी है, जिससे वे समाज का गौरव और प्रगति का चेहरा बन सकें। इस दिवस का उद्देश्य बालिकाओं के अधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाना, लैंगिक भेदभाव को कम करना, शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण के महत्व पर जोर देना है। बालिकाएं अब विज्ञान, प्रौद्योगिकी, रक्षा और नेतृत्व जैसे क्षेत्रों में आगे बढ़ रही हैं। समाज में बेटियों के प्रति सोच में बदलाव आया है। कानूनी उपाय जैसे बाल विवाह निषेध अधिनियम, पोस्को अधिनियम और सरकारी योजनाएं जैसे मिशन वात्सल्य, पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रन आदि बालिकाओं के कल्याण के लिए काम कर रही हैं। इन सबके बावजूद आज भी बालिकाएं शोषण एवं भेदभाव का शिकार है। बालिका लिंगानुपात में भले ही सुधार हुआ है, लेकिन बाल विवाह और कन्या भ्रूण हत्या जैसी कुप्रथाएँ अभी भी मौजूद हैं। बालिकाओं में एनीमिया और कम वजन जैसी पोषण संबंधी समस्याएं चिंता का विषय बनी हुई हैं। पितृसत्तात्मक मानसिकता को खत्म करने और बालिकाओं को समान अवसर देने की आवश्यकता है। आजादी के अमृत काल में भारत स्वयं को एक नए आत्मविश्वास, नई आकांक्षाओं और नए संकल्पों के साथ गढ़ रहा है। इस परिवर्तनशील भारत की सबसे मजबूत आधारशिला यदि कोई है, तो वह है-बालिका। राष्ट्रीय बालिका दिवस आत्ममंथन का अवसर है कि आज हमारी बालिकाएं किस दशा में हैं, किस दिशा में बढ़ रही हैं और समाज उनके लिए कैसा भविष्य रच रहा है। यह भी प्रश्न है कि क्या हम वास्तव में उस भारत का निर्माण कर पा रहे हैं, जहां बालिका जन्म से ही बोझ नहीं, बल्कि भविष्य की निर्माता मानी जाए। दोनों हाथ एक साथ को चरितार्थ करते हुए पुरुष एवं नारी दोनों की शक्ति से नया भारत निर्मित हो। पिछले कुछ दशकों में बालिकाओं की स्थिति में उल्लेखनीय सुधार हुए हैं। शिक्षा के क्षेत्र में उनकी भागीदारी बढ़ी है, खेल, विज्ञान, प्रशासन, राजनीति और उद्यमिता में बालिकाओं और महिलाओं ने असाधारण उपलब्धियां अर्जित की हैं। आज ग्रामीण भारत की बेटियां भी अंतरिक्ष विज्ञान, स्टार्टअप, सेना और सिविल सेवाओं में अपनी उपस्थिति दर्ज करा रही हैं। यह परिवर्तन संकेत देता है कि आजादी के अमृत काल में महिलाओं और बालिकाओं की भूमिका केवल सहभागी नहीं, बल्कि नेतृत्वकारी होगी और यही राष्ट्र के सर्वोच्च शिखर की ओर ले जाने वाली शक्ति बनेगी। लेकिन इस उजली तस्वीर के समानांतर एक कड़वा यथार्थ भी है, जिसे नज़रअंदाज़ नहीं किया जा सकता। आज भी बालिकाओं और महिलाओं के विरुद्ध अपराध, शोषण, यौन हिंसा, घरेलू अत्याचार, बाल विवाह और साइबर उत्पीड़न जैसी घटनाएं समाज की संवेदनशीलता पर प्रश्नचिह्न लगाती हैं। बलात्कार और हिंसा की घटनाएं केवल कानून-व्यवस्था की समस्या नहीं हैं, वे हमारी सामूहिक मानसिकता की विफलता का परिणाम हैं। जब एक बच्ची की सुरक्षा घर, स्कूल, सड़क और डिजिटल दुनिया-कहीं भी सुनिश्चित नहीं होती, तब यह स्पष्ट हो जाता है कि विकास के दावे अधूरे हैं। नए भारत, विकसित भारत और समता-मूलक भारत की परिकल्पना में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच का केंद्रबिंदु नारी-शक्ति और विशेषकर बालिकाओं का सशक्तिकरण है। उनका दृष्टिकोण केवल कल्याणकारी योजनाओं तक सीमित नहीं, बल्कि सामाजिक मानसिकता के रूपांतरण का आह्वान करता है। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ जैसी अनेक योजनाओं ने बालिका को बोझ नहीं, बल्कि राष्ट्र की पूंजी के रूप में देखने की दृष्टि विकसित की है। शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, स्वच्छता, डिजिटल सशक्तिकरण और सुरक्षा से जुड़ी योजनाओं ने बालिकाओं के लिए अवसरों के नए द्वार खोले हैं। प्रधानमंत्री का यह स्पष्ट संदेश है कि जब तक बालिका शिक्षित, सुरक्षित और आत्मनिर्भर नहीं होगी, तब तक विकसित भारत का सपना अधूरा रहेगा। उनकी व्यापक सोच बालिका को केवल संरक्षण की वस्तु नहीं, बल्कि नेतृत्व, नवाचार और राष्ट्र निर्माण की सक्रिय सहभागी मानती है। यही कारण है कि आज की बालिकाएं आत्मविश्वास के साथ विज्ञान, खेल, प्रशासन और उद्यमिता में आगे बढ़ रही हैं और आने वाला भारत नारी-शक्ति के नेतृत्व में संतुलित, समतामूलक और सशक्त राष्ट्र के रूप में उभरता दिखाई देता है। समस्या की जड़ केवल अपराधी नहीं, बल्कि वह सोच है जो बालिका को कमजोर, पराधीन और सहनशील मानती है। यह सोच परिवार से शुरू होकर समाज और संस्थानों तक फैलती है। बेटा-बेटी में भेद, आज भी कई घरों में संसाधनों, अवसरों और स्वतंत्रता के वितरण में दिखाई देता है। बालिकाओं को 'संस्कार' के नाम पर चुप रहना सिखाया जाता है, जबकि बालकों को अधिकार और स्वच्छंदता। यही असमान सामाजिक प्रशिक्षण आगे चलकर हिंसा और शोषण को जन्म देता है। आज जरूरत है एक नए सामाजिक दृष्टिकोण की-ऐसे दृष्टिकोण की, जिसमें अपराध के बाद की प्रतिक्रिया नहीं, बल्कि अपराध से पहले की रोकथाम केंद्र में हो। समाज को यह समझना होगा कि महिलाओं पर हो रहे अत्याचार केवल महिलाओं का मुद्दा नहीं, बल्कि पूरे समाज की नैतिक पराजय हैं। कानून सख्त हों, यह आवश्यक है, पर उससे भी अधिक आवश्यक है सामाजिक चेतना का परिवर्तन। जब तक हम पीड़िता से प्रश्न पूछते रहेंगे, उसके कपड़े, उसका समय, उसकी स्वतंत्रता-तब तक अपराधियों का मनोबल टूटेगा नहीं। इसी के साथ बालिकाओं और महिलाओं को भी अपनी सोच को नए सिरे से गढ़ना होगा। आत्मनिर्भरता केवल आर्थिक नहीं, मानसिक और वैचारिक भी होनी चाहिए। शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री नहीं,



आत्मविश्वास, आत्मसम्मान और निर्णय लेने की क्षमता विकसित करना होना चाहिए। बालिकाओं को यह सिखाना होगा कि वे अपने अधिकारों को पहचानें, अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाएं और स्वयं को किसी भी रूप में कमतर न मानें। आज की बालिका को 'सहनशील' नहीं, 'सजग और सशक्त' बनाना समय की मांग है। शासन और प्रशासन की भूमिका भी इस परिवर्तन में निर्णायक है। योजनाएं तभी प्रभावी होंगी, जब वे जमीनी स्तर तक पहुंचें और उनका क्रियान्वयन संवेदनशीलता के साथ हो। पुलिस, न्यायपालिका, शिक्षा तंत्र और स्वास्थ्य व्यवस्था-सभी में जेंडर संवेदनशीलता को अनिवार्य बनाना होगा। फास्ट ट्रैक न्याय, पीड़िता केंद्रित प्रक्रियाएं और मानसिक परामर्श जैसी व्यवस्थाएं केवल कागजों में नहीं, व्यवहार में दिखनी चाहिए। डिजिटल युग में साइबर सुरक्षा और ऑनलाइन उत्पीड़न से निपटने के लिए भी विशेष रणनीति आवश्यक है। साथ ही, पुरुषों और बालकों की भूमिका को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। लैंगिक समानता केवल महिलाओं की जिम्मेदारी नहीं है। बालकों को बचपन से ही सम्मान, सह-अस्तित्व और समानता के मूल्य सिखाने होंगे। जब पुरुष स्वयं को 'रक्षक' नहीं, बल्कि 'सहयात्री' मानेंगे, तभी समाज में वास्तविक संतुलन आएगा। पितृसत्ता की जड़ें तभी कमजोर होंगी, जब परिवार में पिता और मां दोनों समान रूप से बालिका की क्षमताओं पर विश्वास करेंगे। आजादी के अमृत काल में भारत जिस 'विकसित राष्ट्र' की परिकल्पना कर रहा है, वह तब तक पूर्ण नहीं हो सकती, जब तक उसकी आधी आबादी भय, भेदभाव और असुरक्षा में जीती रहे। बालिका केवल भविष्य की नागरिक नहीं, बल्कि वर्तमान की निर्माता है। उसकी शिक्षा, सुरक्षा और सशक्तिकरण में किया गया निवेश, राष्ट्र की सबसे बड़ी पूंजी है। जब एक बालिका सुरक्षित, शिक्षित और आत्मविश्वासी होती है, तब वह केवल अपना जीवन नहीं बदलती-वह पीढ़ियों का भविष्य संवार देती है। राष्ट्रीय बालिका दिवस 2026 पर यह संकल्प आवश्यक है कि हम केवल नारों और दिवस-विशेष की औपचारिकताओं तक सीमित न रहें। हमें अपने घरों, स्कूलों, कार्यस्थलों और समाज में व्यवहारिक परिवर्तन लाना होगा। सोच बदलनी होगी-बालिका को दया या संरक्षण की नहीं, सम्मान और समान अवसर की जरूरत है। जब समाज, शासन और स्वयं बालिकाएं मिलकर इस परिवर्तन की जिम्मेदारी उठाएंगी, तब निश्चित ही आजादी के अमृत काल में भारतीय बालिका राष्ट्र के सर्वोच्च शिखर पर अपनी भूमिका निभाती दिखाई देगी-न केवल प्रतीक के रूप में, बल्कि शक्ति, विवेक और भविष्य की दिशा तय करने वाली निर्णायक शक्ति के रूप में। **–ललित गर्ग**

# दावोस में गूंजा मध्यप्रदेश का आत्मविश्वास

**पवन वर्मा**

वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम, दावोस में इस बार मध्यप्रदेश की उपस्थिति ने दुनियाभर का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया है। देश ही नहीं बल्कि दुनिया भर के प्रमुख उद्योगपति अब मध्यप्रदेश की नीतियों पर भरोसा कर रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में बीते दो वर्षों में अपनाई गई उद्योग हितैषी नीतियों का असर अंतरराष्ट्रीय मंच पर साफ और स्पष्ट रुप से दिखा। दावोस में वैश्विक उद्योगपतियों और निवेशकों ने मध्यप्रदेश को लेकर गंभीर रुचि दिखाई। राज्य सरकार की ओर से भी यह संकेत साफ रहा कि मध्यप्रदेश का औद्योगिक विकास केवल घोषणाओं तक सीमित नहीं है। नीति, प्रशासन और बुनियादी ढांचे में किए गए सुधार अब लगातार परिणाम दे रहें हैं। इसी कारण दावोस में हुई बातचीत सामान्य औपचारिकताओं से आगे बढ़कर साझेदारी और निवेश की संभावनाओं तक पहुंची। निवेशकों के लिए सबसे अहम सवाल होता है स्थिरता और भरोसा। मध्यप्रदेश सरकार ने इसी मोर्चे पर अपनी स्थिति मजबूत की है। सिंगल विंडो सिस्टम, निर्णय प्रक्रिया में तेजी और प्रक्रियाओं के सरलीकरण ने निवेश के रास्ते आसान किए हैं। दावोस में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की बैठकों से यह संदेश गया कि राज्य सरकार निवेश को आकर्षित करने के साथ-साथ उसे जमीन पर उतारने की क्षमता भी रखती है। यही वजह है कि मध्यप्रदेश को लेकर चर्चा केवल संभावनाओं तक सीमित नहीं रही। नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में मध्यप्रदेश ने देशभर में अपनी अलग पहचान बनाई है। सोलर, विंड और पंप स्टोरेज परियोजनाओं पर तेज़ी से काम हो रहा है। ओंकारेश्वर में जलाशय पर सोलर पैनलों के माध्यम से बिजली उत्पादन राज्य के बदलते ऊर्जा मॉडल का उदाहरण है। यहां किसानों को सोलर पंप देकर कृषि क्षेत्र को ऊर्जा के मामले में आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। इसका असर ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर साफ दिखाई दे रहा है। नवकरणीय स्रोतों से सबसे सस्ती बिजली उपलब्ध कराने वाले राज्यों में मध्यप्रदेश का नाम आना दावोस में चर्चा का बड़ा विषय रहा। अब भारत वैश्विक आर्थिक मंच पर मजबूत दावेदारी पेश कर रहा है। वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम में भारत का सबसे बड़ा प्रतिनिधिमंडल पहुंचना इसी आत्मविश्वास को दर्शाता है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दावोस में कहा कि भारत बहुत जल्द दुनिया की अग्रणी आर्थिक शक्तियों में शामिल होने जा रहा है। इस राष्ट्रीय लक्ष्य को हासिल करने में मध्यप्रदेश जैसे राज्यों की भूमिका अहम मानी जा रही है। आईटी, टूरिज्म, मैन्युफैक्चरिंग और सेवा क्षेत्र राज्य की आर्थिक क्षमता को विस्तार दे रहे हैं। दावोस में मालदीव के मंत्री एवं अर्थशास्त्री डॉ. मोहम्मद सईद के साथ हुई चर्चा ने यह स्पष्ट किया कि मध्यप्रदेश सरकार अंतरराष्ट्रीय सहयोग को लेकर भी सक्रिय रुख अपना रही है। टूरिज्म, मत्स्य पालन, आईटी और हेल्थ जैसे क्षेत्रों में साझेदारी की संभावनाओं पर भी बातचीत हुई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का प्रस्तावित मालदीव दौरा इस बात का संकेत है कि प्रदेश सरकार इन चर्चाओं को आगे बढ़ाने के लिए गंभीर है। भारत और मालदीव के बीच पहले से मजबूत संबंधों में मध्यप्रदेश की भूमिका नए अवसर खोल सकती है। मध्यप्रदेश में औद्योगिक गतिविधियों की बढ़ती रफ्तार का सीधा असर रोजगार पर दिखाई दे रहा है। एग्रीकल्चर, पॉल्ट्री, फूड प्रोसेसिंग और लॉजिस्टिक्स जैसे क्षेत्रों में निवेश बढ़ा है। राज्य के पास पर्याप्त लैंड बैंक, ऊर्जा संसाधन और अनुकूल भौगोलिक स्थिति है। देश के मध्य में स्थित होने का भी लाभ है,जो परिवहन और आपूर्ति व्यवस्था को मजबूत करता है। एमओयू के जरिए सामने आ रहे निवेश प्रस्ताव रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर पैदा कर रहे हैं। बेरोजगारी दर में आई गिरावट इसी दिशा की ओर इशारा करती है। दावोस में हुई बैठकों ने यह स्पष्ट कर दिया कि मध्यप्रदेश अब वैश्विक निवेश मानचित्र पर अपनी जगह बनाने की ओर तेजी से बढ़ चुका है। उद्योग, ऊर्जा और अंतरराष्ट्रीय सहयोग के मोर्चे पर सरकार की सक्रियता एक संगठित आर्थिक सोच को दर्शाती है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में राज्य सरकार ने यह साबित किया है कि विकास केवल आंकड़ों का विषय नहीं है। नीति और परिणाम के बीच की दूरी को कम करने की दिशा में किए गए प्रयासों ने मध्यप्रदेश को नई पहचान दी है। दावोस से मिले संकेत बताते हैं कि राज्य आने वाले समय में देश की आर्थिक प्रगति का मजबूत आधार बनने की तैयारी में है।

## सेहत मंत्र

# मसाला ही नहीं सेहत का खजाना भी है काली मिर्च

काली मिर्च का प्रयोग कई तरह की डिश में किया जाता है ताकि यह भोजन के स्वाद को बढ़ा सके। काली मिर्च महज एक स्पाइस नहीं है, बल्कि यह सेहत का खजाना है। कई तरह की बीमारियों को दूर करने में इसकी मदद ली जा सकती है। तो चलिए जानते हैं काली मिर्च से होने वाले स्वास्थ्य लाभों के बारे में? पेट की परेशानियों को कहें अलविदा- यदि काली मिर्च का सेवन भोजन में किया जाए तो इससे पेट संबंधी परेशानियां जैसे पेट फूलना, अपच या कब्ज से छुटकारा मिलता है। ऐसा इसके एंटी बैक्टीरियल गुणों के कारण होता है। इतना ही नहीं, यह पाचन क्रिया को बेहतर बनाता है, जिससे भूख न लगने या कम भूख लगने की समस्या भी दूर होती है। घटाए वजन-अगर आप अपने वजन को नियंत्रित रखने की चाहत रखते हैं तो काली मिर्च को किसी न किसी रूप में अपनी डाइट में अवश्य शामिल करें। दरअसल, इसमें कुछ ऐसे तत्व पाए जाते हैं, जो शरीर में मौजूद वसा की बाहरी परत को तोड़ते हैं। जिससे पहले से जमा फैट तो कम होता है ही, साथ ही अतिरिक्त फैट भी बॉडी में जमा नहीं हो पाता। मजबूत करें प्रतिरक्षा तंत्र- किसी भी तरह की बीमारी से लड़ने और उसे मात देते के लिए इम्युन सिस्टम का स्टांग होना बेहद आवश्यक है और इसे मजबूती प्रदान करने का काम करती है काली मिर्च। वास्तव में काली मिर्च में फोलेट व विटामिन सी पाया जाता है, जो इम्युन सिस्टम को मजबूत बनाता है। इसे आप चाहे तो भोजन में शामिल करें या फिर इसके पाउडर का सेवन पानी के साथ करें। खांसी-जुकाम से राहत-सर्दी के मौसम में हर घर में व्यक्तियों को खांसी जुकाम की समस्या होती ही है। ऐसे में काली मिर्च लाभकारी साबित होगी। दरअसल, काली मिर्च एक एंटी?बैक्टीरियल की तरह काम करती है, जिससे खांसी?जुकाम से राहत मिलती है। इसके सेवन के लिए एक चम्मच शहद में काली मिर्च को क्रश करके डालें और सेवन करें। तनाव करे दूर- आज के समय में जब हर व्यक्ति तनाव से जूझ रहा है तो ऐसे में काली मिर्च को डाइट में शामिल करने से इसे काफी हद तक मात दी जा सकती है। काली मिर्च में पिपरीन नामक एक तत्व पाया जाता है, जो डिप्रेशन से लड़ने का काम करता है।

## धर्म मंत्र

# बारसूर में मामा भांजा मंदिर में दर्शन के लिए उमड़ते हैं श्रद्धालु

छत्तीसगढ़ के कई क्षेत्र ऐसे हैं, जहां धार्मिक स्थलों को देखने के लिए देश-दुनिया से पर्यटक आते हैं। जगदलपुर और दंतेवाड़ा क्षेत्र में भी बारसूर की ऐतिहासिक धरोहरें कुछ ऐसी ही हैं, जिन्हें देखने के लिए हर साल दूर-दूर से बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं। कोई यहां के धार्मिक स्थलों के दर्शन के लिए आते हैं, तो कोई यहां के गौरवशाली इतिहास का जीवंत नजरा देखने आते हैं। छत्तीसगढ़ के सर्वाधिक ज्ञात पुरातात्विक स्थलों में से एक है बारसूर। यहां के प्रारंभिक इतिहास के बारे में विद्वानों के बीच कोई एक मत नहीं है। कुछ का दावा है कि यह 840 ईसवीं से पहले के गंगावंशी शासकों की राजधानी थी। अन्य यह तर्क देते हैं कि इसे नागवंशियों द्वारा बनाया गया था। जिन्होंने 10वीं, 11वीं ईस्वीं में काकतियों द्वारा विस्थापित किए जाने से पूर्व लगभग तीन शताब्दियों तक इस भूमि की अधिकतर भूमि पर राज्य किया था। यह माना जाता है कि बारसूर में इसके अच्छे दिनों में लगभग 150 मंदिर थे। उनमें से एक 11वीं शताब्दी का चंद्रादित्य मंदिर है। यह माना जाता है कि इसका निर्माण सामंती सरदार चंद्रादित्य द्वारा करवाया गया था और उसके नाम पर ही इसका नाम पड़ा। यहां पर पाए गए बारसूर शैली की अनेक मूर्तियों में गर्भगृह के दरवाजे पर विष्णु और शिव की संयुक्त प्रतिमा हरी-हर की भव्य मूर्ति है। खंडित मूर्ति में से, महिषासुरमर्दिनी, जिसे स्थानीय रुप से दंतेश्वरी कहते हैं। जिनकी मूर्ति को अभी भी पहचाना जा सकता है। बलिदानों का चित्रण करती हुई मूर्तियां और मंदिर के कोनों में अलंकृत नंदी बैठे हुए हैं।

## पर्यटन



# भारत के इन खूबसूरत शहरों में बिताएं फुर्सत और सुकून के पल

ट्रैवलिंग के लिए हर कोई ऐसी जगह की तलाश करता है जहां वह सुकून के पल बिता सकें। आप परेशान न हो क्योंकि आज हम आपके लिए कुछ ऐसी डेस्टीनेशन लेकर आए हैं, जोकि जन्नत से कम नहीं है। भारत के इन जगहों को 'धरती का स्वर्ग' कहा जाता है। तो चलिए इन जगहों पर शांति और सुकून तो होता ही है साथ ही आपको घूमने का असली मजा भी मिलेगा।

1. असम, मजुलीः ब्रह्मपुत्र नदी के किनारे बसा माजुली भारत का सबसे बड़ा रिवर आइलैंड है लेकिन फिर भी बहुत कम लोग इस डेस्टीनेशन के बारे में जानते हैं। इसे युनेस्को की तरफ से वर्ल्ड हेरिटेज साइट भी घोषित किया जा चुका है। यहां आप हरे-भरे पहाड़, साफ पानी के झारनों, पक्षियों की अलग-अलग प्रजातियां और चाय के बागानों को देख सकते हैं।

2. महाराष्ट्र, तरकली बीचः शोरगुल और भीड़-भाड़ से दूर आप महाराष्ट्र के इस हिल स्टेशन में भी अपनी छुट्टियों का मजा ले सकते हैं। काली नदी और अरब सागर के संगम पर स्थित इस बीच में आपको सुकून का अहसास होगा।

3. केरल, वायनाडः हरे-भरे वातावरण में छुट्टियां सुकून से बिताने के लिए यह हिल स्टेशन भी परफ़ेक्ट ऑप्शन है। पश्चिमी घाट वायनाड का सुकून वातावरण टूरिस्ट को अपनी तरफ अट्रैक्ट करता है।

4. मेघालय, मॉलिनॉन्गः भारत के इस हिल स्टेशन को एशिया का ईको-फ्रेंडली देश घोषित कर दिया गया है। यहां काफी खूबसूरत वॉटरफॉल्स, हरे-भरे पेड़ और अद्‌भुत बिल्डिंग्स है, जहां आप घूमने का मजा ले सकते हैं।

5. कर्नाटक, गोकर्णः कर्नाटक के गोकर्ण में आप प्राचीन मंदिर, सनसेट और सनराइज का मजा ले सकते हैं। इसके अलावा यहां के स्वस्थ पानी में आप बोटिंग और गोताखोरी का मजा भी ले सकते हैं।

# विशाल खिचड़ी भोज का आयोजन, बड़े-बड़े नेताओं सहित पहुंचे हजारों लोग

## सिद्धौर बाराबंकी सैदनपुर की धरती पर गूंजा 'पीडीए' का नाराः अमित चौधरी के खिचड़ी भोज में उमड़ा जनसैलाब, दिग्गजों ने दिखाई . ताकत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। जनपद के सैदनपुर में आयोजित एक भव्य 'पीडीए खिचड़ी भोज' ने जिले की राजनीतिक सरगर्मी को चरम पर पहुँचा दिया है। सिद्धौर द्वितीय से जिला पंचायत सदस्य अमित चौधरी द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम ने न केवल सामाजिक समरसता का संदेश दिया, बल्कि आगामी चुनावी समीकरणों को भी साफ कर दिया है। हजारों की संख्या में उमड़ी भीड़ ने यह साबित कर दिया कि क्षेत्र में अमित चौधरी का जनाधार तेजी से बढ़ा है।

**समाजवादी दिग्गजों का लगा जमावड़ा**

इस कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाने के लिए समाजवादी पार्टी के कई शीर्ष नेता एक ही मंच पर नजर आए। मुख्य अतिथि के रूप में समाजवादी पार्टी पिछड़ा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजपाल कश्यप ने शिरकत की। उनके साथ पूर्व मंत्री राकेश वर्मा, पूर्व विधायक राम मगन रावत और वर्तमान विधायक गौरव रावत जैसे कद्दावर चेहरों ने मौजूदगी दर्ज कराई।

नेताओं ने अपने संबोधन में केंद्र और राज्य सरकार की नीतियों पर प्रहार करते हुए कहा कि पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) की एकजुटता ही भविष्य की राजनीति की दिशा तय करेगी। डॉ. राजपाल कश्यप ने कहा कि आज की यह भीड़ संकेत है कि जनता बदलाव के लिए तैयार है।

**अमित चौधरी का शक्ति प्रदर्शनः जीत की ओर बढ़ते कदम**

खिचड़ी भोज के बहाने अमित चौधरी ने अपनी सियासी ताकत का एहसास कराया। सैदनपुर की सड़कों से लेकर कार्यक्रम स्थल तक केवल जनसमूह ही नजर आ रहा था। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि किसी जिला पंचायत सदस्य के कार्यक्रम में इतनी बड़ी तादाद में लोगों का स्वेच्छा से जुटना कोई सामान्य बात नहीं है। भीड़ के इस जोश और उत्साह को देखकर क्षेत्र में यह चर्चा तेज हो गई है कि अमित चौधरी अपने प्रतिद्वंदियों से काफी आगे निकल चुके हैं और उनकी जीत सुनिश्चित दिखाई दे रही है।

**सांस्कृतिक मेलजोल और एकजुटता का संदेश**

कार्यक्रम के दौरान अमित चौधरी ने आए हुए सभी अतिथियों और आम जनमानस का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, ''यह केवल खिचड़ी भोज नहीं है, बल्कि यह हमारे क्षेत्र के पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक भाइयों की एकता का प्रतीक है। हम हर वर्ग को साथ लेकर क्षेत्र के विकास के लिए संकल्पित हैं।

# उद्यमी विशिष्ट पुरस्कार से सम्मानित होंगे विपिन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



फतेहपुर बाराबंकी। तहसील अंतर्गत बेलहरा रोड स्थित साईं पीजी कॉलेज को शिक्षा सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए एमएसएमई प्रादेशिक पुरस्कार से नवाजा जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 24 जनवरी को लखनऊ में आयोजित एक समारोह में साईं पीजी कॉलेज के प्रबंधक विपिन राठौर को ''उद्यमी विशिष्ट पुरस्कार'' से सम्मानित करेंगे। कॉलेज को यह सम्मान कौशल विकास, रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण और आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को बढ़ावा देने के प्रयासों के लिए मिल रहा है।इस सम्मान से क्षेत्र के शिक्षाविदों, विद्यार्थियों और अभिभावकों में उत्साह है।

## राजकीय ड्रमंड इण्टर कालेज में ब्लैक आउट मॉक ड्रिल का किया गया आयोजन

पीलीभीत। यूपी दिवस के अवसर पर आज दिनांक 23.01.2026 को नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के जन्म दिवस के अवसर पर ड्रमण्ड इंटर कालेज में ब्लैक आउट मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। हवाई हमले की चेतावनी पर सायरन ध्वनित का प्रयोग किया गया। सायरन के उपरान्त तुरन्तु विद्युत व्यवस्था बाधित कर ब्लैक आउट किया गया। सायरन ध्वनित होने पर नागरिकों द्वारा सुरक्षित स्थान/शेल्टरों में शरण ली गई। हवाई हमले के दौरान घायलों को तुरन्त सुरक्षा बलों, आपदा मित्रों व चिकित्सीय टीम मौके पर पहुंची बचाव कार्य किए गए। घायलों को एम्बुलेंस के माध्यम से अस्पताल भेजा गया। हवाई हमले की चेतावनी समाप्त होने के उपरान्त नागरिक सुरक्षा के स्वयंसेवकों द्वारा छोटी आग बुझाने हेतु फायर एक्सटिंगुशर का प्रयोग तथा फायर सर्विस द्वारा बड़ी आग बुझाने हेतु टेंडर वेहिकल का प्रयोग किया गया।

# श्रद्धा - भक्ति से हुई ज्ञान की अधिष्ठात्री मां सरस्वती की पूजा अर्चना प्रसाद वितरण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। बसंत पंचमी के पुण्य अवसर पर ''विद्या की देवी, ज्ञान की अधिष्ठात्री,माता सरस्वती की पूजा अर्चना से वातावरण भक्तिमय हुआ। शैक्षणिक संस्थानों में श्रद्धा व भक्ति से माता की पूजा अर्चना की गई। निंदूरा'' शुक्रवार को ग्राम ताला में नव युवक सरस्वती पूजा समिति के तत्वावधान में दशहरा मेला मैदान परिसर में मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित कर विधि विधान से श्रद्धापूर्वक पूजन किया गया। पीले परिधान में श्रद्धालु भक्तों ने मां वीणा वादिनी को पीले पुष्प व पीले व्यंजनों का भोग अर्पित किया। कमेटी सदस्य इंदल गुप्ता ने बताया कि शुक्रवार और शनिवार को पूजन कार्यक्रम के उपरांत 25 जनवरी को विधि-विधान के साथ मां सरस्वती की प्रतिमा का विसर्जन किया जाएगा इस अवसर पर आयोजक राधेश्याम, प्रभु, श्रीकांत, बृजलाल, ललन, देवानंद, रामउग्रह, राकेश गुप्ता, रामभान सहित अनेक ग्रामीण एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

रामनगर भगवान देवी पाटन शाह बालिका इंटर कॉलेज में बसंत पंचमी के पावन अवसर पर कन्या भोज ,भंडारा एवं प्रसाद वितरण मे ग्रामीण अंचलों व नगर के संभ्रांत जनों तथा विद्यालय प्रबंध समिति के पदाधिकारियों द्वारा विद्या बुद्धि प्रदायिनी अधिष्ठात्री देवी माता सरस्वती जी के श्री चरणों में पुष्पांजलि अर्पित की गई।हुए विद्यालयके प्रबंधक संजय यादव, व्यापार मंडल अध्यक्ष रवि कंात पांडेय ,उपाध्यक्ष त्रिभुवन नाथ मौर्य ,सचिव सीताराम गुप्ता, प्रधानाचार्य श्रीमती बृजलता जैन, विद्यालय प्रबंध समिति सदस्य गण पूर्व सभासद पवन कुमार ओझा पिंकू ओझा, देवी प्रसाद मिश्रा , श्री कृष्ण शर्मा , बेचुलाल नाग, लल्लू लाल तिवारी , देवेंद्र मौर्य , अमरेश तिवारी , अनिरुद्ध दीक्षित शैलेंद्र शुक्ला, पंडित सौरभ ,चंदन, प्रियंका ,निशा सहित नगर के सैकड़ों संभ्रांत जन शिक्षक, शिक्षिकाएं, छात्र छात्राएं उपस्थित थे। सिरौलीगौसपुर'' बसंत पंचमी के अवसर पर तहसील आंचल के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में मां सरस्वती की पूजा-अर्चना की गई। चौधरी चरण सिंह महाविद्यालय, जेबीएस महाविद्यालय और आईटीआई सहित कई संस्थानों में छात्र, शिक्षक और कर्मचारी मौजूद रहे। महाविद्यालय के प्राचार्य गया प्रसाद दुबे, प्राध्यापकों, समस्त कर्मचारियों और छात्र-छात्राओं ने देवी सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।इसी क्रम में, ''दुल्हदेपुर जेबीएस महाविद्यालय'', में भी मां सरस्वती की पूजा की गई। महाविद्यालय की प्राचार्या सुरभि त्रिवेदी ने बताया कि यह त्योहार हमें याद दिलाता है कि जीवन में सफलता के लिए ज्ञान, कला और प्रकृति के साथ सामंजस्य बनाकर चलना चाहिए।आईटीआई प्रधानाचार्य हिमांशु सिंह ने कहा कि यह पर्व हमें नई ऊर्ज़ा, उत्साह और जीवन में सुधार की दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है।

# औचक निरीक्षण में सीडीओ अन्ना सुदन ने परखी विकास खंड हरख की हकीकत, दिखे संस्तुष्ट

## सब कुछ मिला पटरी पर , गोशाला की व्यवस्थाओं से हुए प्रभावित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी । जिले के विकास कार्यों की जमीनी हकीकत परखने के उद्देश्य से मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन ने विकास खंड हरख की ग्राम पंचायतों एवं गोशाला का औचक निरीक्षण किया। सीडीओ के अचानक पहुंचने से विकास खंड स्तर पर जहां कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल देखने को मिला, वहीं ब्लॉक प्रशासन द्वारा गोशाला में की गई उत्तम व्यवस्थाओं ने मुख्य विकास अधिकारी को विशेष रूप से प्रभावित किया।

निरीक्षण के दौरान सीडीओ ने विकास खंड हरख की ग्राम पंचायत में चौपाल लगाकर ग्रामीणों से संवाद किया तथा उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। इसके उपरांत उन्होंने ग्राम पंचायत बलछट में स्थित गोशाला का गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण में यह पाया गया कि गोशाला परिसर में स्वच्छता की स्थिति संतोषजनक से कहीं बेहतर है। गोवंश के लिए पर्याप्त मात्रा में हरा चारा, स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता तथा ठंड से बचाव के समुचित प्रबंध किए गए हैं, जिससे पशुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। मुख्य विकास अधिकारी ने गोशाला की व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए प्रसन्नता व्यक्त की और संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के कार्यों की प्रशंसा की। साथ ही उन्होंने गोवंश की देखरेख को और अधिक व्यवस्थित एवं गुणवत्तापूर्ण बनाने के लिए पार्टिशन कराने के निर्देश दिए, ताकि प्रत्येक पशु को बेहतर स्थान, सुविधा और देखभाल उपलब्ध कराई जा सके। सीडीओ ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप ग्राम विकास एवं गोवंश संरक्षण की योजनाओं को धरातल पर पूरी ईमानदारी और संवेदनशीलता के साथ लागू किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को नियमित निरीक्षण करने, साफ-सफाई बनाए रखने और व्यवस्थाओं को निरंतर बेहतर करने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी प्रीति वर्मा, ग्राम सचिव बीना सिंह, कृष्ण कुमार, नवीन कुमार, आकाश पटेल, अवनीश तिवारी सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## हजरत गुलजार शाह मेला में अखिल भारतीय कुश्ती दंगल के पांचवें दिन पहलवानों के दांव-पेंच ने बांधा समां

बिसवां सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। हजरत गुलजार शाह मेला मैदान में आयोजित अखिल भारतीय कुश्ती दंगल के पांचवे दिन देश के नामी पहलवानों ने अपने दांव-पेंच से दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। दंगल के पांचवे दिन की पहली कुश्ती में नेपाल के मेवा थापा पहलवान और उत्तराखंड के बुलबुल धमाका पहलवान के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ, जिसमें मेवा थापा ने बुलबुल पहलवान को चित कर जीत दर्ज की। दूसरी कुश्ती कलियर के मो0 सलमान पहलवान और राजस्थान के हलचल पहलवान के बीच हुई, जिसमें सलमान पहलवान ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की। तीसरी कुश्ती मेरठ के राजू पहलवान और उत्तराखंड के बुलबुल पहलवान के बीच हुई, जिसमें राजू ने अपने प्रतिद्वंदी को पराजित किया। चौथी कुश्ती राजस्थान के हलचल पहलवान और नेपाल के हरिहर पहलवान के बीच हुई, जिसमें हरिहर पहलवान ने विजयी हासिल की। दंगल में रेफरी की भूमिका शौकत पहलवान और सुल्तान पहलवान ने निभाई। इस अवसर पर मेला अध्यक्ष मसर्रत अली, सेक्रेटरी सैयद हुसैन कादरी, कार्यवाहक अध्यक्ष महबूब अली, नफीस अहमद, रेहान कादरी, राजकुमार रस्तोगी, बदर हयात खान, अन्नू, पप्पू सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## कलश यात्रा संग भागवत कथा का शुभारंभ

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। बसंत पंचमी पर्व पर कस्बा गणेशपुर में शुक्ला परिवार द्वारा आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा से हुआ। प्रथम दिवस पर भगवान गणेश की पूजा के बाद सैकड़ों श्रद्धालु पीत वस्त्रों में भव्य कलश शोभायात्रा में सम्मिलित हुए।शोभायात्रा विभिन्न मंदिरों से होते हुए घाघरा नदी के तट पर पहुंची जहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पवित्र जल से कलश भरे गए।कथा व्यास पंडित अश्वनी त्रिपाठी जी महाराज द्वारा सात दिनों तक संगीतमई श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान गंगा प्रवाहित करेंगे।

# लेफ्टिनेंट इंटरनेशनल स्कूल स्थापना, यादगार भूमि पूजन




कैनविज टाइम्स संवाददाता

फतेहपुर बाराबंकी। स्थानीय लेफ्टिनेंट अनिरुद्ध शुक्ल इंटर नेशनल स्कूल की नींव पूजन एवं भव्य सुन्दरकाण्ड पाठ आयोजन में परम पूज्य आलोकानंद व्यास जी महाराज के मुखारबिंदु से अमृत वर्षा हुई। महाविद्यालय संरक्षक विनय शुक्ल,अध्यक्ष उदय शुक्ल, प्रबंधक तरुण शुक्ल ने आए, क्षेत्र के सम्मानित शैक्षिक संस्थानों के प्रबंधक तरूण शुक्ला ,प्रधानाचार्य, शिक्षकों एवं प्रमुख समाचार पत्रों के प्रतिनिधियों का स्वागत किया गया। इस अवसर क्षेत्रीय विधायक साकेन्द प्रताप वर्मा,जिला पंचायत सदस्य हंसराज वर्मा, रामकुमार गिरी निर्मला देवी कालेज डफ्फर पुर निंदूरा के प्रवन्धक डॉ0 रामकुमार गिरी, आजाद इ0कालेज के शिक्षक अंशुमान मिश्रा, साईं डिग्री कॉलेज प्रबंधक विपिन सिंह राठौर, प्रेरणा महाविद्यालय निन्दूरा के प्रवन्धक श्रीवास्तव, समेत कई महाविद्यालय प्राचार्य एवं समस्त प्रवक्ता पत्रकार अभिवावकों के अलावा क्षेत्र के तमाम प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित रहे।

## पराक्रम दिवस के रूप मे मनाया गया नेता जी का जन्मदिन




हैदरगढ़ बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। शुक्रवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्त्ताओ के द्वारा आज़ाद हिन्द फौज के संस्थापक नेता जी सुभाष चद्र बोस की जन्म जयंती को पराक्रम दिवस के रूप मे मनाया गया कार्यक्रम के आयोजक प्रांतीय परिषद के सदस्य हर्षवर्धन सिंह ने कहा कि नेता जी के शौर्य एवं बलिदान की कहानी हम सबके के लिए प्रेरणा स्त्रोत है मातृभूमि के प्रति उनकी निष्ठा अतुलनीय थी उक्त अवसर पर कार्यकर्त्ताओ के द्वारा अवसानेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण मे वृक्षरोपित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई एवं आदि गंगा माँ गोमती नदी के घाट की साफ सफाई कर उसे साफ रखने का संकल्प लिया गया इस अवसर पर धर्मेंद्र पाठक, शुभम सिंह, माधवेन्द्र शाह सिंह, अमरेन्द्र प्रताप सिंह, प्रिंशु सिंह, अभिषेक सिंह राठौर, मेराज राईन और एडवोकेट अरमान कुरैशी सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## शिक्षकों की समस्याओं को लेकर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से वार्ता

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष डॉ. राकेश सिंह के नेतृत्व में संगठन के पदाधिकारियों ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी नवीन कुमार पाठक से मिलकर शिक्षकों से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर वरिष्ठता निर्धारण, विद्यालयों में एमडीएम कन्वर्जन कास्ट की समय पर उपलब्धता, विद्यालयों में अख़बार क्रय किए जाने हेतु दिशा-निर्देश, अवशेष चयन वेतनमान, 20 प्रतिशत शिक्षकों को प्रोन्नत वेतनमान, पदोन्नति के संबंध में विभागीय तैयारियाँ, समय पर मातृत्व अवकाश एवं पाल्य देखभाल अवकाश की स्वीकृति, तथा इंचार्ज प्रधानाध्यापक प्रकरण में न्यायालय जा रहे शिक्षकों के लिए विभागीय पक्ष जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर गंभीर चर्चा की गई। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने सभी विषयों को ध्यानपूर्वक सुनते हुए समस्याओं के समाधान हेतु नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया।
इस दौरान जिला मंत्री उमानाथ मिश्रा, जिला कोषाध्यक्ष राजेश श्रीवास्तव, जिला मीडिया प्रभारी जय कुमार, ब्लॉक अध्यक्ष दरियाबाद सुनील त्रिपाठी, ब्लॉक अध्यक्ष सिरौलीगौसपुर दिलीप तिवारी सहित संगठन के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## बसंतपंचमी के मौके पर कन्या भोज कार्यक्रम आहूत

बाराबंकीकैनविज टाइम्स संवाददाता। आज बसंत पंचमी के पावन अवसर पर भगवान देई बालिका इंटर कॉलेज रामनगर में आयोजित कन्या भोज प्रसाद वितरण नगर के संभ्रांत जनों विद्यालय प्रबंध समिति के पदाधिकारियों के साथ विद्या बुद्धि प्रदायिनी अधिष्ठात्री देवी माता सरस्वती देवी जी के श्री चरणों में पुष्पांजलि अर्पित करते हुए सभी के सुख समृद्धि की कामना की गई इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक श्री संजय यादव व्यापार मंडल अध्यक्ष श्री रवि कंात पांडेय जी उपाध्यक्ष श्री त्रिभुवन नाथ मौर्य सचिव सीताराम गुप्ता प्रधानाचार्य श्रीमती बृजलता जैन विद्यालय प्रबंध समिति समिति सदस्य गण पूर्व सभासद पवन कुमार ओझा पिंकू ओझा, देवी प्रसाद मिश्रा जी, श्री कृष्ण शर्मा जी, बेचुलाल नाग जी, लल्लू लाल तिवारी जी, देवेंद्र मौर्य जी, अमरेश तिवारी जी, अनिरुद्ध दीक्षित जी सहित नगर के सैकड़ों संभ्रांत जन शिक्षक शिक्षिकाएं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे ।

## डीएम ने शासकीय कार्यालयों में दिलाई मतदाता जागरूकता की शपथ

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाताओं में जागरूकता उत्पन्न करने एवं लोकतांत्रिक मूल्यों को सुदृढ़ करने के उददेश्य से शुक्रवार को जनपद अमेठी के सभी शासकीय कार्यालयों में मतदाता जागरूकता शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जनपद के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने निष्पक्ष, निर्भीक एवं जिम्मेदार नागरिक के रूप में अपने मताधिकार के प्रयोग की शपथ ली। इसी क्रम में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी,जिला निर्वाचन अधिकारी संजय चौहान ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने लोकतंत्र में मतदाता की भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन ही मजबूत लोकतंत्र की आधारशिला है। जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि ॥मतदान केवल एक अधिकार नही, बल्कि लोकतंत्र के प्रति हमारा कर्तव्य भी है। प्रत्येक नागरिक को बिना किसी भय, दबाव, प्रलोभन या भेदभाव के अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिये।

# ग्राम चौपाल में पांच शिकायतों का त्वरित निस्तारण

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। विकास खंड की ग्राम पंचायत सोंधवा व मदारपुर में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। इन चौपालों में कुल 5 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनका मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।ग्राम पंचायत सोंधवा में ग्राम प्रधान रामसिंह की अध्यक्षता और सचिव राजेश कुमार के संयोजन में चौपाल आयोजित हुई। यहां कुल तीन शिकायतें सामने आईं।सहायक विकास अधिकारी आईएसबी जयराम बाल्मीकि ने शिकायतों की सुनवाई की। अमरेन्द्र पुत्र रामसमुझ ने परिवार रजिस्टर की नकल के लिए आवेदन किया। वहीं, साधू पुत्र गुप्तार और रामगुलाम पुत्र मैकू निवासी सोंधवा ने वृद्धावस्था पेंशन से संबंधित प्रार्थना पत्र दिए। तीनों शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई करते हुए परिवार रजिस्टर की नकल जारी की गई और पेंशन संबंधी जानकारी देकर उनका मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।इसी क्रम में, दूसरी चौपाल ग्राम मदारपुर में ग्राम प्रधान जयराम मौर्या की अध्यक्षता और सचिव अरविंद कुमार के संयोजन में संपन्न हुई। इस चौपाल में दो शिकायतें प्राप्त हुईं।दोनों शिकायतों पर सुनवाई के बाद उनका भी मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।

# अखिल भारतीय ब्रह्म समाज द्वारा 101 बालक-बालिकाओं का विद्यारंभ संस्कार सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ के आलमबाग स्थित सनातन धर्म मंदिर में हुआ भव्य आयोजन, संस्कार व संस्कृति का दिया गया संदेश

बाराबंकी / लखनऊ अखिल भारतीय ब्रह्म समाज के तत्वावधान में लखनऊ के आलमबाग स्थित श्री सनातन धर्म मंदिर, चंदन नगर में 101 बालक-बालिकाओं का विद्यारंभ संस्कार एवं पाटी पूजन कार्यक्रम विधि-विधान से सम्पन्न कराया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ भारतीय संस्कारों एवं सनातन संस्कृति से जोड़ना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्वान आचार्य द्वारा माता सरस्वती के पूजन से हुआ। हैदरगढ़ स्थित बहुता धाम से पधारे आचार्य धर्मेन्द्र मिश्र किंकर जी महाराज की जुड़वा कन्याओं रिद्धि एवं सिद्धि के कर-कमलों से पाटी पूजन सम्पन्न कराया गया। इसके पश्चात माता सरस्वती की आरती एवं वंदना कर सभी बच्चों को स्लेट, चाक एवं पीला कुर्ता-पैजामा वितरित किया गया। तत्पश्चात बच्चों ने स्लेट पर प्रथम लेखन कर विद्यारंभ संस्कार को पूर्ण किया।

कार्यक्रम के अवसर पर संस्था की ओर से भव्य तहरी भोज का आयोजन भी किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। मुख्य एवं विशिष्ट अतिथियों की रही गरिमामयी उपस्थिति इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री श्री बृजेश पाठक जी की धर्मपत्नी श्रीमती नम्रता पाठक जी उपस्थित रहीं। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व सांसद एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री श्रीमती रीता बहुगुणा जोशी, लखनऊ सांसद एवं रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह के प्रतिनिधि एवं आईएएस अधिकारी श्री दिवाकर त्रिपाठी, वरिष्ठ समाजसेवी श्री अजय त्रिपाठी (मुन्ना भैया) सहित अनेक गणमान्य अतिथियों ने सहभागिता की। सभी अतिथियों का स्वागत अखिल भारतीय ब्रह्म समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री सी.पी. अवस्थी, राष्ट्रीय महामंत्री श्री देवेंद्र शुक्ल एवं प्रदेश उपाध्यक्ष श्री चंद्र प्रकाश मिश्र द्वारा अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानपूर्वक किया गया।

# रणजी ट्रॉफी में सरफराज खान ने खेली एक और ऐतिहासिक पारी

## 206 गेंदों में लगाया शानदार दोहरा शतक

एजेंसी



मुंबई। मुंबई के स्टार बल्लेबाज सरफराज खान ने रणजी ट्रॉफी में एक और यादगार पारी खेलते हुए हैदराबाद के खिलाफ दोहरा शतक जड़ दिया। शुक्रवार को सरफराज ने 206 गेंदों में अपना दोहरा शतक पूरा किया, जो उनके प्रथम श्रेणी करियर की पांचवीं डबल सेंचुरी है। इस पारी के दौरान सरफराज ने अपना 17वां प्रथम श्रेणी शतक भी पूरा किया, जो 2025S26 सत्र का उनका पहला शतक रहा। 2019S20 सत्र के बाद से रणजी ट्रॉफी में सरफराज से ज्यादा शतक सिर्फ अमनदीप खरे और अनुष्टुप मजूमदार ने लगाए हैं। सरफराज की यह पारी आखिरकार 219 गेंदों में 227 रन पर समाप्त हुई। उन्होंने अपनी पारी में 19 चौके और 9 छक्के लगाए और 103.65 के शानदार स्ट्राइक रेट से रन बनाए। इस पारी की खास बात भारतीय टीम के साथी गेंदबाज मोहम्मद सिराज के खिलाफ उनका आक्रामक अंदाज रहा, जिनकी गेंदों पर सरफराज ने महज 39 गेंदों में 45 रन बटोर लिए। हाल के दिनों में सरफराज खान शानदार फॉर्म में नजर आ रहे हैं। उन्होंने 2025S26 विजय हजारे ट्रॉफी के सातवें राउंड में पंजाब के खिलाफ महज 15 गेंदों में अर्धशतक जड़कर सनसनी मचा दी थी। यह लिस्ट-ए क्रिकेट में किसी भारतीय बल्लेबाज द्वारा लगाया गया सबसे तेज अर्धशतक था। इस दौरान सरफराज ने महाराष्ट्र के अभिजीत काले (1995 में बड़ौदा के खिलाफ 16 गेंदों में अर्धशतक) और बड़ौदा के ऑलराउंडर आतित शेठ (2021 में छत्तीसगढ़ के खिलाफ 16 गेंदों में अर्धशतक) के संयुक्त रिकॉर्ड को तोड़ दिया। विजय हजारे ट्रॉफी में सरफराज मुंबई के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे। उन्होंने छह पारियों में 303 रन बनाए, जिसमें उनका औसत 75.75 और स्ट्राइक रेट 190.56 रहा। इसके अलावा 2025S26 सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में भी सरफराज का बल्ला जमकर बोला, जहां वह मुंबई के दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे। उन्होंने सात मैचों में 329 रन बनाए, औसत 65.80 और स्ट्राइक रेट 203.80 रहा। सरफराज ने आखिरी बार नवंबर 2024 में न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट मैच में भारत के लिए खेला था, लेकिन इसके बाद से वह घरेलू क्रिकेट में लगातार शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। उनकी बेहतरीन फॉर्म का इनाम उन्हें आईपीएल 2026 की नीलामी में भी मिला, जहां चेन्नई सुपर किंग्स ने उन्हें उनके बेस प्राइस 75 लाख रुपये में खरीदा।

# प्लेऑफ की दौड़ में बने रहने के लिए दिल्ली कैपिटल्स की निगाहें दमदार ऑलराउंड प्रदर्शन पर

एजेंसी




वडोदरा। दिल्ली कैपिटल्स को महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के प्लेऑफ की दौड़ में बने रहने के लिए शनिवार को यहां शानदार फॉर्म में चल रही रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ हर विभाग में बेहतरीन प्रदर्शन करना होगा। दिल्ली कैपिटल्स ने अपने पिछले मैच में मुंबई इंडियंस को सात विकेट से हराकर वापसी के संकेत दिए थे और वह चार अंक के साथ तालिका में चौथे स्थान पर पहुंच गई। हालांकि इस चरण में अब तक अजेय रही आरसीबी को हराने के लिए दिल्ली को अपने खेल का स्तर और ऊंचा करना होगा। अब तक दिल्ली की बल्लेबाजी की अगुआई अनुभवी लिजेल ली (213 रन) ने की है जबकि लॉरा वोलवार्ट (123 रन) और शेफाली वर्मा (149 रन) ने बीच-बीच में उनका सहयोग किया है। लेकिन जेमिमा रोड्रिग्स की फॉर्म चिंता का विषय रही है। मुंबई के खिलाफ जीत में रोड्रिग्स ने नाबाद अर्धशतक लगाकर कुछ हद तक चिंताओं को दूर किया था और आरसीबी के खिलाफ भी उनसे एक और मजबूत पारी की उम्मीद होगी। गेंदबाजी विभाग में भी दिल्ली को कुछ कमियों को दूर करना होगा। बड़े नाम होने के बावजूद अब तक उनकी गेंदबाजी की अगुआई 'अनकैप्ड' (जिसने कोई अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेला हो) तेज गेंदबाज नंदिनी शर्मा ने की है। चंडीगढ़ की इस खिलाड़ी ने पांच मैच में 8.7 की इकॉनोमी से 10 विकेट लिए हैं। लेकिन भारतीय स्पिनर श्री चरणी (सात विकेट) और स्नेह राणा (एक विकेट) अभी अपनी लय में नहीं आ पाई हैं। दक्षिण अफ्रीका की अनुभवी तेज गेंदबाज मरीजान काप (चार विकेट) भी अब तक ज्यादा असर नहीं छोड़ पाई हैं, हालांकि उनकी 5.25 इकॉनोमी शानदार रही है। दिल्ली के गेंदबाजों को आरसीबी की अनुभवी और दमदार बल्लेबाजी लाइनअप के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।

# संक्षिप्त समाचार

### मिजोरम में दूध उत्पादन बढ़ाने के लिए एनडीडीबी से मिलाया हाथ

आइजोल। मिजोरम में दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए मिजोरम मिल्क प्रोड्यूसर्स कोऑपरेटिव यूनियन लिमिटेड (एमएमयूएलसीओ) ने राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) के साथ एक समझौता किया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मिजोरम के दुग्ध क्षेत्र को संरचित और प्रौद्योगिकी-आधारित बढ़ावा देने के उद्देश्य से समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर मुख्यमंत्री लालदुहोमा और राज्य के सहकारिता मंत्री पीसी वनलालरुआता की उपस्थिति में बृहस्पतिवार को हस्ताक्षर किया गया। समझौता ज्ञापन पर राज्य के सहकारिता सचिव उदित राय प्रकाश, एनडीडीबी के कार्यकारी निदेशक एस. राजीव और एमयूएलसीओ की प्रबंध निदेशक लालह्मुनलियानी ने हस्ताक्षर किए। अधिकारियों के अनुसार, यह समझौता सहकारिता मंत्रालय की प्रमुख योजना 'श्वेत क्रांति 2.0' के अनुरूप मिजोरम में दुग्ध विकास प्रयासों को आगे बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। समझौते के तहत एनडीडीबी, 'श्वेत क्रांति 2.0' के लक्ष्यों के अनुरूप मिजोरम के लिए एक व्यापक दुग्ध विकास योजना तैयार करेगा। साथ ही सभी आवश्यक क्षेत्रों में प्रौद्योगिकी सहयोग और सहायता प्रदान करेगा जबकि राज्य में योजना के क्रियान्वयन की जिम्मेदारी एमयूएलसीओ की होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह समझौता मिजोरम में दूध उत्पादन बढ़ाने के साथ-साथ पशुपालक किसानों की आजीविका एवं आय में सुधार करने में सहायक होगा। उन्होंने कहा कि मिजो समुदाय पारंपरिक रूप से पशुपालन से जुड़ा रहा है और राज्य में पशुपालन के लिए उपयुक्त भूमि संसाधन उपलब्ध हैं। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार वित्त वर्ष 2024-25 में मिजोरम में पूर्वोत्तर राज्यों में सबसे कम दैनिक दुग्ध उत्पादन दर्ज किया था जो प्रतिदिन 64,400 किलोग्राम रहा था।

### न्यायालय ने बैंकिंग धोखाधड़ी से जुड़ी जनहित याचिका पर अनिल अंबानी, एडीएजी को जारी किए नए नोटिस

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने अनिल अंबानी और अनिल धीरूभाई अंबानी समूह (एडीएजी) को एक जनहित याचिका पर शुक्रवार को नए नोटिस जारी किए। याचिका में कंपनी और उसकी समूह कंपनियों से जुड़े कथित बड़े पैमाने पर बैंकिंग और कॉर्पोरेट धोखाधड़ी की अदालत की निगरानी में जांच का अनुरोध किया गया है। उच्चतम न्यायालय ने केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को कथित धोखाधड़ी की जांच पर 10 दिन के भीतर सीलबंद लिफाफे में स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश भी दिया। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची की पीठ ने इस तथ्य पर ध्यान दिया कि अनिल अंबानी और एडीएजी को याचिकाकर्ता तथा पूर्व केंद्रीय सचिव ई ए एस शर्मा द्वारा दायर जनहित याचिका के नोटिस पहले ही तामील किए जा चुके हैं। पीठ ने पिछले साल 18 नवंबर को जनहित याचिका पर केंद्र सरकार, सीबीआई, ईडी, अनिल अंबानी और एडीजी को नोटिस जारी किए थे। न्यायालय ने कहा कि अनिल अंबानी और एडीएजी को पेश होने और मामले में अपना जवाब दाखिल करने का यह आखिरी मौका है। बंबई उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल को अनिल अंबानी और एडीएजी को नोटिस तामील कराने और अनुपालन रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया गया। इसके बाद पीठ ने याचिका पर 10 दिन बाद सुनवाई तय की। पीठ ने इससे पहले याचिकाकर्ता शर्मा की ओर से पेश वकील प्रशांत भूषण द्वारा दिए गए निवेदनों पर ध्यान दिया और दोनों पक्षों से तीन सप्ताह के भीतर जवाब मांगा था। जनहित याचिका पर आगे की सुनवाई तीन सप्ताह बाद के लिए स्थगित कर दी थी। भूषण ने आरोप लगाया कि जांच एजेंसियां इस बड़े बैंकिंग घोटाले में बैंकों और उनके अधिकारियों की कथित संलिप्तता की जांच नहीं कर रही हैं। उन्होंने केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को इस मामले में बैंकों तथा उनके अधिकारियों के खिलाफ जारी जांच की स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश देने का अनुरोध किया था। भूषण ने कहा कि यह संभवतः भारत के इतिहास की सबसे बड़ी कॉर्पोरेट धोखाधड़ी'' है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्राथमिकी 2025 में दर्ज की गई जबकि धोखाधड़ी 2007-08 से जारी थी।

### बालाजी वेफर्स में अल्पांश हिस्सेदारी हासिल करेगी जनरल अटलांटिक

नयी दिल्ली। वैश्विक निजी इक्विटी क्षेत्र की प्रमुख कंपनी जनरल अटलांटिक गुजरात स्थित बालाजी वेफर्स में अल्पांश हिस्सेदारी खरीदने की योजना बना रही है। इस निवेश से कंपनी के प्रमुख कॉरपोरेट कार्यों को मजबूती मिलने की उम्मीद है। उद्योग से जुड़े एक सूत्र ने बताया कि यह वैश्विक निवेशक 'पैकेज्ड स्नैक्स' कंपनी बालाजी वेफर्स में करीब सात प्रतिशत हिस्सेदारी 2,000 करोड़ रुपये से अधिक में हासिल करेगा। इससे कंपनी का मूल्यांकन करीब 35,000 करोड़ रुपये बैठता है। संयुक्त बयान के अनुसार, बालाजी वेफर्स ने रणनीतिक निवेश के लिए जनरल अटलांटिक के साथ एक 'डिफिनिटिव एग्रीमेंट' किया है। बालाजी वेफर्स के संस्थापक एवं चेयरमैन चंदूभाई विरानी ने कहा, ह्व जनरल अटलांटिक का निवेश हमें विश्वस्तरीय सुविधाओं की स्थापना एवं संचालन, नवाचार में निवेश तथा कंपनी के अगले चरण के विकास को गति देने के लिए एक पेशेवर दल तैयार करने में सहयोग करेगा। उपभोक्ताओं के भरोसेमंद गुणवत्ता और स्वाद को बनाए रखते हुए हम पूरे भारत में अपनी मौजूदगी बढ़ाने को लेकर उत्साहित हैं। जनरल अटलांटिक में भारत के प्रबंध निदेशक एवं प्रमुख शंतनु रस्तोगी ने कहा, '' हम भारत के 'पैकेज्ड स्नैक्स' बाजार में महत्वपूर्ण विकास संभावनाएं देख रहे हैं। बालाजी वेफर्स इस अवसर का लाभ उठाने के लिए अच्छी तरह तैयार है और हम चंदूभाई और पूरी बालाजी दल के साथ साझेदारी को लेकर उत्साहित हैं।

### आईआरबी इंफ्रा ने एनएच-27, एनएच-731 के कुछ हिस्सों पर टोल वसूली की शुरू

नयी दिल्ली। आईआरबी इन्फ्रास्ट्रक्चर एंड डेवलपर्स ने राष्ट्रीय राजमार्ग-27 के लखनऊ-अयोध्या-गोरखपुर खंड और लखनऊ-वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग-731 के लखनऊ-सुल्तानपुर खंड पर टोल वसूली शुरू कर दी है। आईआरबी इन्फ्रास्ट्रक्चर एंड डेवलपर्स (आईआरबी इन्फ्रा) ने शुक्रवार को बयान में कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) को 9,270 करोड़ रुपये की अग्रिम रियायत शुल्क राशि का भुगतान करने और वित्तीय समापन के बाद टोल वसूली शुरू की गई है। कंपनी ने बताया कि उसने परियोजना की विशेष इकाई (एसपीवी) आईआरबी हरिहर कॉरिडोर्स के जरिये 20 वर्ष की राजस्व-आधारित रियायत अवधि के लिए टोल संग्रह शुरू किया है। आईआरबी समूह के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक वीरेंद्र डी. म्हासकर ने कहा, '' यह गलियारा (एनएच-27) विशेष सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक महत्व रखता है क्योंकि यह भारत के सबसे पूजनीय धार्मिक और सांस्कृतिक शहरों को जोड़ता है।

# टी20 विश्व कप से पहले खिलाड़ियों का चोटिल होना दुर्भाग्यपूर्ण: मौरिस

एजेंसी

जोहानिसबर्ग। भारत और श्रीलंका में होने वाले आगामी टी20 विश्व कप के लिए एसए20 लीग को तैयारी के अच्छे मंच के रूप में देखा जा रहा है लेकिन पूर्व ऑलराउंडर क्रिस मौरिस ने बृहस्पतिवार को यहां कहा कि इस प्रतिष्ठित आईसीसी प्रतियोगिता से पहले खिलाड़ियों का चोटिल होना 'दुर्भाग्यपूर्ण' है। एसए20 लीग में प्रत्येक टीम ने कम से कम 10 मैच खेले जबकि इसके तुरंत बाद दक्षिण अफ्रीकी टीम वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन मैच की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला भी खेलेगी। उसे टी20 विश्व कप में अपना अभियान नौ फरवरी को कनाडा के खिलाफ शुरू करना है। दक्षिण अफ्रीका को टी20 विश्व कप की अपनी 15 सदस्यीय टीम में दो बदलाव करने के लिए बाध्य होना पड़ा जब उसने चोटिल टोनी डि जॉर्जी और डोनोवन फरेरा की जगह बृहस्पतिवार को रेयान रिकल्टन और ट्रिस्टन स्टब्स को टीम में शामिल किया। डि जॉर्जी की पैर की मांसपेशियों में दिसंबर में भारत दौरे के दौरान चोट लगी थी और वह उससे पूरी तरह से उबर नहीं पाए हैं जबकि फरेरा के कंधे में एसए20 लीग में खेलते हुए फ्रेक्चर हो गया। इसके अलावा दक्षिण अफ्रीका की टी20 विश्व कप टीम में शामिल डेविड मिलर, लुंगी एनगिडी और डेवाल्ड ब्रेविस भी चोटिल हैं। मिलर पार्ल रॉयल्स के लिए जोबर्ग सुपरकिंग्स के खिलाफ एलिमिनेटर मैच नहीं खेले जबकि एनगिडी सनराइजर्स ईस्टर्न केप के खिलाफ क्वालीफायर में प्रिटोरिया कैपिटल्स के लिए सिर्फ दो ओवर फेंक पाए थे। कैपिटल्स के लिए खेलने वाले ब्रेविस की अंगुली में भी मैच जिताने वाली 75 रन की पारी के दौरान चोट लगी। मौरिस ने चुनिंदा भारतीय पत्रकारों के साथ बातचीत के दौरान बेहद व्यस्त कार्यक्रम के कारण खिलाड़ियों के शरीर पर पड़ने वाले असर के बारे में 'भाषा' के सवाल का जवाब देते हुए कहा, ''मुझे लगता है कि सबूत सामने है। बदकिस्मती से हमारे कुछ खिलाड़ी चोटिल हो गए हैं। कार्यक्रम काफी व्यस्त है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है लेकिन यही तो खेल की प्रकृति है और खिलाड़ियों को पता था कि क्या हो सकता है। उन्होंने कहा, ''बेशक आप दिन-रात खेल रहे हैं। यह आईपीएल जैसा ही है। क्योंकि आपको यात्रा करनी पड़ती है, आपको मैच खेलने होते हैं, कड़े मुकाबले। आप रात को देर से सोते हैं और अगली सुबह आप यात्रा कर रहे होते हैं। दक्षिण अफ्रीका के लिए 42 एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय, 23 टी20 अंतरराष्ट्रीय और चार टेस्ट खेलने वाले मौरिस ने कहा, ''अगले दिन आपको ट्रेनिंग और रिकवरी वगैरह करनी होती है। तो यह सब खिलाड़ियों के प्रबंधन के बारे में है। बेशक कोचिंग स्टाफ मौजूद है और उन्हें पता है कि उन्हें क्या करना है। उन्होंने कहा, ''हो सकता है एकादश को रोटेट करना पड़े लेकिन जब आपके पास एक अच्छी टीम हो जो जीत रही हो और प्ले ऑफ में जाने की कोशिश कर रही हो तो आप सच में ऐसा नहीं करना चाहते इसलिए यह मुश्किल है। एसए20 में कमेंटेटर की भूमिका निभा रहे मौरिस ने कहा कि यह शारीरिक के साथ-साथ मानसिक रूप से भी काफी मुश्किल होता है लेकिन आप कोई ना कोई हल ढूंढ ही लेते हैं। उन्होंने कहा, ''यह शरीर के लिए बेहद मुश्किल होता है। यह आपको मानसिक रूप से बेहद थका देता है। लेकिन अंत में आप कोई रास्ता निकाल ही लेते हैं। पेशेवर क्रिकेटर के तौर पर आप कुछ करने का तरीका ढूंढ ही लेते हैं। आप मैच जीतने का तरीका ढूंढ ही लेते हैं।

# न्यूजीलैंड की टी20 विश्व कप टीम में चोटिल एडम मिल्ने की जगह काइल जैमीसन

क्राइस्टचर्च। न्यूजीलैंड ने एडम मिल्ने के चोटिल होने के कारण उनकी जगह तेज गेंदबाज काइल जैमीसन को अपनी टी20 विश्व कप टीम में शामिल किया है। मिल्ने बाईं हैमस्ट्रिंग में चोट के कारण इस अहम टूर्नामेंट से बाहर हो गए। मिल्ने को यह चोट पिछले रविवार को एसए20 में सनराइजर्स ईस्टर्न केप और एमआई केप टाउन के बीच मैच के दौरान लगी। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने कहा कि स्कैन में इस चोट की गंभीरता सामने आई। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने अपनी वेबसाइट पर कहा, ''जैमीसन इस समय भारत दौरे पर टीम की सफेद गेंद की टीम के साथ हैं। उन्हें टी20 विश्व कप की टीम में जोड़ा गया है जबकि पहले उन्हें भारत और श्रीलंका में फरवरी-मार्च में होने वाले टूर्नामेंट के लिए रिजर्व खिलाड़ियों में रखा गया था। न्यूजीलैंड के मुख्य कोच रॉब वॉल्टर ने कहा कि मिल्ने भारत दौरे पर टीम का हिस्सा नहीं थे क्योंकि वह टी20 विश्व कप के लिए तैयारी में जुटे थे।

# प्रिटोरियस और विलजोएन ने पार्ल रॉयल्स को क्वालीफायर दो में जगह दिलाई

जोहानिसबर्ग। लुआन ड्रे प्रिटोरियस की अगुआई में बल्लेबाजों के अच्छे प्रदर्शन के बाद हार्डस विलजोएन की धारदार गेंदबाजी से पार्ल रॉयल्स ने बृहस्पतिवार को यहां एसए20 क्रिकेट टूर्नामेंट के एलिमिनेटर में जोबर्ग सुपरकिंग्स को आसानी से 36 रन से हराकर प्रतियोगिता से बाहर करते हुए क्वालीफायर दो में जगह बनाई। क्वालीफायर दो में अब रॉयल्स की टीम की भिड़ंत कल वांडरर्स क्रिकेट स्टेडियम में सनराइजर्स ईस्टर्न केप से होगी और वह दो बार के पूर्व चैंपियन को हराकर पहली बार फाइनल में जगह बनाने की कोशिश करेगी। सनराइजर्स की टीम अब तक तीनों सत्र में खिताबी मुकाबले में खेली है। रॉयल्स के 211 रन के बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए सुपरकिंग्स की टीम कभी लक्ष्य हासिल करने की स्थिति में नहीं दिखी और विलजोएन (24 रन पर दो विकेट) तथा ओटनील बार्टमैन (47 रन पर दो विकेट) की प्रभावी गेंदबाजी के सामने आठ विकेट पर 174 रन ही बना सकी। सुपरकिंग्स की ओर से कप्तान जेम्स विन्स ने सर्वाधिक 47 रन बनाए जबकि वियान मुल्डर ने 41 रन का योगदान दिया। रॉयल्स की टीम इससे पहले प्रिटोरियस की 34 गेंद में पांच छक्कों और दो चौकों से 51 रन की पारी की बदौलत पांच विकेट पर 210 रन बनाने में सफल रही। डैन लॉरेंस (36), सिकंदर रजा (35), सलामी बल्लेबाज काइल वेरेने (30) और ऐसा ट्राइब (नाबाद 30) ने भी टीम के लिए उपयोगी पारियां खेलीं। लक्ष्य का पीछा करने उतरे सुपरकिंग्स की शुरुआत बेहद खराब रही और टीम ने चौथे ओवर में 14 रन तक ही तीन विकेट गंवा दिए। तेज गेंदबाज विलजोएन ने दूसरे ओवर में नील टिमर्स (08) को बोल्ड किया जबकि ब्योर्न फोरटुइन (32 रन पर एक विकेट) ने अगले ओवर में दूसरे सलामी बल्लेबाज रिवाल्डो मूनसामी को पगबाधा किया। विलजोएन ने मैथ्यू डिविलियर्स (00) को फोरटुइन के हाथों कैच कराके सुपरकिंग्स को तीसरा झटका दिया। विन्स ने पांचवें ओवर में एनकोबानी मोकाएना पर चार चौके जड़े लेकिन बार्टमैन ने अगले ओवर में ल्युस डू प्लूई (10) को पगबाधा करके पावर प्ले के भीतर सुपरकिंग्स का स्कोर चार विकेट पर 40 रन कर दिया। मुल्डर ने डैन लॉरेंस का स्वागत छक्के के साथ किया और फिर फोरटुइन की गेंद को बाउंड्री के दर्शन कराए। विन्स ने बार्टमैन पर लगातार दो छक्कों के साथ रन गति में इजाफे की कोशिश की लेकिन अगले ओवर में मोकोएना की गेंद को चूककर बोल्ड हो गए। सुपरकिंग्स के रनों का शतक 13वें ओवर में पूरा हुआ लेकिन इसी ओवर में रजा ने डियान फॉरेस्टर (03) को पवेलियन भेजकर सुपरकिंग्स का स्कोर छह विकेट पर 103 रन किया।

# अदाणी समूह ने आईएएनएस समाचार एजेंसी का अधिग्रहण किया पूरा

एजेंसी

नयी दिल्ली। उद्योगपति गौतम अदाणी के समूह ने समाचार एजेंसी आईएएनएस में शेष 24 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदकर उस पर पूर्ण नियंत्रण हासिल कर लिया है। हालांकि सौदे की राशि का खुलासा नहीं किया गया है। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि अदाणी समूह की प्रमुख कंपनी अदाणी एंटरप्राइजेज की मीडिया इकाई एएमजी मीडिया नेटवर्क्स लिमिटेड ने आईएएनएस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड में बची हुई हिस्सेदारी के अधिग्रहण के लिए शेयर खरीद समझौता किया है। हालांकि, लेनदेन से जुड़े वित्तीय विवरण साझा नहीं किए गए। समूह ने दिसंबर 2023 में आईएएनएस (इंडो-एशियन न्यूज सर्विस) में 50.50 प्रतिशत की बहुलांश हिस्सेदारी हासिल की थी जिससे यह समाचार एजेंसी अदाणी की मीडिया इकाई की अनुषंगी कंपनी बन गई थी। इसके बाद जनवरी 2024 में एएमजी मीडिया नेटवर्क्स ने आईएएनएस में मतदान अधिकार वाली हिस्सेदारी बढ़ाकर 76 प्रतिशत कर ली थी जबकि गैर-मतदान शेयर में भी उसकी हिस्सेदारी लगभग पूरी हो गई थी। शेयर बाजार को दी सूचना में कहा गया, एएमएनएल ने 21 जनवरी 2026 को आईएएनएस में शेष हिस्सेदारी के अधिग्रहण के लिए शेयर खरीद समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। प्रस्तावित लेनदेन के पूरा होने के बाद आईएएनएस कंपनी की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी की अनुषंगी कंपनी बन जाएगी। इससे पहले एएमएनएल के पास आईएएनएस के श्रेणी-एक (कैटेगरी-I) के 76 प्रतिशत मतदान अधिकार वाले शेयर और श्रेणी-दो (कैटेगरी-II) के 99.26 प्रतिशत गैर-मतदान शेयर थे। कंपनी सूचना में कहा गया कि एएमएनएल अब आईएएनएस के 24 प्रतिशत श्रेणी-एक मतदान अधिकार वाले शेयर और 0.74 प्रतिशत श्रेणी-दो के गैर-मतदान शेयर का अधिग्रहण कर रही है।

# पीएसजीआईसी, नाबार्ड और आरबीआई के लिए वेतन और पेंशन रिवीजन को मंजूरी

एजेंसी




नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र की सामान्य बीमा कंपनियों (पीएसजीआईसी) और राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) के लंबे समय से रुके वेतन संशोधन को मंजूरी दे दी है। साथ ही सरकार ने रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) और नाबार्ड के रिटायर कर्मचारियों के पेंशन संशोधन को भी मंजूरी दी है। केंद्र सरकार के इस फैसले से लगभग 46322 कर्मचारियों, 23570 पेंशनभोगियों और 23260 पारिवारिक पेंशनभोगियों को फायदा होगा। वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि पीएसजीआईसी के कर्मचारियों के लिए वेतन संशोधन 01 अगस्त, 2022 से लागू होगा। वेतन बिल में कुल 12.41 फीसदी की बढ़ोतरी होगी, जिसमें मौजूदा बेसिक पे और महंगाई भत्ते में 14 फीसदी की वृद्धि शामिल है। इस संशोधन से कुल 43,247 सार्वजनिक क्षेत्र की सामान्य बीमा कंपनियों के कर्मचारियों को फायदा होगा। इस बदलाव में 01 अप्रैल 2010 के बाद नौकरी ज्वाइन करने वाले कर्मचारियों के बेहतर भविष्य के लिए एनपीएस योगदान को 10 फीसदी से बढ़ाकर 14 फीसदी करने का भी प्रावधान है। वित्त मंत्रालय ने आधिकारिक राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से पारिवारिक पेंशन को 30 फीसदी की समान दर पर संशोधित किया है, जिससे कुल 15,582 मौजूदा फैमिली पेंशनर्स में से 14,615 फैमिली पेंशनर्स को फायदा होगा। इस पर कुल खर्च 8,170.30 करोड़ रुपये होगा, जिसमें (वेतन रिवीजन के बकाया के लिए 5,822.68 करोड़ रुपये, एपीएस के लिए 250.15 करोड़ रुपये और फैमिली पेंशन के लिए 2,097.47 करोड़ रुपये) शामिल है। मंत्रालय के मुताबिक केंद्र सरकार की ओर से 1 नवंबर, 2022 से नाबार्ड के सभी ग्रुप 'ए', 'बी' और 'सी' कर्मचारियों के वेतन और भत्तों में लगभग 20 फीसदी की बढ़ोतरी की गई है। इससे लगभग 3,800 सेवारत और पूर्व कर्मचारियों को फायदा होगा। पे रिवीजन से सालाना वेतन बिल में लगभग 170 करोड़ रुपये का अतिरिक्त खर्च आएगा और बकाया का कुल भुगतान लगभग 510 करोड़ रुपये होगा। पेंशन में बदलाव से एक बार में 50.82 करोड़ रुपये का एरियर पेमेंट होगा। साथ ही नाबार्ड के 269 पेंशनर्स और 457 फैमिली पेंशनर्स को हर महीने पेंशन पेमेंट में 3.55 करोड़ रुपये का अतिरिक्त खर्च होगा। इसके अलावा सरकार ने रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के रिटायर हुए कर्मचारियों की पेंशन और फैमिली पेंशन में बदलाव को मंजूरी दे दी है। मंजूर किए गए बदलाव के तहत, 1 नवंबर, 2022 से बेसिक पेंशन प्लस महंगाई राहत पर पेंशन और फैमिली पेंशन में 10 फीसदी की बढ़ोतरी की जाएगी। इससे सभी रिटायर लोगों की बेसिक पेंशन में 1.43 गुना की बढ़ोतरी होगी, जिससे उनकी मासिक पेंशन में काफी सुधार होगा। इस रिवीजन से कुल 30,769 लाभार्थियों को फायदा होगा, जिसमें 22,580 पेंशनभोगी और 8,189 पारिवारिक पेंशनभोगी शामिल हैं। वित्त मंत्रालय ने कहा कि कुल वित्तीय खर्च 2,696.82 करोड़ रुपये होने का अनुमान है, जिसमें बकाया के लिए 2,485.02 करोड़ रुपये का एक बार का खर्च और 211.80 करोड़ रुपये का सालाना खर्च शामिल है। मंत्रालय ने कहा कि यह फैसला सरकार की सामाजिक सुरक्षा और पेंशन पाने वालों की वित्तीय भलाई के प्रति लगातार प्रतिबद्धता और जोर को दिखाता है, जो उनकी लंबी और समर्पित व्यावसायिक सेवा को देखते हुए लिया गया है। उल्लेखनीय है कि सार्वजनिक क्षेत्र की सामान्य बीमा कंपनियों (पीएसजीआईसी) में नेशनल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (एनआईसीएल), न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (एनआईएसीएल), ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (ओआईसीएल), यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (यूआईआईसी), जनरल इंश्योरेंस कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (जीआईसी) और एग्रीकल्चरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (एआईसीआईएल) शामिल हैं।

# सबरीमला से जुड़े सोने की लूट के दोषी जाएंगे जेल : मोदी

एजेंसी

तिरुवनंतपुरम। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि सबरीमला अयप्पा मंदिर से जुड़े कथित सोने के नुकसान के लिए जिम्मेदार लोगों को जेल भेजा जाएगा, यदि केरल में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सत्ता में आती है। उन्होंने इसे श्रद्धालुओं के प्रति अपनी ''व्यक्तिगत गारंटी'' बताया।

भाजपा के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के चुनाव अभियान के तहत यहां आयोजित एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) ने श्रद्धालुओं के विश्वास के साथ विश्वासघात किया है और ऐतिहासिक मंदिर की पवित्रता की रक्षा करने में विफल रहा है।



प्रधानमंत्री ने कहा कि यह मामला केवल प्रशासनिक लापरवाही का नहीं, बल्कि आस्था से जुड़ा हुआ है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि भाजपा सरकार बनने पर इस प्रकरण में सख्त जवाबदेही तय की जाएगी। मंदिर की संरचनाओं से जुड़े कथित रूप से लापता सोने की जांच का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि मामले की व्यापक जांच कराई जाएगी और दोषी पाए जाने वालों को सजा दी जाएगी। इस मामले में फिलहाल केरल पुलिस की विशेष जांच टीम (एसआईटी) उच्च न्यायालय की निगरानी में जांच कर रही है। प्रधानमंत्री ने एलडीएफ के साथ-साथ विपक्षी यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) पर भी तीखा हमला बोला और आरोप लगाया कि दशकों के कुप्रशासन और भ्रष्टाचार ने केरल के विकास को बाधित किया है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार सहकारी बैंकों तक फैल चुका है, जिससे गरीबों और मध्यम वर्ग को नुकसान उठाना पड़ा है।

प्रधानमंत्री ने कहा, ''भाजपा को एक मौका दीजिए, जनता से लिया गया हर एक रुपया वापस लाया जाएगा''। उन्होंने स्वच्छ, पारदर्शी शासन तथा विकासोन्मुख राजनीति के प्रति पार्टी की प्रतिबद्धता दोहराई।

उन्होंने तिरुवनंतपुरम नगर निगम में भाजपा की हाल की जीत को ऐतिहासिक बताया और कहा कि यह केरल में पार्टी की बढ़ती स्वीकार्यता को दर्शाता है। उनके अनुसार यह जीत भ्रष्टाचार के खिलाफ जनादेश है और 'विकसित केरल' की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। प्रधानमंत्री ने इसे ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि तिरुवनंतपुरम ने केरल में भाजपा सरकार गठन की नींव रख दी है, जिसके प्रभाव राज्य से बाहर जाकर राष्ट्रीय स्तर पर भी महसूस किए जाएंगे। इस अवसर पर कई विकास परियोजनाओं और नई रेल सेवाओं की घोषणा भी की गई, जिससे भाजपा के विकास, सुधार और स्वच्छ प्रशासन के चुनावी एजेंडे को बल मिला।

# देश की आजादी में सुभाष चंद्र बोस के योगदान को मिटाने के कांग्रेस ने किये कुत्सित प्रयास : भाजपा

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने शुक्रवार को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर कांग्रेस और जवाहर लाल नेहरू सरकार पर देश की आजादी के लिये किये जाने वाले प्रयासों में बाधा डालने और उनके योगदान को मिटाने और कम आंकने का आरोप लगाते हुये निशाना साधा।

भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने पार्टी मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में पंडित जवाहरलाल नेहरू पर यह आरोप लगाये और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी द्वारा उन्हें संरक्षण प्रदान करने का भी आरोप लगाया। श्री त्रिवेदी ने नेताजी को लेकर कांग्रेस के साथ-साथ कम्युनिस्ट और तृणमूल कांग्रेस पर भी निशाना साधा।

उन्होंने कहा कि आज नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती है, जिसे हम सब पराक्रम दिवस के रूप में मनाते हैं। नेताजी ने 1943 में भारत की पहली निर्वासित सरकार बनाते समय किसी वायसराय या गवर्नर जनरल से शपथ नहीं ली थी जबकि पंडित नेहरू को सरकार बनाते समय दो सितंबर 1946 को वेवल ने और 15 अगस्त, 1947 को माउंटबेटन ने शपथ दिलायी थी। श्री त्रिवेदी ने कहा कि आज पूर्ण स्वतंत्र विचारों से स्वतंत्र भारत की पहली स्वतंत्र सरकार स्थापित करने के प्रथम प्रतीक सुभाष चन्द्र बोस के स्मरण का पर्व है।

भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि भारत की स्वतंत्रता में अनेक लोगों ने महत्वपूर्ण योगदान दिए हैं। उसमें नेताजी का योगदान सर्वाधिक अग्रणी और अविस्मरणीय है लेकिन उसे विस्मृत करने के अनेक कुत्सित प्रयास भारत के इतिहास में हुए हैं। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब अंबेडकर ने 1955 में बीबीसी को दिए अपने साक्षात्कार में कहा है कि भारत को जो आजादी मिली, वो इसलिए मिली, क्योंकि भारतीय सेना के सैनिकों की वफादारी अंग्रेजों के प्रति नहीं रह गई थी। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि भारतीय सैनिकों की अंग्रेज सरकार के प्रति वफादारी कभी नहीं बदलेगी, ऐसा वो सोचते थे लेकिन सुभाष चंद्र बोस की वजह से अंग्रेजों का यह सपना पूरी तरह से चकनाचूर हो गया था। श्री त्रिवेदी ने कहा कि 1939 में द्वितीय विश्व युद्ध शुरू होने के बाद नेताजी सुभाष चंद्र ने कहा था कि यही मौका है, हमें ब्रिटिश सरकार पर दबाव बनाना चाहिए लेकिन, कांग्रेस ने उस समय उनके विचार को नजरअंदाज कर दिया। उन्होंने पूछा कि कांग्रेस ने उस समय दबाव क्यों नहीं बनाया और तीन साल तक क्यों इंतजार किया। भाजपा प्रवक्ता ने दावा किया कि कांग्रेस कार्य समिति में 14 जुलाई, 1942 को एक प्रस्ताव पारित किया गया था जिसमें कहा गया था कि 'ब्रिटिश सरकार के विरुद्ध जो नकारात्मक भाव है, उसे सहयोग और सकारात्मक में बदलेंगे और हम एवं ब्रिटेन मिलकर दुनिया के लोगों और भारत के लोगों के लिए सकारात्मक वातावरण बनाएंगे, आपकी फौजें यहां रहें, इसके लिए कांग्रेस पूरी स्वेच्छा से समर्थन के लिए तैयार है।' उन्होंने कहा कि यही मूल कारण था कि कांग्रेस ने 1931 से लेकर 1947 तक 1942 को छोड़कर कोई भी आंदोलन नहीं किया।

# केरल कांग्रेस के नेताओं की खरगे-राहुल के साथ बैठक, आगामी चुनाव पर हुई चर्चा

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे तथा पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को यहां पार्टी की केरल इकाई के नेताओं के साथ आगामी विधानसभा चुनाव तथा अन्य मुद्दों पर चर्चा की। श्री खरगे ने सोशल मीडिया एक्स पर बताया कि केरल प्रदेश कांग्रेस के नेताओं के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक हुई जिसमें वरिष्ठ नेताओं के साथ आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारी तथा कुछ अन्य मुद्दों पर चर्चा की गयी। उन्होंने लिखा ''केरल के 3.6 करोड़ लोग बदलाव के लिए तरस रहे हैं। यूडीएफ में हमारे सहयोगियों के साथ कांग्रेस पार्टी राज्य में प्रगतिशील, विकासोन्मुख, कल्याण आधारित शासन सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।''

बैठक में श्री खरगे तथा श्री गांधी के अलावा पार्टी महासचिव के.सी. वेणुगोपाल, केरल कांग्रेस प्रभारी दीपा दासमुंशी, केरल कांग्रेस अध्यक्ष सनी जोसेफ, राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता वी.डी. सतीशन,कांग्रेस कार्य समिति के सदस्य एवं प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष रमेश चेन्निथला तथा कुछ अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद थे। बैठक में तिरुवनंतपुरम से कांग्रेस के लोकसभा सदस्य शशि थरूर मौजूद नहीं थे। पार्टी सूत्रों के अनुसार कांग्रेस नेतृत्व ने केरल के नेताओं को चुनावी तैयारी तेज करने को कहा है। बैठक में यूडीएफ के अन्य घटक दलों के साथ सीटें के बंटवारे को लेकर भी चर्चा हुयी। श्री चेन्निथला ने बताया कि बैठक में आगामी चुनावों पर विस्तार से चर्चा हुई। पंचायत चुनाव में पार्टी को और यूडीएफ को भारी जीत मिली है। पूरी उम्मीद है कि कांग्रेस पार्टी राज्य विधानसभा चुनाव में बहुमत हासिल करेगी। श्री थरूर के बैठक से दूरी बनाने के सवाल पर श्रीमती दासमुंशी ने मीडिया से कहा कि श्री थरूर केरल लिटरेचर फ़ेस्टिवल में गए है।

# कनाडा और अमेरिका के रिश्तों में तल्खी

## ट्रम्प ने 'बोर्ड ऑफ पीस' से मार्क कार्नी का निमंत्रण वापस लिया

एजेंसी

वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि प्रस्तावित 'बोर्ड ऑफ पीस' (शांति बोर्ड) ने कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी को दिया गया निमंत्रण वापस ले लिया है।

श्री ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ट्रुथ सोशल' पर एक पोस्ट से इस निर्णय की जानकारी दी। प्रधानमंत्री कार्नी को संबोधित एक संक्षिप्त पत्र के रूप में लिखे संदेश में श्री ट्रम्प ने बिना कोई विशेष कारण बताए स्पष्ट किया कि कनाडा के इस निकाय में शामिल होने के निमंत्रण को रद्द माना जाए। यह घटनाक्रम दोनों देशों के बीच गहराते कूटनीतिक मतभेदों की ओर इशारा कर रहा है।

यह कदम दोनों नेताओं के बीच इस सप्ताह हुई सार्वजनिक बयानबाजी और तीखी नोकझोंक के बाद उठाया गया है।

इससे पहले गुरुवार को श्री कार्नी ने ट्रंप के उस विवादास्पद दावे को सिरे से खारिज कर दिया था, जिसमें कहा गया था कि कनाडा अपने अस्तित्व के लिए अमेरिका पर निर्भर है। स्विट्जरलैंड के दावोस में आयोजित विश्व आर्थिक मंच से लौटने के बाद श्री कार्नी ने क्यूबेक सिटी में कहा था कि कनाडा और अमेरिका के बीच आर्थिक और सुरक्षा के क्षेत्र में एक उल्लेखनीय साझेदारी है, लेकिन कनाडा अमेरिका के कारण जीवित नहीं है। उन्होंने जोर देकर कहा कि कनाडा अपनी विशिष्ट पहचान और नागरिकों के कारण फल-फूल रहा है।

दावोस शिखर सम्मेलन के दौरान श्री कार्नी ने वैश्विक व्यवस्था में आने वाली 'दरार' के प्रति आगाह किया था और प्रमुख शक्तियों द्वारा टैरिफ (शुल्क) तथा आर्थिक दबाव के उपयोग की खुलकर आलोचना की थी। उन्होंने ग्रीनलैंड और डेनमार्क के प्रति भी अपना समर्थन व्यक्त किया था, जिसे अमेरिकी नीतियों के विरोध के रूप में देखा गया। इसके विपरीत, श्री ट्रम्प ने उसी मंच से बोलते हुए दावा किया था कि ''कनाडा अमेरिका की वजह से ही जीवित है। दावोस में अमेरिकी राष्ट्रपति और कनाडाई प्रधानमंत्री के बीच कोई द्विपक्षीय मुलाकात भी नहीं हुई थी, जिससे तनाव की स्थिति पहले ही स्पष्ट हो गई थी।

व्हाइट हाउस में दोबारा वापसी के बाद से श्री ट्रम्प ने कनाडा के साथ व्यापारिक और राजनीतिक मोर्चे पर कड़ा रुख अपना रखा है। उन्होंने कनाडा पर व्यापक व्यापारिक शुल्क लगा दिए हैं और बार-बार यह सुझाव देकर विवाद पैदा किया है कि कनाडा को अमेरिका का 51वां राज्य बन जाना चाहिए। निमंत्रण वापस लेने के इस ताजा फैसले के बाद दोनों पड़ोसी देशों के बीच व्यापारिक और राजनीतिक संबंधों में और अधिक कड़वाहट आने की संभावना जताई जा रही है।

## खत्म होगी यूक्रेन की जंग : अबू धाबी में अमेरिका, यूक्रेन और रूस के बीच पहली त्रिपक्षीय वार्ता

**अबू धाबी।** रूस के यूक्रेन पर 2022 में शुरू किये गये हमले के बाद पहली बार अमेरिका, यूक्रेन और रूस के वार्ताकार शुक्रवार को संयुक्त अरब अमीरात में एक साथ मेज पर बैठेंगे। यह तीनों देशों के बीच होने वाली पहली ज्ञात त्रिपक्षीय बैठक है, जिसे युद्ध समाप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कूटनीतिक कदम माना जा रहा है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन के सहायक यूरी उशाकोव ने पुष्टि की है कि रूस 'सुरक्षा मुद्दों पर त्रिपक्षीय कार्य समूह की पहली बैठक' के लिए अबू धाबी में यूक्रेन और अमेरिका के प्रतिनिधियों के साथ शामिल होगा। इससे पहले यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने भी इस बैठक के आयोजन की पुष्टि की थी। यह ऐतिहासिक वार्ता राष्ट्रपति ट्रम्प के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और उनके दामाद जेरेड कुशनर की रूसी राष्ट्रपति के साथ हुई गहन मुलाकात के बाद आयोजित की जा रही है। गुरुवार देर रात श्री पुतिन के साथ इन अमेरिकी प्रतिनिधियों की बैठक तीन घंटे से अधिक समय तक चली थी। रूस ने इस चर्चा को अत्यंत ठोस, रचनात्मक और गोपनीय बताया है। हालांकि, रूसी अधिकारियों ने अभी तक यह स्पष्ट नहीं किया है कि अबू धाबी में होने वाली त्रिपक्षीय वार्ता किस समय शुरू होगी, लेकिन इसे लेकर वैश्विक स्तर पर उम्मीदें बढ़ गई हैं। सकारात्मक कूटनीतिक संकेतों के बावजूद रूस ने कड़ा रुख अपनाते हुए चेतावनी दी है कि क्षेत्रीय मुद्दों को सुलझाए बिना किसी भी दीर्घकालिक समाधान की उम्मीद करना जल्दबाजी होगी। श्री उशाकोव ने स्पष्ट किया कि रूस युद्ध के मैदान में अपने उद्देश्यों को तब तक जारी रखेगा जब तक कि कोई अंतिम समझौता नहीं हो जाता। उन्होंने दावा किया कि वर्तमान में युद्ध क्षेत्र में रूसी सशस्त्र बलों के पास रणनीतिक बढ़त है। यूक्रेन द्वारा उन क्षेत्रों पर अपना दावा छोड़ना, जिन्हें रूस ने अपने नियंत्रण में ले लिया है, इस पूरी बातचीत का सबसे जटिल और विवादित हिस्सा बना हुआ है।

# आत्ममंथन के साथ 59वां वार्षिक संत समागम शुरू

एजेंसी

सांगली। आज के समय में जब मानव समाज अनेक प्रकार की संकीर्णताओं, मतभेदों और तंगदिली की सीमाओं में बँटता दिखाई देता है, ऐसे परिवेश में संत निरंकारी मिशन मानवता को जोड़ने, सोच को विस्तार देने और खुद के भीतर झाँककर स्वयं सुधार की प्रेरणा देने का सतत प्रयास कर रहा है। इसी भावभूमि पर आधारित ल्लआत्ममंथनङ्क विषय के साथ महाराष्ट्र का 59वाँ वार्षिक निरंकारी संत समागम आगामी 24 से 26 जनवरी 2026 तक सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता जी के पावन सान्निध्य में आयोजित किया जा रहा है।

लगभग 320 एकड़ के विशाल क्षेत्र में आयोजित होने वाले इस भव्य संत समागम में देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु, भक्तजन




एवं हर वर्ग के नागरिक सहभागी होंगे। जो श्रद्धालु भौतिक रूप से उपस्थित नहीं हो पाएँगे, उनके लिए इस संत समागम का सीधा प्रसारण संत निरंकारी मिशन की अधिकृत वैबसाईट से विश्वभर में किया जाएगा, जिससे यह आध्यात्मिक संदेश वैश्विक स्तर तक पहुँचेगा। इस विराट आयोजन की व्यवस्थाएँ सतगुरु माता जी के आदेशानुसार मिशन के सेवादारों द्वारा 28 दिसंबर 2025 से पूर्णतः सुव्यवस्थित, अनुशासित एवं निरंतर रूप से संचालित की जा रही हैं। महाराष्ट्र निरंकारी संत समागम के चेयरमैन श्री शम्भुनाथ तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि लंगर, स्वास्थ्य, सुरक्षा, यातायात, स्वच्छता, पार्किंग, सहायता केंद्र, कैंटीन सहित सभी मूलभूत सुविधाओं के सुचारु संचालन हेतु संत निरंकारी सेवादल के लगभग 30,000 से अधिक सेवादार पूर्ण समर्पण और सेवा-भाव के साथ सेवाएँ प्रदान करेंगे। समागम के तीनों दिन दोपहर 2:30 बजे से रात्रि 9:00 बजे तक मुख्य कार्यक्रम आयोजित होंगे। इन कार्यक्रमों में विविध क्षेत्रों के भक्तजन अपने प्रेरक विचार प्रस्तुत करेंगे तथा समर्पित संगीतज्ञों द्वारा भक्ति संगीत की ऐसी भावपूर्ण प्रस्तुतियाँ होंगी, जिनमें हर आयु वर्ग एवं विभिन्न भाषा-भाषी श्रद्धालु सहभागी बनेंगे। प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष भी रूहानी कवि दरबार समागम का विशेष आकर्षण रहेगा। प्रत्येक दिन के सत्संग का समापन में सतगुरु के प्रेरणादायी प्रवचनों से होगा, जो आत्ममंथन की भावना को और अधिक सशक्त करेंगे। इस समागम का मुख्य आकर्षण प्रदर्शनी संत निरंकारी मिशन के कलाकारों द्वारा लगाई जा रही है, जिसमें मिशन के इतिहास, दर्शन, आध्यात्मिक संदेशों एवं सामाजिक गतिविधियों का जीवंत एवं प्रेरक चित्रण किया गया है। निरंकारी मिशन के पब्लिकेशन विभाग द्वारा प्रकाशित सभी आध्यात्मिक पुस्तकें एवं पत्रिकाएँ भी श्रद्धालुओं के लिए उपलब्ध रहेंगी।

# केंद्र ने प्रमुख वित्तीय संस्थाओं के कर्मचारियों, पेंशनभोगियों के वेतन और पेंशन संशोधनों को दी मंजूरी

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्र सरकार ने शुक्रवार को सार्वजनिक क्षेत्र की प्रमुख वित्तीय संस्थाओं के कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के लिए व्यापक वेतन एवं पेंशन संशोधनों को मंजूरी प्रदान की। यह कदम सार्वजनिक क्षेत्र की सामान्य बीमा कंपनियों (पीएसजीआईसी) , राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) और भारतीय रिजर्व बैंक के मौजूदा तथा पूर्व कर्मचारियों की आर्थिक कल्याण और सामाजिक सुरक्षा को मजबूत करने के उद्देश्य से लिया गया है। केंद्र सरकार के इस संशोधन से कुल मिलाकर लगभग 46,322 कर्मचारी; 23,570 पेंशनर; और 23,260 परिवार पेंशनर लाभान्वित होंगे। वित्त मंत्रालय की प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि कर्मचारियों के लिए वेतन संशोधन एक अगस्त 2022 की पूर्ववर्ती तिथि से लागू होगा। इसमें मूल वेतन और महंगाई भत्ता में 14 प्रतिशत वृद्धि की गई है, जिससे कुल वेतन खर्च में 12.41 प्रतिशत वृद्धि होगी। इसके अलावा जो एक अप्रैल 2010 के बाद जुड़े कर्मचारियों के लिए राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) में कर्मचारियों का योगदान 10 से बढ़ाकर 14 प्रतिशत किया गया है। परिवार पेंशन में भी 30 प्रतिशत की एक समान वृद्धि की गई है, जो आधिकारिक गजट में प्रकाशन की तिथि से लागू होगी। इन संशोधनों से पीएसजीआईसी पर 8,170.30 करोड़ रुपये का वित्तीय असर पड़ने का अनुमान है। पीएसजीआईसी में जो प्रमुख बीमा कंपनियां शामिल हैं उनमें नेशनल इंश्योरेंस कंपनी, न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी, ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी, यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी, जनरल इंश्योरेंस कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया और एग्रीकल्चरल इंश्योरेंस कंपनी शामिल हैं। नाबार्ड के ग्रुप ए, बी और सी के लगभग 3,800 वर्तमान और पूर्व कर्मचारी एक नवंबर 2022 से लगभग 20 प्रतिशत बढ़े हुए वेतन और भत्ते के हकदार होंगे।

इसके साथ ही नाबार्ड के उन सेवानिवृत्तों के लिए भी पेंशन संशोधन मंजूर किया गया है, जो एक नवंबर 2017 से पहले जुड़े और सेवानिवृत्त हुए थे, ताकि उनकी पेंशन भी पूर्व आरबीआई-नाबार्ड सेवानिवृत्तों के समान हो सके। केवल वेतन संशोधन से वार्षिक वेतन बिल में लगभग 170 करोड़ रुपये की वृद्धि होगी, जबकि बकाया राशि लगभग 510 करोड़ रुपये होगी।

# पेज एक का शेष

### बसंत पंचमी पर...

हुआ यह ऐतिहासिक स्नान पर्व माघ मेले के प्रमुख आयोजनों में से एक बन गया। आस्था, अनुशासन और प्रशासनिक व्यवस्था के समन्वय ने इस पर्व को सफल और स्मरणीय बना दिया। त्रिवेणी तट पर उमड़ा यह जनसैलाब एक बार फिर यह संदेश देता दिखाई दिया कि भारतीय संस्कृति में आस्था की धारा सदैव अविरल और अटूट बनी हुई है।

### 2 मिनट अंधेरे में ...

जिससे आपात संकेत व्यवस्था का परीक्षण किया गया। यह सब कुछ वास्तविक हालात जैसा माहौल बनाकर किया गया, जिससे संबंधित विभागों की प्रतिक्रिया क्षमता का आकलन हो सके। इस मॉक ड्रिल में पुलिस, फायर सर्विस, स्वास्थ्य विभाग, आपदा राहत बल और स्थानीय प्रशासन की संयुक्त भागीदारी रही। अधिकारियों ने बताया कि इस प्रकार के अभ्यास से विभागों के बीच समन्वय बेहतर होता है और वास्तविक संकट की स्थिति में जान-माल की हानि को न्यूनतम किया जा सकता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मौके पर मौजूद अधिकारियों से विस्तृत जानकारी ली और व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने आपदा प्रबंधन और सुरक्षा तैयारियों को और मजबूत करने पर जोर दिया। सूत्रों के अनुसार मुख्यमंत्री ने कहा कि जन सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है, और ऐसी मॉक ड्रिल भविष्य में भी जारी रहेंगी ताकि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित व प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

### केजीएमयू में ...

15 दिनों के भीतर स्वयं अपने खर्च पर निर्माण/अतिक्रमण हटाकर विश्वविद्यालय की भूमि को पूर्व स्थिति में लाने का निर्देश दिया गया है। साथ ही चेतावनी दी गई है कि यदि निर्धारित समयसीमा में अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो विश्वविद्यालय प्रशासन प्रशासनिक व विधिक कार्रवाई करेगा। ऐसी स्थिति में बलपूर्वक हटाने, ध्वस्तीकरण, पुलिस बल व अन्य खर्च सहित संपूर्ण राशि संबंधित पक्ष से वसूल की जाएगी और इसके लिए वही जिम्मेदार होगा।

### अब देश में बनेंगे ...

रही थी कि 28 से 31 जनवरी तक हैदराबाद में आयोजित 'विंग्स इंडिया 2026' में इसकी घोषणा की जायेगी। 'विंग्स इंडिया 2026' में एंब्रेयर अपने ई195-ई2 और ई175 विमानों का प्रदर्शन कर रही है। ई195-ई2 एक छोटा नैरोबॉडी वाणिज्यिक विमान है जिसमें 132-146 सीटें हो सकती हैं। कंपनी का दावा है कि यह दुनिया का सबसे कम ध्वनि प्रदूषण करने वाला और सबसे ईंधन दक्ष विमान है। वहीं ई175 विमान में 88 तक सीटें हो सकती हैं। भारत में स्टार एयरलाइंस के फ्लीट में ई175 विमान पहले से शामिल हैं।

### पीजीआई, लोहिया समेत...

डा. अभिनव वर्मा, पशु कल्याण अधिकारी, नगर निगम ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर सभी से कुत्तों की संख्या मांगी गयी है। आंकड़े आने पर उसी के आधार पर नगर निगम शेल्टर होम का निर्माण कराएगा। कुछ विभाग भेज रहे हैं कुछ को दोबारा रिमाइंडर भेजा जा रहा है।

### भोला प्रसाद की...

कार अनुमानित कीमत एक करोड़ 22 लाख 15 हजार रुपये, तीन अचल संपत्ति अनुमानित कीमत एक करोड़ 98 लाख रुपये समेत 23 करोड़ की संपत्ति को जब्त किया गया है। गौरतलब है कि सोनभद्र पुलिस ने कोलकाता से सरगना शुभम जायसवाल के पिता भोला जायसवाल को गिरफ्तार किया था। दोनों ने मिलकर उत्तर प्रदेश के साथ बंगाल और बांग्लादेश तक प्रतिबंधित कफ सिरप का नेटवर्क फैला रखा था। शुभम जायसवाल और उसके पिता भोला प्रसाद जायसवाल ने शैली ट्रेडर्स फर्म तथा अन्य फर्मों के जरिए करोड़ों रुपये का काला कारोबार प्रतिबंधित कफ सिरप के माध्यम से किया। इन्हीं अवैध पैसों से बाप-बेटे ने मिलकर करोड़ों की संपत्ति बनाई। शुभम जायसवाल अभी भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है।

### प्रधानमंत्री ने पीएम...

मातृ वंदना योजना के जरिए महिलाओं की स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित की जा रही है। प्रधानमंत्री ने बताया कि 12 लाख रुपये तक की वार्षिक आय को कर मुक्त किए जाने से केरल के मध्यम वर्ग और वेतनभोगी लोगों को भी बड़ा लाभ मिला है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में करोड़ों लोगों को बैंकिंग व्यवस्था से जोड़ा गया है, जिससे गरीब, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़े वर्ग, महिलाएं और मछुआरे आसानी से बैंक ऋण प्राप्त कर पा रहे हैं। उन्होंने बताया कि बिना गारंटी के ऋण के लिए अब केंद्र सरकार स्वयं गारंटर बन रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार संपर्क, विज्ञान, नवाचार और स्वास्थ्य के क्षेत्र में लगातार निवेश कर रही है। केरल में वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) नवाचार हब का उद्घाटन और मेडिकल कॉलेज में रेडियो सर्जरी सेंटर की शुरुआत से राज्य को विज्ञान और स्वास्थ्य का केंद्र बनाने में मदद मिलेगी। श्री मोदी ने बताया कि अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों के शुभारंभ से केरल की रेल संपर्क सेवा मजबूत हुई है, जिससे पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। वहीं गुरुवायुरऽत्रिशूर नयी ट्रेन से श्रद्धालुओं की यात्रा आसान होगी। उन्होंने कहा कि विकसित केरल, विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए आवश्यक है और केंद्र सरकार केरल के साथ मजबूती से खड़ी है। प्रधानमंत्री ने रेल कनेक्टिविटी को मजबूत करने के लिए चार नयी ट्रेन सेवाओं को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जिनमें तीन अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनें और एक पैसेंजर ट्रेन शामिल है। श्री मोदी ने जिन ट्रेनों को रवाना किया उनमें नागरकोइलऽमंगलूरु अमृत भारत एक्सप्रेस, तिरुवनंतपुरमऽतांबरम अमृत भारत एक्सप्रेस, तिरुवनंतपुरमऽचार्लापल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस और त्रिशूरऽगुरुवायुर नई पैसेंजर ट्रेन है। इन सेवाओं के शुरू होने से केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के बीच लंबी दूरी और क्षेत्रीय कनेक्टिविटी से महत्वपूर्ण लाभ मिलेगा। इससे यात्रियों को सस्ती, सुरक्षित और समयबद्ध यात्रा का लाभ मिलेगा। बेहतर कनेक्टिविटी से पर्यटन, व्यापार, शिक्षा, रोजगार और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को भी मजबूती मिलेगी। इस अवसर पर केरल के राज्यपाल राजेंद्र आर्लेकर, मुख्यमंत्री पिनराई विजयन, केंद्रीय मंत्री वी. सोमन्ना, जॉर्ज कुरियन, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष राजीव चन्द्रशेखर और तिरुवनंतपुरम के मेयर वी.वी. राजेश सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### केरल निर्णायक राजनीतिक...

कार्यकर्ता प्रतिबद्ध रहें, तो केरल में भी ऐसा ही बदलाव संभव है। श्री मोदी ने कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए दावा किया कि पार्टी ने अपना विकास का एजेंडा छोड़ दिया है और विभाजनकारी राजनीति को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि केरल को 'सांप्रदायिक प्रयोगों की प्रयोगशाला' बना दिया गया है। राज्य को अपनी वास्तविक क्षमता का एहसास करने के लिए ऐसे प्रभावों से मुक्त होना चाहिए।

प्रधानमंत्री ने एलडीएफ को भी निशाने पर लिया और उन पर केरल के सांस्कृतिक मूल्यों का सम्मान न करने तथा भ्रष्टाचार के माध्यम से जनता के विश्वास के साथ विश्वासघात करने का आरोप लगाया। उन्होंने सहकारी बैंक घोटालों सहित कथित वित्तीय अनियमितताओं का हवाला देते हुए कहा कि आम नागरिकों की बचत को जोखिम में डाल दिया गया है। उन्होंने कहा, ''भाजपा को एक मौका दें। जनता से लूटा गया एक-एक रुपया वसूल किया जाएगा। श्री मोदी ने सबरीमाला अयप्पा मंदिर में सोने की चोरी से जुड़े विवाद का जिक्र करते हुए कहा कि यह भक्तों के लिए आस्था का गंभीर मामला है। उन्होंने वादा किया कि अगर केरल में भाजपा सत्ता में आती है, तो जिम्मेदार लोगों को न्याय के कटघरे में लाया जाएगा। उन्होंने कहा, ''यह मेरी गारंटी है। जो भी दोषी पाया जाएगा, उसे जेल भेजा जाएगा।''

कार्यक्रम के दौरान श्री मोदी ने तिरुवनंतपुरम के मेयर बनने पर एडवोकेट वी.वी. राजेश को बधाई दी। रैली में केरल भाजपा नेताओं ने प्रधानमंत्री को स्वामी अयप्पा की मूर्ति की प्रतिकृति भेंट की। उन्होंने कहा कि देवता का आशीर्वाद 'विकसित और सुरक्षित केरल' बनाने के संकल्प को मजबूत करेगा। प्रधानमंत्री ने बाद में केरल की राजधानी में विभिन्न आध्यात्मिक गुरुओं और समुदाय के प्रतिनिधियों से मुलाकात की। उन्होंने वर्कला स्थित शिवगिरी मठ में श्री नारायण धर्म संघम ट्रस्ट के स्वामियों के साथ चर्चा की और सामाजिक सेवा तथा शिक्षा में उनके योगदान की प्रशंसा की। इसके बाद उन्होंने 'अखिल केरल धीवर सभा' के एक प्रतिनिधिमंडल के साथ बातचीत की और मछुआरों के कल्याण पर विचार साझा किए।

# विकसित भारत के लक्ष्य में उत्तराखंड बनेगा मजबूत आधार: धामी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में विकसित उत्तराखंड की अहम भूमिका होगी। उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए प्रत्येक राज्य को समान रूप से विकसित होना आवश्यक है और उत्तराखंड को अपनी विशिष्ट भौगोलिक एवं प्राकृतिक परिस्थितियों के अनुरूप दीर्घकालिक विकास की स्पष्ट दिशा तय करनी होगी।

मुख्यमंत्री शुक्रवार को सिविल सर्विसेज इंस्टीट्यूट में आयोजित दो दिवसीय चिंतन शिविर एवं डायलॉग ऑन विजन 2047 के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस शिविर के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत' संकल्प के अनुरूप ठोस, व्यवहारिक और समयबद्ध रणनीति तैयार की जाएगी, जिससे राज्य के समग्र विकास के लिए स्पष्ट रोडमैप तय हो सके।मुख्यमंत्री ने कहा कि विकसित भारत का विजन केवल आर्थिक विकास तक सीमित नहीं है, बल्कि यह मानव-केंद्रित, समावेशी और सतत विकास पर आधारित है। इसमें पारदर्शी, संवेदनशील और जन-केंद्रित शासन व्यवस्था की परिकल्पना की गई है। उन्होंने कहा कि इस लक्ष्य को प्राप्त करने में प्रशासनिक तंत्र की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है और अधिकारियों को नीति निर्माण से लेकर क्रियान्वयन तक लक्ष्य आधारित और परिणाम केंद्रित दृष्टिकोण अपनाना होगा। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से 'टीम उत्तराखंड' की भावना के साथ कार्य करने का आह्वान करते हुए कहा कि विभागीय सीमाओं से ऊपर उठकर शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यटन, कृषि, ऊर्जा, तकनीक और सुशासन जैसे क्षेत्रों में वर्ष 2047 के लक्ष्यों



को ध्यान में रखते हुए कार्य योजना तैयार की जाए। उन्होंने किसानों की आय वृद्धि, युवाओं के लिए रोजगार सृजन और महिलाओं के लिए समान अवसर को विकास के प्रमुख मानक बताया। उन्होंने कहा कि विकसित उत्तराखंड की नींव सुशासन, तकनीक एवं नवाचार तथा जन-केंद्रित सतत विकास के तीन स्तंभों पर आधारित होगी। ई-गवर्नेंस, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डेटा एनालिटिक्स जैसी आधुनिक तकनीकों के उपयोग से शासन को अधिक प्रभावी और पारदर्शी बनाया जाएगा, साथ ही यह सुनिश्चित किया जाएगा कि तकनीक का लाभ दूरस्थ और सीमांत क्षेत्रों तक पहुंचे। मुख्यमंत्री ने प्रत्येक योजना के स्पष्ट आउटपुट और आउटकम निर्धारित करने पर जोर देते हुए कहा कि केवल धन व्यय होना ही सफलता का पैमाना नहीं है, बल्कि योजनाओं से आम जनता के जीवन में सकारात्मक बदलाव आना चाहिए। उद्घाटन सत्र के बाद मुख्यमंत्री काफी देर तक शिविर में उपस्थित रहे और विभिन्न विषयों पर चल रही परिचर्चाओं को सुनते हुए सुझावों को नोट किया। इस अवसर पर सेतु आयोग के सीईओ शत्रुघ्न सिंह, प्रमुख सचिव आर.के. सुधांशु, डॉ. आर. मीनाक्षी सुंदरम, नीति आयोग की प्रोग्राम डायरेक्टर डॉ. नीलम पटेल सहित वरिष्ठ अधिकारी और विशेषज्ञ उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री नीतीश की समृद्धि यात्रा का दूसरा चरण 27 जनवरी से शुरु

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की समृद्धि यात्रा का दूसरा चरण आगामी 27 जनवरी से शुरु होगा। जिसके लिए सामान्य प्रशासन विभाग ने विस्तृत ब्यौरा जारी कर दिया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की 'समृद्धि यात्रा' और जनसंवाद जारी है। यह यात्रा 16 जनवरी 2026 को पश्चिम चंपारण के बेतिया से शुरू हुई थी, जहां से मुख्यमंत्री ने विभिन्न जिलों में विकास योजनाओं का जमीनी स्तर पर मूल्यांकन शुरू किया। पहले चरण में मुख्यमंत्री ने 8 दिनों में 9 जिलों का दौरा पूरा करने का लक्ष्य रखा है, जिसमें कुछ जिलों को एक ही दिन में कवर किया गया। सामान्य प्रशासन विभाग ने समृद्धि यात्रा के दूसरे चरण का विस्तृत कार्यक्रम जारी कर दिया है। यह चरण 27 जनवरी से 29 जनवरी 2026 तक चलेगा और मिथिलांचल क्षेत्र पर केंद्रित रहेगा। 27 जनवरी को मुख्यमंत्री



मधुबनी, 28 जनवरी को दरभंगा और 29 जनवरी को समस्तीपुर जिलों का दौरा करेंगे। इन जिलों में विकास योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास, समीक्षा बैठकें और स्थल निरीक्षण के साथ जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित होंगे। यह चरण तीन दिनों में तीन प्रमुख जिलों को कवर करेगा। समृद्धि यात्रा के पहले चरण में अब तक पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण (मोतिहारी), सीतामढ़ी, शिवहर, गोपालगंज, सारण और सिवान जिलों में कार्यक्रम हो चुके हैं। मुख्यमंत्री ने इन जिलों में विकास योजनाओं का स्थल निरीक्षण किया, जन सभाओं को संबोधित किया और लाभार्थियों से बातचीत की। 23 जनवरी को मुजफ्फरपुर और 24 जनवरी को वैशाली में कार्यक्रम निर्धारित हैं, जिसके साथ पहला चरण समाप्त हो जाएगा। समृद्धि यात्रा में मुख्यमंत्री विशेष रूप से 'सात निश्चय' जैसी प्रमुख योजनाओं की प्रगति पर फोकस कर रहे हैं। वे विकास कार्यों की गुणवत्ता जांच रहे हैं और लापरवाही बरतने वालों पर सख्त कार्रवाई के संकेत दे रहे हैं। यात्रा के दौरान जनता से मिलकर उनकी समस्याओं को सुनना और तत्काल निर्देश जारी करना भी प्रमुख उद्देश्य है। बिहार विधानमंडल का बजट सत्र 2 फरवरी 2026 से शुरू हो रहा है, जो 27 फरवरी तक चलेगा। इस दौरान 3 फरवरी को वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट पेश किया जाएगा। ऐसे में दूसरे चरण के बाद तीसरे चरण की समृद्धि यात्रा में कुछ ब्रेक लग सकता है, क्योंकि मुख्यमंत्री विधानसभा सत्र की तैयारियों और सदन में भागीदारी पर ध्यान केंद्रित करेंगे।

# मुख्यमंत्री ने नोवेनियो अस्पताल किया उद्घाटन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को बुद्ध विहार फ़ेज-1 में नोवा नियो अस्पताल का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस यह अस्पताल दिल्ली की स्वास्थ्य सेवाओं को नई मजबूती देगा। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार पब्लिक और प्राइवेट सेक्टर के सहयोग से बेहतर, सुलभ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर सांसद योगेंद्र चांदोलिया, विधायक कुलवंत राणा और पार्षद अमृत जैन उपस्थित रहे।

# नवादा के कौआकोल में युवक की हत्या के विरोध में घण्टों सड़क जाम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नवादा। नवादा जिले के कौआकोल थाना क्षेत्र के हाईस्कूल रोड से कपसिया जाने वाली नाटी नदी गांधीधाम पुल के पास गुरुवार की देर शाम एक युवक की गोली मारकर निर्मम हत्या कर दिए जाने की घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने शुक्रवार को घटना के विरोध में शव को सड़क पर रखकर घण्टो विरोध प्रदर्शन किया।

आक्रोशित ग्रामीणों ने कौआकोल-रोह एवं कौआकोल-पकरीबरावां दोनों मुख्य मार्ग को जाम कर यातायात सेवा भी बाधित कर दी। जिससे राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। गुरुवार की देर शाम आपसी विवाद को लेकर दो गुटों में हुए विवाद में जोगाचक गांव निवासी बिनोद यादव के 22 वर्षीय पुत्र अजित कुमार को बदमाशों ने गोली मार दिया। जबकि उसके छोटे भाई रोहित कुमार को भी बदमाशों ने मारकर बुरी तरह घायल कर दिया। घटना की सूचना के बाद स्थानीय लोगों एवं स्वजनों के द्वारा दोनों को कौआकोल



पीएचसी लाया गया। जहां चिकित्सकों ने अजित को मृत घोषित कर दिया। वहीं बुरी तरह घायल रोहित को प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल नवादा रेफर कर दिया। घटना की सूचना के बाद कौआकोल थानाध्यक्ष,पकरीबरावां अंचल पुलिस इंस्पेक्टर एवं एसडीपीओ राकेश कुमार भाष्कर एवं एफएसएल टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य इकट्ठा कर शव को देर रात्रि पोस्टमार्टम के लिए नवादा भेज दिया। जहां शुक्रवार की सुबह पोस्टमार्टम के बाद शव गांव पहुंचा। इसके बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने हत्यारे की गिरफ्तारी एवं अन्य मांगों को लेकर सड़क जाम कर दिया। सीओ मनीष कुमार,कौआकोल थाना के पुलिस अधिकारी,जिला पार्षद अजित यादव,समाजसेवी विकास सम्राट आदि के द्वारा आक्रोशित ग्रामीणों को समझाने-बुझाने का प्रयास किया गया। सीओ द्वारा मुख्यमंत्री पारिवारिक लाभ योजना के तहत बीस हजार रुपए नगद राशि मृतक के परिवार को देने तथा पुलिस द्वारा हत्या में शामिल अपराधियों की पहचान एवं उनकी गिरफ्तारी हो जाने की सूचना के बाद सड़क जाम हटाया जा सका। घटना को लेकर नवादा एसपी अभिनव धीमान ने भी गुरुवार की रात्रि ही कौआकोल पहुंचकर मोर्चा संभाल लिया। उन्होंने घटनास्थल का निरीक्षण कर पुलिस अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। पुलिस के अनुसार घटना के बाद पुलिस हर विन्दु से जांच में जुट गई है।

## गणतंत्र दिवस पर सुबह 3 बजे से दौड़ेगी दिल्ली मेट्रो

नई दिल्ली। गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर राजधानी वासियों और देशभर से आने वाले लोगों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए दिल्ली मेट्रो ने बड़ा फैसला लिया है। 26 जनवरी को दिल्ली मेट्रो की सभी लाइनों पर सेवाएं सुबह 3 बजे से शुरू होंगी। दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) के प्रधान कार्यकारी निदेशक अनुज दयाल ने शुक्रवार को बताया कि सुबह 3 बजे से 6 बजे तक सभी लाइनों पर मेट्रो ट्रेनें हर 15 मिनट के अंतराल पर चलेंगी। इसके बाद दिनभर मेट्रो सेवाएं सामान्य समय-सारिणी के अनुसार संचालित की जाएंगी। यह विशेष व्यवस्था खास तौर पर कर्तव्य पथ (पूर्व में राजपथ) पर आयोजित गणतंत्र दिवस परेड देखने पहुंचने वाले नागरिकों के लिए की गई है, ताकि उन्हें आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी न हो। इसके अलावा, गणतंत्र दिवस के दिन दिल्ली मेट्रो नेटवर्क के सभी स्टेशनों पर पार्किंग सुविधाएं पूरी तरह चालू रहेंगी। डीएमआरसी ने यात्रियों से अपील की है कि वे यात्रा की पूर्व योजना बनाएं और सुबह की शुरुआती मेट्रो सेवाओं का लाभ उठाएं।

## उत्तराखंड में बारिश से ठिठुरन बढ़ी, ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी की संभावना

देहरादून। मौसम एवं विज्ञान विभाग ने आज उत्तराखंड में बारिश और बर्फबारी की चेतावनी जारी की है। विभाग ने उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर व पिथौरागढ़ जनपदों के लिए ऑरेंज अलर्ट, जबकि देहरादून, टिहरी, हरिद्वार, पौड़ी, अल्मोड़ा एवं नैनीताल जनपदों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। इस चेतावनी के मद्देनजर आपदा प्रबंधन विभाग ने एहतियाती कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। उधर, उत्तराखंड के कई हिस्सों में रुक-रुक कर हो रही बारिश से ठिठुरन बढ़ गई है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर सचिव आपदा प्रबंधन व पुनर्वास विनोद कुमार सुमन ने संबंधित जनपदों के जिला आपदा प्रबंधन अधिकारियों व संबंधित विभागों के अधिकारियों को सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं।

# गणतंत्र दिवस परेड में विद्युत मंत्रालय 'प्रकाश गंगा' झांकी का करेगा प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। विद्युत मंत्रालय 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस परेड में अपनी शानदार झांकी प्रकाश गंगा का प्रदर्शन करेगा। यह झांकी आत्मनिर्भर और विकसित भारत के लिए विद्युत क्षेत्र में भारत की बदलावकारी यात्रा और स्वच्छ एवं टिकाऊ ऊर्जा को लोगों के सामने रखेगी। विद्युत मंत्रालय के मुताबिक यह झांकी बिजली की सार्वभौमिक पहुंच हासिल करने से लेकर वैश्विक स्वच्छ ऊर्जा नेता के रूप में उभरने तक भारत के विकास को उजागर करती है। प्रकाश गंगा का अर्थ है प्रकाश की नदी, जो राष्ट्रीय ग्रिड में एक दूसरे से जुड़े बिजली के सहज और निरंतर प्रवाह का प्रतीक है। मंत्रालय के मुताबिक झांकी की खासियत एक रोबोटिक स्मार्ट मीटर मॉडल है, जिसके साथ विंड



टर्बाइन जनरेटर भी हैं, जो कुशल ऊर्जा प्रबंधन के लिए डिजिटल तकनीक, ऑटोमेशन और स्मार्ट सॉल्यूशंस के एकीकरण को दिखाता है। झांकी के बीच का हिस्सा रूफटॉप सोलर इंस्टॉलेशन के साथ ''स्मार्ट पावर, स्मार्टर होम'' विचारधारा को दिखाता है, जो नागरिकों को बिजली के 'प्रोज़्यूमर्स' यानी बिजली बनाने वाले और इस्तेमाल करने वाले दोनों के रूप में सशक्त बनाने के सरकार के दृष्टिकोण को उजागर करता है। एक ऊंची ट्रांसमिशन संरचना अंतिम मील तक के संपर्क को दिखाती है, जबकि एक ईवी चार्जिंग स्टेशन और इलेक्ट्रिक स्कूटर स्वच्छ गतिशीलता और एक सतत परिवहन व्यवस्था को सक्षम करने में ऊर्जा क्षेत्र की भूमिका को दर्शाते हैं। झांकी का पीछे का हिस्सा हाइड्रोइलेक्ट्रिक, पवन और जियोथर्मल पावर इंस्टॉलेशन के ज़रिए भारत की अक्षय ऊर्जा की ताकत को दिखाता है, जो देश के बढ़ते स्वच्छ ऊर्जा के फुटप्रिंट का प्रतीक है। ''स्विचिंग ऑन इंडिया'' के साथ बनी संरचना, उन्नत नियंत्रण और निगरानी केंद्रों को दर्शाता है, जो ग्रिड की स्थिरता और बिना रुकावट बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करते हैं। मुड़े हुए बिजली के तारों जैसे दिखने वाली संरचना पर बनी यह झांकी, भारत के राष्ट्रीय पावर ग्रिड के पैमाने और मज़बूती को दिखाती है, जो लाखों घरों और उद्योगों को जोड़ता है। इस गणतंत्र दिवस पर इस खास पेशकश के ज़रिए, विद्युत मंत्रालय भरोसेमंद, सस्ती और टिकाऊ बिजली देने, आर्थिक विकास को बढ़ावा देने, ऊर्जा सुरक्षा को मज़बूत करने और विकसित भारत के दृष्टिकोण को ऊर्जा देने की अपनी प्रतिबद्धता को फिर से दोहराएगा।

## पंजाब सरकार बताए दस लाख का मेडिकल कवर देने के लिए कितना बजट रखा: अरविंद खन्ना

कैनविज टाइम्स संवाददाता

चंडीगढ़। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक अरविंद खन्ना ने पंजाब सरकार की शुरू की गई मुख्यमंत्री सेहत बीमा योजना को पंजाबियों के साथ खिलवाड़ बताया। उन्होंने कहा है कि प्रति वर्ष 10 लाख रूपये तक का मुफ्त चिकित्सा उपचार देने का वादा किया था, लेकिन हकीकत में उसने केवल एक लाख रूपये का बीमा किया गया है। शुक्रवार को भाजपा नेता अरविंद खन्ना ने एक बयान जारी कर कहा कि पंजाबियों को मूर्ख बनाने के लिए प्रचार का हथकंडा अपनाया जा रहा है। सरकार ने स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए अपने बजट में 761 करोड़ रूपये रखे थे, लेकिन किसी को भी चिकित्सा कवर का लाभ नही दिया गया। सरकार आयुष्मान भारत योजना में अपने हिस्से के 200 करोड़ रूपये का भुगतान करने में भी चूक की है, जिसके कारण 15 लाख लोगों को चिकित्सा उपचार देने वाली यह योजना बुरी तरह प्रभावित हुई है। उन्होंने कहा कि अगर सरकार राज्य में प्रति व्यक्ति 10 लाख रूपये तक का चिकित्सा बीमा कवर देने के बारे गंभीर है तो उसे 10 हजार करोड़ रूपये का बजट आवंटित करना होगा। भाजपा नेता ने कहा कि सरकार दावा कर रही है कि वह 1200 करोड़ रूपये खर्च करके इस योजना को चलाएगी। ऐसा इसीलिए है क्योंकि इस योजना के तहत प्रति व्यक्ति केवल 1 लाख रूपये चिकित्सा बीमा कवर दिया गया और सरकार ने राज्य स्वास्थ्य मिशन के कोष से अन्य दावों का भुगतान करने का वादा किया, इसका सीधा मतलब यह है कि पंजाबियों को केवल 1 लाख रूपये का ही चिकित्सा बीमा कवर मिलेगा।

# गुरुकुल कांगड़ी हर्षोल्लास के साथ मनाया गया वसंत पंचमी पर्व

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। गुरुकुल कांगड़ी समविश्वविद्यालय में वसंत पंचमी का पर्व गुरुवार को हर्षोल्लास और भव्यता के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय परिसर भक्तिमय एवं सांस्कृतिक वातावरण से सराबोर नजर आया।

कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यवाहक कुलपति प्रो. प्रभात कुमार ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया। अपने संबोधन में उन्होंने वसंत पंचमी को ज्ञान, संस्कृति और नवचेतना का पर्व बताते हुए कहा कि गुरुकुल कांगड़ी समविश्वविद्यालय की स्थापना भी वसंत पंचमी के पावन अवसर पर पुण्यभूमि कांगड़ी में हुई थी। उन्होंने कहा कि यह पर्व भारतीय संस्कृति और शिक्षा परंपरा का प्रतीक है। इस अवसर पर शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राओं द्वारा विविध सांस्कृतिक



कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। रंगोली प्रतियोगिता में प्रतिभागियों की सृजनात्मकता ने सभी का मन मोह लिया। वेद विभाग के प्रो. दिनेश चंद्र शास्त्री ने कहा कि ऋग्वेद में वसंत पंचमी का उल्लेख अनेक मंत्रों में मिलता है। उन्होंने बताया कि मां सरस्वती को ज्ञान और बुद्धि की देवी माना जाता है। छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों से उत्सव की शोभा और बढ़ गई। कल्चर अफ़ेयर्स डीन डॉ. मुदिता अग्निहोत्री ने बताया कि कन्या गुरुकुल परिसर, हरिद्वार की छात्राओं ने विभिन्न गीतों पर नृत्य प्रस्तुत किए। रंगोली प्रतियोगिता में बीटेक विभाग की छात्रा को प्रथम, जबकि अंग्रेजी विभाग की छात्राओं को द्वितीय और तृतीय पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम के दौरान सरस्वती वंदना, गीत-संगीत एवं नृत्य की मनोहारी प्रस्तुतियों को उपस्थित शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने सराहा। कार्यक्रम का संचालन डॉ. निशा शर्मा ने किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के समस्त शिक्षक, शिक्षिकाएं, शिक्षकेत्तर कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे

## फर्जी पासपोर्ट रैकेट का भंडाफोड़, घोषित भगोड़ा हार्देश उर्फ सोनू गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच (मध्य रेंज) ने फर्जी दस्तावेजों और जाली पासपोर्ट रैकेट में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। उसकी पहचान गाजियाबाद निवासी हार्देश उर्फ सोनू उर्फ आरपी के रूप में हुई है। लंबे समय से फरार चल रहे आरोपित को अदालत द्वारा भगोड़ा घोषित किया जा चुका था। क्राइम ब्रांच के पुलिस उपायुक्त विक्रम सिंह ने शुक्रवार को बताया कि आरोपित थाना स्पेशल सेल में दर्ज मामले में वांछित था। यह मामला आर्म्स एक्ट, पासपोर्ट एक्ट तथा बीएनएसएस की गंभीर धाराओं के तहत पंजीकृत है। पटियाला हाउस कोर्ट के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने 16 जनवरी 2026 को आरोपित को भगोड़ा घोषित किया था। पुलिस उपायुक्त के अनुसार क्राइम ब्रांच को मिली पुख्ता गुप्त सूचना और तकनीकी निगरानी के आधार पर टीम ने आरोपित की लोकेशन ट्रेस की और उसे गाजियाबाद में गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान आरोपित ने कबूल किया कि वह संगठित आपराधिक गिरोहों के सदस्यों के लिए फर्जी पासपोर्ट, नकली पहचान और जाली दस्तावेज तैयार कराने में सक्रिय रूप से शामिल था। जांच में सामने आया है कि आरोपित ने कुख्यात गैंगस्टर सलीम पिस्टल और नंदू गैंग से जुड़े कई अपराधियों के लिए जाली पासपोर्ट की व्यवस्था की थी।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063